* नगर संस्करण । पेज : 12 15.11. 2023 बुधवार कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 123 khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

जोहार

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

राज्य स्थापना दिवस

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND



धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर

श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री

का झारखण्ड की पावन धरती पर

हार्दिक अभिनंदन और जोहार

15 नवम्बर, 2023

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

श्री सी. पी. राधाकृष्णन
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 311361 (IPRD) 23-24

सीसीटीवी से निगरानी, ऊंची इमारतों पर स्नाइपर्स भी तैनात

सात लेयर में रहेगी प्रधानमंत्री की सुरक्षा, एसपीजी ने संभाला है मोर्चा

सड़क किनारे वाहन की पार्किंग पर रोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर 14 नवंबर को रांची पहुंचे। पीएम रांची और खूंटी में आयोजित कार्यक्रमों में आज हिस्सा लेंगे। कल रात 9 बजे सेना के विशेष विमान से प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन और राजभवन से लेकर खूंटी तक प्रधानमंत्री की 7 लेयर की सुरक्षा लगाई गयी है। तीन लेयर की सुरक्षा एसपीजी के हाथों में है। झारखंड पुलिस और स्पेशल ब्रांच की मौजूदगी में मोदी का काफिला एयरपोर्ट से राजभवन सड़क मार्ग से पहुंचा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगे तीन हजार से ज्यादा जवानों, रैफ की कंपनियों के अतिरिक्त तीसरी आंख से भी उनकी सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था दिखी। कंट्रोल रूम में तैनात टीम और ड्रोन से निगाह एयरपोर्ट से राजभवन तक रखी गयी। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में आइपीएस के अलावा डीएसपी स्तर के अधिकारी भी लगे रहे।

ऊंची बिल्डिंग से भी हो रही निगहबानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरने वाले हर रास्ते में पड़ने वाली सभी ऊंची इमारतों पर स्नाइपर्स तैनात किये गये हैं। ऐसे डेढ़ सौ ऊंची भवनों को चिह्नित कर वहां से निगहबानी की जा रही है।

दिल्ली के भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन का हुआ उद्घाटन

सूक्ष्म और लघु उद्योग को बढ़ावा देना सरकार का मुख्य लक्ष्य : चंपई सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

नई दिल्ली/रांची। दुनिया के सबसे बड़े मेले में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला प्रगति मैदान का मंगलवार से शुभारंभ हुआ। जी-20 समिट के बाद प्रगति मैदान में दूसरा बड़ा आयोजन किया जा रहा है। मेले में इस वर्ष की थीम वसुधैव कुटुंबकम्ब है। इसमें झारखंड प्रदेश फोकस स्टेट के रूप में भाग ले रहा है। झारखंड अपने प्रदेश की गरिमामई उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मेले में आज झारखंड के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने भगवान बिरसा की पूजा अर्चना कर मंडप का शुभारंभ किया। मंत्री ने मंडप की सभी स्टॉल का अवलोकन किया और प्रदर्शित की गई सभी स्टालों को सराहा। इस अवसर पर मंत्री ने कहा की झारखंड प्रदेश अपने खनिज भंडार और संस्कृत के लिए जाना जाता है। हम अपने प्रदेश के सूक्ष्म और लघु उद्योग को बढ़ावा देने का पूर्ण प्रयास कर रहे है।

उन्होंने कहा कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला अपनी परंपरा, संस्कृति और क्षेत्रीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का सुगम पटल है। इस अवसर पर झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह और उद्योग निदेशक भोर सिंह यादव उपस्थित थे।

बताते चलें कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उद्योग निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा बनाए गए इस मंडप में क्षेत्रीय उत्पादों के 20 स्टॉल लगाए गए है। यहां लोग झारखंड से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी और क्रय कर सकेंगे। साथ ही झारखंड सरकार के लगभग 14 विभागों के स्टॉल लगाए गए है। इसमें लोग विभाग के बारे में और योजनाओं की जानकारी ले सकेंगे।

खबर एक नजर में

राज्यपाल ने सीएम को दी शुभकामनाएं

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने नेहरू जी को दी श्रद्धांजलि

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

झाप्रसे के अधिकारी प्रणव पाल को प्रमोशन

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रणव कुमार पाल को बैक डेट से अपर समाहर्ता के पद पर प्रमोशन दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक विभाग की ओर से मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। झारखंड हाइकोर्ट की ओर से पारित आदेश और उनके व अन्य छह अधिकारियों के द्वारा प्रमोशन देने के लिए दिए गये आवेदन पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया है।

जेबीसीसीआई की मानकीकरण समिति में होंगे अल्टरनेट मेंबर

रांची/ कोलकाता। जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति में सभी श्रमिक संगठनों के अल्टरनेट मेंबर (वैकल्पिक सदस्य) होंगे। यह निर्णय मंगलवार को कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय में हुई समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन ने की। समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। रिवाईज्ड एचआरए, ट्रांसपोर्ट सब्सिडी एआउंस संबंधी आदेश निर्गत करने पर सहमति बनी। कई मामलों में ज्वाइंट कमेटी बनाने का निर्णय हुआ। बैठक में विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

जैक सचिव को बनाया प्रतिवादी

सहायक आचार्य के नियुक्ति विज्ञापन पर रोक लगाने से हाइकोर्ट का इनकार

जेएसएससी ने सहायक आचार्य के 26001 पदों के लिए निकाला है विज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सहायक आचार्य नियुक्ति के विज्ञापन को चुनौती देने वाली मनी लांग एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने प्रार्थी की हस्तक्षेप याचिका पर सुनवाई करते हुए सहायक आचार्य के विज्ञापन 13/2023 पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

दरअसल झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने प्राथमिक स्कूलों में सहायक आचार्य के 26001 पदों के लिए विज्ञापन निकाला है। मामले में कोर्ट ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के सचिव को प्रतिवादी बनाते हुए चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में होगी।

सहायक आचार्य के विज्ञापन संख्या 13/ 2023 को चुनौती देते हुए प्रार्थी ने सहायक आचार्य के पे स्केल एवं अन्य बातों को उठाया है। दाखिल याचिका में प्रार्थी का कहना है कि राज्य सरकार ने जो टेट परीक्षा ली थी वह सहायक शिक्षक पद के लिए ली थी। सहायक शिक्षक के पद की बजाय सहायक आचार्य पद के लिए कैसे विज्ञापन निकाला गया?

वर्ष 2016 में सरकार ने टेट परीक्षा आयोजित की थी लेकिन यह परीक्षा सहायक शिक्षक पद के लिए थी। बाद में पद का नाम सहायक आचार्य कर दिया गया और इसका पे स्केल भी सहायक शिक्षक के पे स्केल से कम कर दिया गया। अब सहायक आचार्य का नया पद बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया की जा रही है। इसलिए सहायक आचार्य के नियुक्ति विज्ञापन पर रोक लगाई जाए। मामले में झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं राकेश रंजन एवं प्रार्थी की ओर से ललित कुमार सिंह ने पैरवी की।

12 जिला जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

रांची। हाईकोर्ट ने जिला जज रैंक के 12 न्यायिक पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। साथ ही 28 जूनियर डिवीजन के न्यायिक पदाधिकारियों को सीनियर डिवीजन रैंक में प्रमोशन दिया गया है।

किस पदाधिकारी का कहां हुआ ट्रांसफर

- नमिता चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, जमशेदपुर
- श्वेता ढींगरा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, डाल्टनगंज
- पारस कुमार सिन्हा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, धनबाद
- कुमार साकेत, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, धनबाद
- शिवनाथ त्रिपाठी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गढ़वा
- भूपेश कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गुमला
- आयशा खान, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, डाल्टनगंज
- नीती कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, राजमहल (साहेबगंज)
- प्राची मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खूंटी
- पवन कुमार, अपर न्यायिक आयुक्त, रांची
- राजेश कुमार बग्गा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गिरिडीह
- नरंजन सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा

उत्तराखंड पहुंची झारखंड आपदा प्रबंधन विभाग से भेजी गयी तीन सदस्यीय टीम

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष की टीम ने उत्तराखंड आपदा प्रबंधन से मामले की जानकारी ली

उत्तराखंड आपदा प्रबंधन ने 40 श्रमिकों की सूची कंट्रोल रूम को साझा की, झारखंड के कुल 15 श्रमिक सूची में शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। उतराखंड के उत्तरकाशी में हुई दुर्घटना में फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए झारखंड आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एक तीन सदस्यीय टीम पहुंच गई है। जैप आईटी के सीईओ भुवनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में गई टीम ने उत्तराखंड के अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी ली। वहीं, मंगलवार को श्रमिकों के परिजनों से संपर्क किया गया तथा परिवार से श्रमिकों का सत्यापन किया गया। अब तक 9 श्रमिकों में 2 गिरिडीह, 3 खूंटी, 3 रांची, एक प. सिंहभूम के परिवारों से बातचीत कर पुष्टि हुई है।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष का 5 व्हाट्सएप फोन नंबर एवं 1 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। श्रम विभाग के प्रतिनिधियों की एक टीम निमार्णाधीन सुरंग में फंसे झारखंड श्रमिकों की स्थिति का जायजा लेने के लिये उत्तरकाशी पहुंच चुकी है। भुवनेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं। अधिकारियों एवं परिजनों ने श्रमिकों से पाइप के जरिये बात भी की है और श्रमिकों ने अपने सुरक्षित होने की बात बताई है। प्रतिनिधियों ने गिरिडीह जिला के बिरनी प्रखंड गिरीडीह के विश्वजीत कुमार वर्मा व सुबोध कुमार वर्मा से बातचीत किया व सभी झारखण्ड के 15 श्रमिक सुरक्षित पाये गये हैं। सभी श्रमिकों को एयरलिफ्ट कर झारखंड वापस लाया जायेगा।

आपदा प्रबंधन उत्तरकाशी, उत्तराखंड ने बताया कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और रेस्क्यू का कार्य अभी भी चल रहा है। सुरंग में फंसे श्रमिकों को पाईप के माध्यम से खाना और ऑक्सीजन पहुंचाया जा रहा है और श्रमिकों को कल तक पाइप के माध्यम से निकाल लिया जायेगा। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष सभी श्रमिकों के परिवार से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। उत्तरकाशी में फंसे मजदूरों की जानकारी के लिए जेएलसी राजेश प्रसाद और प्रदीप रॉबर्ट लकड़ा से क्रमशः 9431344109 एवं 9431160414 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय जिला परिषद,कोडरमा

Expression of Interest (EoI)

(Second Call)

15वें वित्त आयोग (अनाबद्ध मद) से कोडरमा जिलान्तर्गत लखीबागी स्थित कर्दम ऋषि पार्क में BEAUTIFICATION AND UP-GRADATION IN SERVICES OF KARDAM RISHI PARK IN KODERMA का कार्य किया जाना है। उक्त के आलोक में विभिन्न शर्तों के साथ मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक कम्पनी/फर्म **दिनांक 28.11.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक** संलग्न शर्तों के अनुरुप मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त EoI को दिनांक **28.11.2023 के अपराह्न 03:00** बजे इस हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

EoI की शर्तें, कार्य की विवरणी/उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट http://koderma.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद् कोडरमा

PR 311347 Panchayati Raj(23-24).D

खेलों के आयोजन को लेकर दो विभागों में जंग

रांची। एसजीएफआई प्रतियोगिता, सुब्रतो कप फुटबॉल, नेहरू कप हॉकी और खेलो झारखंड के आयोजन को लेकर खेल विभाग और शिक्षा विभाग में जंग छिड़ गयी है। खेल के आयोजन को लेकर दोनों विभाग आमने सामने हैं। इन खेलों के आयोजन को लेकर खेल सचिव मनोज कुमार ने शिक्षा सचिव के रवि कुमार को पत्र लिख कर मुख्यमंत्री के आदेशों से अवगत कराया है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने अनुमोदन कर झारखंड कार्यपालिका नियमावली के तहत खेल के प्रोत्साहन का जिम्मेदार खेल विभाग को बताया है।

प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस में तनवीर खान उपाध्यक्ष और अख्तर अली बने प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की विस्तारित कमिटी की सूची जारी कर दी गयी है। नई प्रदेश कमिटी में 13 उपाध्यक्ष 33 महासचिव 45 सचिव एवं 3 प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने बताया कि जारी नई प्रदेश कमिटी में उपाध्यक्ष-जोहान दिलीप डिग्गा, अब्दुल करीम अंसारी, तनवीर खान, गुरेज अख्तर अंसारी, मो इसराफिल, मो सगीर अंसारी, सैयद सिराज अब्बास रिजवी, वाहिद खान, खालिद खान, सरदार संतोष सिंह, महमूद अली, सतपाल सिंह ब्रोका, तस्लीमा मल्लिक शामिल है। वहीं प्रदेश प्रवक्ता- अख्तर अली, गुलाम सरवर रिजवी एवं खुर्शीद हसन रूमी को बनाया गया है।

महासचिव- अख्तर अली सोहराब अंसारी, मोहम्मद सलीम , कैसर खान, फजल खान, गुलाम रब्बानी मो. जिन्ना अंसारी, अमरजीत सिंह, गुलाम मुस्तफा, तौकीर अख्तर, गुरदीप सिंह, डॉ.अजमेर अली, अरसादुल कादरी, परवेज अहमद., बारिक अंसारी, क्लेमेंट टेटे, कमरुल हसन, मोहसिन आलम, साकिर खान, कलामुद्दीन प्रभावती, साजिद खान, गुलाम जावेद, सिम्मी कौर,मंजूर आलम, हाजी सिकंदर अंसारी, सनाउल्लाह खान, उमर खान, सराफत अंसारी मुसर्रत जबी, नूर मोहम्मद, रुस्तम अली, मोहम्मद जावेद इकबाल, हसनैन जैदी को बनाया गया है।

सचिव- एजाज अहमद, तैमुर अंसारी, जमीर खान, सोहराब अली, विकास जैन, अब्दुल रऊफ अंसारी, सैफ उद्दीन खान, शहनाज खान, महताब आलम सिद्दीकी, मोहम्मद असलम, अख्तर हुसैन, शाने रहमत, सलाम अंसारी,शहजाद कुरैशी, एस अफाक आलम, शहीद अंसारी, जावेद अंसारी, सद्दाम हुसैन, अकबर अली, मो तजुद्दीन खान, सदाब हुसैन रिज्वी, तस्लीम अंसारी, रोनक इकबाल, काशीफ राजा खान, मो फैयाज,गुलाम सरवर पिंकू, मो अफरिन रिज्वी, साबिर अहमद खान, मोहम्मद एकराम,मो. वसीम अकरम, अयूब अंसारी, गुलजार अंसारी, नेसाब अहमद, आर्मंड नसीम रूफी, मो तबारक, खालिद हया रश्मि, गुलाम मुस्तफा, मो जुबैर अंसारी, मरगुब आलम, फुलकेरिया डांग, संजय फेड्रिक, रिजवान खान, स्वाहरात हुसैन, दिनेश, तस्लीम अंसारी को बनाया गया है।

कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,सिमडेगा

मनरेगा अन्तर्गत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दावा एवं आपत्ति संबंधी सूचना

मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची का प्रकाशन जिले के वेबसाईट www.simdega.nic.in में कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति लिखित रूप में दिनांक 11.11.2023 से दिनांक 18.11.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा में आवेदन (आवेदक का नाम, Application no., क्रम संख्या, मोबाईल नं0 एवं त्रुटि की विवरणी) दस्तावेज/कागजात के साथ हाथों–हाथ अथवा ई–मेल पता drda_simdega@rediffmail.com के माध्यम से दे सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,सिमडेगा

PR 311342 Simdega(23-24).D

Government of Jharkhand
Institute of Public Health
Department of Health, Medical Education & Family Welfare, Jharkhand

Registration No.-47/2021-2022 E-mail- iphjharkhand20@gmail.com, Phone No.-0651-2261142

Admission Advertisement

Certificate program in Geriatric-Care Assistance course

Advt. No. –03/2023/IPH-Geriatric Care Assistance

Institute of Public Health, Namkum invites applications for admission in Geriatric Care Assistance course certified by IGNOU from eligible candidates who have completed Intermediate (10+2) in Science (preferably Biology) from a recognized Institute with 45% marks in aggregate.

The selected Candidates will undergo six month training including theory and clinical practice.

Details of the seats, desired qualification, age etc. are mentioned herein below:-

Sl. No.	Name of the Course	No. of Seats	Essential Qualification	Age Limit
1	Geriatric Care Assistance	30 (UR-13, EWS 2, ST 8, SC 3, BC-I -2, BC-II -2)	Intermediate/10+2 with Science Preferably Biology from a recognized Institute.	Minimum 17 Years Maximum 35 Years

Submission of Application.	Online Mode- http//recruitment.jharkhand.gov.in
Starting date for Application Submission	15th November, 2023
Last date of Application Submission	25th November, 2023 05:00 PM

Interested candidates can see detailed instructions and apply online in the above mentioned website - http//recruitment.jharkhand.gov.in

Director, IPH
RCH Campus, Namkum, Ranchi

PR.NO.310820 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

झारखंड बनने के बाद पहली बार कोई मुख्यमंत्री माओवादियों की मांद में पहुंचा बूढ़ा पहाड़

सीएम हेमंत का नक्सलवाद पर चोट, विकास पर जोर

बूढ़ा पहाड़ की सफलता ने ध्वस्त की रेडकॉरिडोर की कहानी...

उदय चौहान

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने नक्सलवाद पर चोट व विकास पर जोर दिया है। इसी के तहत घोर नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के रेड कॉरिडोर से ध्वस्त किया गया है। बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त कर विकास की नयी कहानी लिखी गयी। झारखंड बनने के बाद पहली बार हेमंत सोरेन जैसे किसी मुख्यमंत्री ने नक्सलियों की मांद में पहुंचकर जनता से रूबरू हुये। झारखंड के 23 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब किसी अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र को नक्सल मुक्त घोषित किया गया। गणतंत्र दिवस के ठीक अगले दिन 27 जनवरी 2023 को एक ऐसे इलाके में भारतीय संविधान का पाठ पढ़ाया गया, जहां कई दशकों तक सिर्फ माओवाद का पाठ पढ़ाया जाता था। झारखंड देश का अति नक्सल प्रभावित राज्य माना जाता है। बूढ़ा पहाड़ से ही माओवादी झारखंड और बिहार के नक्सलियों को गुरिल्ला वार की ट्रेनिंग देते थे। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के ट्रेनिंग सेंटर को पूरी तरह तबाह कर दिया और वहां अपना कब्जा जमा लिया। हेमंत सोरेन राज्य के पहले ऐसे सीएम बने जो बूढ़ा पहाड़ गये थे। सुरक्षाबलों का मिशन बूढ़ा पहाड़ नक्सल विरोधी अभियान के लिए रोल मॉडल बन गया।

नक्सल इलाके के लिए डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की घोषणा

झारखंड बनने के बाद पहली बार किसी खास इलाके को नक्सल मुक्त करवाया गया। नक्सल मुक्त इलाके के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने 200 करोड़ की लागत से बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की घोषणा की। बूढ़ा पहाड़ और उसके आस-पास के 12 गांव के लिए विकास योजना का खाका तैयार किया गया। दरसअल, बूढ़ा पहाड़ के इलाके में 30 वर्षों से भी अधिक नक्सलियों का कब्जा रहा। सितंबर 2023 में माओवादियों के खिलाफ अभियान ऑक्टोपस शुरू किया गया था। दिसंबर 2023 में सुरक्षाबलों ने बूढ़ा पहाड़ पर कब्जा जमा लिया। एक माह बाद सीएम हेमंत पूरी टीम के साथ बूढ़ा पहाड़ पहुंचे और अभियान में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाया।

माओवादियों ने बूढ़ा पहाड़ को बनाया था यूनिफाइड कमांड और ट्रेनिंग सेंटर

उल्लेखनीय है कि 2012-13 में माओवादियों ने बूढ़ा पहाड़ को यूनिफाइड कमांड और ट्रेनिंग सेंटर बनाया था। इससे पहले लातेहार का सरयू माओवादियों का यूनिफाइड कमांडर और ट्रेनिंग सेंटर था। 2011-12 में सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव के बाद माओवादियों ने सरयू के इलाके से यूनिफाइड कमांड और ट्रेनिंग सेंटर को हटा कर बूढ़ पहाड़ में शिफ्ट कर दिया था लेकिन सरयू का इलाका नक्सल मुक्त नहीं हुआ था। बूढ़ापहाड़ को पहली बार नक्सल मुक्त कहा गया है। तीन दशक में बूढ़ा पहाड़ अभियान के दौरान 56 से अधिक जवान शहीद हुए थे। जबकि 133 से अधिक ग्रामीणों की जान गई है। बूढ़ा पहाड़ माओवादियों के झारखंड, बिहार, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ कॉरिडोर का हिस्सा है। माओवादियों के रेड कॉरिडोर में बूढ़ा पहाड़ सबसे बड़ा जंक्शन था। बिहार के छकरबंधा और सारंडा के बीच बूढ़ पहाड़ एक मजबूत किला था। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के रेड कॉरिडोर को बंद कर दिया और बूढ़ा पहाड़ पर कब्जा जमा लिया। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नक्सल विरोधी अभियान के तहत एक बड़ा संदेश देने के लिए बूढ़ा पहाड़ पहुंचे थे। इससे पहले झारखंड में हिंसक घटना होने के बाद सीएम जिला मुख्यालय या राज्य मुख्यालय में जाया करते थे। इलाके में हो रहा बदलाव, मिशन बूढ़ा पहाड़ की बड़ी सफलता है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

जोहार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

राज्य स्थापना दिवस

धरती आबा भगवान

बिरसा मुंडा

की जयंती पर राज्य स्थापना दिवस समारोह

झारखण्ड के अमर वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों के संघर्ष और शहादत को शत-शत नमन



दिनांक - 15 नवम्बर, 2023 | समय - अपराह्न 02:00 बजे से
स्थान - मोरहाबादी मैदान, राँची

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

जोहार

समारोह के मुख्य बिंदु

- **₹1,714 करोड़** के कुल 229 योजनाओं का **उद्घाटन**
- **₹5,328 करोड़** के कुल 677 योजनाओं का **शिलान्यास**
- **आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार** कार्यक्रम का शुभारंभ
- **अबुआ आवास योजना** और **मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना** का शुभारंभ
- **रोजगार मेला** के तहत **18,034 युवाओं** को ऑफर लेटर वितरण
- **सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना** के तहत वर्ष 2023-24 में **5.5 लाख** से अधिक किशोरियों को **₹261 करोड़** की सहायता राशि वितरण
- खेल प्रोत्साहन नीति के तहत 70 खिलाड़ियों को लगभग ₹2 करोड़ का **नकद पुरस्कार** वितरण
- **ये पॉलिसी होंगे लॉन्च**
  - झारखण्ड स्टार्टअप पॉलिसी 2023
  - झारखण्ड एम.एस.एम.ई प्रमोशन पॉलिसी 2023
  - झारखण्ड निर्यात पॉलिसी 2023
  - झारखण्ड आई.टी., डाटा सेंटर एवं बी.पी.ओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023

श्री सी. पी. राधाकृष्णन
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 311363 (IPRD) 23-24

स्पीड न्यूज

नगर कांग्रेस कमिटी ने मनायी चाचा नेहरू की जयंती

हुसैनाबाद पलामू। जपला हैदरनगर रोड स्थित नगर कांग्रेस कमिटी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमिटी के नगर अध्यक्ष रणजी पासवान ने की। मौके पर कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शशी कुमार, कांग्रेस नेता मसरूर अहमद ने पंडित नेहरू की तस्वीर के समक्ष दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर शशी कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायको में से एक पंडित नेहरू भी थे जिन्हें स्वतंत्रता के बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। देश में प्यार से नेहरू चाचा की उपाधी मिली। मसरूर अहमद ने आजादी के लड़ाई में कांग्रेस के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर शैलेश सिंह, मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान, अर्जुन सिंह, अवधेश सिंह, शिवराम पासवान, रितिक कुमार, सुनील पासवान समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक के प्रयास से स्वयंसेवको को मिला प्रोत्साहन राशि

पाटन पलामू। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी के प्रयास से वर्षों से लंबित पाटन प्रखंड के स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन राशि भुगतान कर दिया गया। स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन राशि वर्षों से लंबित था भुगतान नहीं किया जा रहा था। इसकी जानकारी पाटन के स्वयंसेवकों द्वारा पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा को दिया गया। विधायक ने इस पर त्वरित संज्ञान में लेते हुए पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा से बात किया तथा भुगतान करने का निर्देश दिया। दीपक कुमार मिश्रा ने भी तत्परता दिखाते हुए इस दीपावली के मौके पर स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि भुगतान कर दिया। दीपावली छठ पर्व के अवसर पर प्रोत्साहन राशि मिलने पर स्वयंसेवकों ने विधायक को धन्यवाद दिया तथा खुशी जाहिर किया। विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि विधायक के द्वारा पाटन के स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि दिलाकर दीपावली का गिफ्ट दिया है जो कि सराहनीय कार्य है।

मुरमा में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

पंडवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के मुरमा में सोमवार को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व उप प्रमुख पंडवा विरेन्द्र सिंह व पूर्व मुखिया मुरमा पंचायत उपेंद्र नाथ सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उदघाटन किया। मौके पर उप प्रमुख ने आदर्श क्लब मुरमा के सदस्यों की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। मौके पर पूर्व मुखिया मुरमा उपेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि मोबाइल के इस दौर में नवयुवको का प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर डीलर फरेश महतो, दिलीप सिंह, आलोक सिंह, रामटहल सिंह, परमेश्वर मेहता, सवारथ मेहता, सुजीत मेहता, देवेन्द्र मेहता, मिथिलेश मेहता, विनोद बैठा, नरेश चंद्रवंशी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में अरुण खतरनाक ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत से लोगों का खुब मनोरंजन किया।

भाजपा आज मनायेगी बिरसा मुंडा की जयंती

मेदिनीनगर। आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जिले में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा। सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष अपने मंडल में कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छता का कार्यक्रम करेंगे एवं शाहिद बिरसा मुंडा की प्रतिमा या चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालेंगे। मेदनीनगर में स्टेशन रोड अवस्थित शाहिद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर कल सुबह 10:00 बजे माल्यार्पण किया जाएगा।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधायक करेंगे छठ पूजा सामग्री का वितरण

पांकी विधानसभा के 32 हजार घरों में छठ पूजा सामग्री का वितरण किया जायेगा : विधायक डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता विगत कई वर्षों से छठ पूजा के अवसर पर पूजन सामग्री का वितरण करते आ रहे हैं। इसके तहत इस वर्ष भी मौर्या फार्म हाउस में वितरण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। सर्वप्रथम लेस्लीगंज पंचायत के छठ व्रतीयोयों के बीच पूजा सामग्री का थैला वितरण का शुभारंभ विधायक डॉक्टर शशी भूषण मेहता , उनकी पत्नी किरण मेहता ,पुत्री सिम्मी मेहता, वरिष्ठ समाजसेवी रामदास साहू, मुखिया रेखा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विधायक डा मेहता ने कहा कि लोक आस्था का महान पर्व छठ पूजा के समय पूरे सनातन धर्मावलंबियों में हर्ष व्याप्त हो जाता है। इसके साथ ही इस पर्व में लोग हृदय खोलकर पवित्रता के साथ सहयोग प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा के अवसर पर पूजन सामग्री का वितरण पांकी विस क्षेत्र के प्रत्येक गांव में छठपूजन सामग्री का वितरण वैसे घरों में किया जायेगा जिस घर में छठ का अनुष्ठान हो रहा है। कहा कि विधानसभा के हर घर में छठी मईया खुशहाली दे इसके लिए सूर्य उपासना का महान छठ व्रत उनके लिए अमृत समान होता है। विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के 32 हजार घरों में पूजन सामग्री का वितरण कार्यकर्ताओं के द्वारा जाकर किया जायेगा। इसकी सफलता को लेकर मौर्या फार्म हाउस में पैकेटिंग करने का काम किया जा रहा है। जिसका उदघाटन मंगलवार को किया गया। सामग्री का वितरण बुधवार से प्रारंभ किया जायेगा। मेहता ने कहा कि इस पैकेट में धोती, साड़ी, कंबल, पूजन सामग्री रहेगा। भाजपा कार्यकर्त्ता पूजा सामाग्री के पैकिंग व वितरण कार्य में लग कर अपने क्षेत्र के छठ व्रतियों तक पूजन सामग्री पहुचाने में अपनी भूमिका निभा कर पुण्य का भागी बने। उन्होंने भाजपा कायकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप अपने प्रखंड, पंचायत व गांवों में जाकर प्रत्येक हिंदू घरों की सूची तैयार करें जिनके यहां छठ पूजा हो रहा है। वैसे लोगों की सूची तैयार कर मौर्या फार्म हाउस में जमा कर सूची के अनुसार पूजन पैकेट प्राप्त कर घरों में वितरण करने का काम करें। यह एक ऐतिहासिक कार्य ही नहीं बल्कि पुण्य का भी काम है। लोक आस्था के महान पर्व छठ एक ऐसा पर्व है जिसमें पवित्रता के साथ काफी साफ सुथरे तरीके से लोग पर्व करते हैं। इस पर्व से सभी के मन में यह भय बना हुआ रहता है कि हमसे कहीं किसी प्रकार की गलती या अचूक न हो जाये। कारण कि भगवान भुवन भाष्कर व छठी मैया इसका प्रतिफल तुरंत दे डालते हैं। इसलिए इस पर्व में कोई भी व्यक्ति विघ्न बाधा डालने का प्रयास नहीं करता है। यह कार्यक्रम निरंतर आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि छठ माता के आशीर्वाद से ही उन्हें कार्य करने की ऊर्जा प्राप्त होती है। इस मौके पर विधायक के परिवारजन के साथ आरडी साहु, बच्चन ठाकुर, लाला यादव, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद, लाला प्रसाद यादव, संजय चंद्रवंशी, कमेश यादव, दिलीप पांडे, छोटेलाल सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी रामराज सिंह, महेश यादव समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

महायज्ञ का बैनर पोस्टर फाड़ने वाले हैं सर्व सनातन धर्म विरोधी : डॉ शशिभूषण

धर्मविरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया यह कुकृत्य घृणित व निंदनीय है

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर। जिला में पहली बार बैरिया हाउसिंग कॉलोनी के मैदान मे भव्य व ऐतिहासिक श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें विश्व प्रसिद्ध कथावाचक पंडित श्री देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज पधार रहे है। यह कार्यक्रम 21 नवंबर को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होकर 28 नवंबर तक चलनेवाला है। इसकी सफलता को लेकर महायज्ञ समिति के द्वारा पूरे पलामू जिला में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार, पोस्टर लगाकर एवं अन्य माध्यमों से किया जा रहा है। इकसे तहत पांकी विस क्षेत्र में भी श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह भागवत कथा का पोस्टर, बैनर लगाया गया है। इस यज्ञ की सफलता को लेकर पांकी विस क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता अपने विधानसभा क्षेत्र में जोर शोर से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। साथ ही किसी भी समारोह में जाकर महायज्ञ की चर्चा करते हुए काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी लोगों को भाग लेने का आग्रह कर रहे हैं। इस संबंध में विधायक डॉ मेहता ने मौर्या फार्म हाउस में प्रेस वार्ता में कहा कि यह यज्ञ पलामू के लिए जहां ऐतिहासिक होगा वहीं दूसरी ओर विश्व स्तरीय यज्ञ बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांकी बिधानसभा क्षेत्र से पचीस हजार श्रद्धालु कलश यात्रा मे भाग लेंगे। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड व पंचायतों व प्रमुख स्थानों पर पोस्टर लगाया गया है। जिसमें नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के जगतपुरवा मोड़ पर एक बड़ा पोस्टर लगाया है जिसे बीती रात्रि हिंदू धर्म विरोधी असमाजिक तत्वों द्वारा बैनर फाड़कर पांकी विस क्षेत्र में आक्रोश फैलाने का कुकृत्य प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म विरोधी सनातन धर्म विरोधी एवं मेरे राजनीतिक विरोधी बैनर फाड़कर पांकी विस क्षेत्र में अशांति का माहौल कायम करना चाहते हैं। वैसे लोगों की मानसिकता इतनी गिर चुकी है कि वे धर्म अनुष्ठान को भी अपना राजनीतिक हथियार बना रहे हैं। वैसे लोगों से पांकी विस क्षेत्र की जनता सजग रहे। मेहता ने विस क्षेत्र के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है।

आप अपना धैर्य बनाये रखें। वैसे समाज विरोधी सनातक धर्म विरोधी ताकतों से निपटने के लिए मैं सक्षम हूं। आप सभी यज्ञ को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। विधायक डॉ मेहता ने कहा की धर्म विरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया यह घृणित कार्य अत्यामत निंदनीय है। इससे सर्व सनातन समाज को गहरा ठेस पहुंचा है। उन्होंने कहा कि ऐसे धर्म विरोधी असामाजिक ताकतों की मंसूबा को कभी सफल नहीं होने देंगे। साथ ही धर्म कार्य में व्यवधान पहुंचाने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। प्रेस वार्ता में विधायक प्रतिनिधि सह अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव समेत कई लोग शामिल थे।

पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट को दिनचर्या में करना होगा शामिल : कौशल

मेदिनीनगर। पर्यावरण भवन में अपने परिजनों के साथ विश्व पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने हिमाचल व हरियाणा में मिले अवार्ड से सम्बंधित जानकारी अपने परिजनों व प्रकति बचाओ अभियान से जुड़े लोगों से देते हुए कहा कि जबतक सभी लोग पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट को अपनी दिनचर्या में शामिल नहीं कर लेते तबतक जल व ऑक्सीजन संकट का स्थायी निदान नहीं हो सकेगा। पर्यावरणविद ने परिजनों के साथ पूजा अर्चना कर लोगों को प्रकृति की रक्षा करने का संदेश दिया। वहीं उन्होंने जिला पार्षद अमित जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल के साथ बाल दिवस, गायडाढ़, गोवर्धन पूजा पर आयोजित कई कार्यक्रम में शामिल हुए।

बेबी केयर किट से नवजात का होगा सही देखभाल : उपायुक्त

बाल विवाह पर रोक लगाने संबंधी कार्य करने हेतु रोल मॉडल के रूप में तीन बच्चियों को मिला प्रोत्साहन राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। बाल दिवस के अवसर पर उपायुक्त शशि रंजन ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जन्म लिए नवजात शिशु के लिए उनकी माताओं को बेबी केयर किट का वितरण किया। वहीं सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान अंतर्गत बाल विवाह पर रोक लगाने संबंधी कार्य करने हेतु रोल मॉडल के रूप में आरती, रानी एवं नंदनी को प्रोत्साहन राशि के रूप में 5-5 हजार का चेक प्रदान किया। साथ ही उपायुक्त द्वारा समाहरणालय के ब्लॉक बी में स्तनपान कक्ष-सह-चेंजिंग रूम का उदघाटन किया गया। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से सभी कार्यक्रम बाल दिवस के अवसर पर आयोजित की गई। किट वितरण कार्यक्रम में 40 नवजात बच्चों के लिए उनकी माताओं को बेबी केयर किट का वितरण किया गया। किट में नवजात की जरूरत के सभी सामान उपलब्ध थे।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बेबी केयर किट से नवजात की सही देखभाल हो सकेगी। माताएं नवजात को स्वस्थ एवं स्वच्छ रख सकेंगी। इधर, उप विकास आयुक्त रवि प्रकाश ने स्तनपान कक्ष सह चेंजिंग रूम का निरीक्षण कर अवलोकन किया। उन्होंने यहां ठंड के मौसम के मद्देनजर गर्म पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने एवं इसका नियमित संचालन का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि स्तनपान कक्ष-सह-चेंजिंग रूम में समाहरणालय भवन अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में कामकाजी महिला पदाधिकारी, महिला कर्मचारी तथा समाहरणालय भवन में किसी कार्य के संबंध में आने वाली सभी धात्री महिलाएं इससे लाभान्वित होंगी। विदित हो कि 'सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन' अभियान पलामू जिले में 31 अक्टूबर से 14 नवंबर तक चल रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन में झारखंड राज्य बाल संरक्षण समिति यूनिसेफ एवं जेएसएलपीएस की भागीदारी है। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, डॉ आरके रंजन, डीपीएम स्वास्थ्य दीपक कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान, यूनिसेफ के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ तवरेज आलम, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार वरेण्यम, सदस्य धिरेंद्र किशोर एवं सुधा देवी आदि उपस्थित थे।

सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा
(भू-अर्जन शाखा)
प्रपत्र VI
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

प्रारम्भिक अधिसूचना का प्रारूप
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1)के अधीन)

अधिसूचना सं०– ..... दिनांक– .....

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि मौजा –सिहरजोर, थाना न0 –26, थाना/ अंचल–बांसजोर, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – कोलेबिरा (SH-04) गांगुटोली जामटोली (SH-04) पर भाग–1 कि0मी0 0.00 से कि0मी0 10.36 एंव भाग –2 22.00 से 38.95 कुल लम्बाई 28.31 कि0मी0 पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा –सिहरजोर, थाना न0 –26, थाना/अंचल–बांसजोर, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश 0.595 एकड़ यानि 0.2408 हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है–

क्रम संख्या	खाता सं0	सर्वे भूखण्ड सं0	स्वमित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम	सीमा भूखण्ड संख्या				वृक्ष		संरचनाएँ	
							उ0	द0	पु0	प0	किस्म	संख्या	प्रकार	क्षेत्रफल एरिया sft.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	26	1778	रैयती	टांड–तीन	0.03	रेंजन भेंगरा पिता पतरस मुण्डा, मनसिद्ध मुंडा वो कुलन भेंगरा पेसरान गबरियल मुंडा, प्रभुसहाय वो सावन मुंडा पेसरान समुएल मुंडा	1781	1714	1849/सड़क	1777	–	–	–	–
2	8	1909	जीरात मालिक	दोन–एक	0.02	लहरू सिंह पिता मकुंद सिंह, भंगरू सिंह पिता धरकु सिंह, मुखराम सिंह वो शनिचर सिंह वो सावन सिंह वो दुर्योधन सिंह पेसरान विसम्बर सिंह	1908	1910	1905	1849	–	–	–	–
3	102	2008	रैयती	दोन–एक	0.01	शादे सिंह पिता सिरदयाल सिंह, पैतु सिंह पिता बंधनु सिंह, बिहानु सिंह पिता भुखन सिंह, जतरू सिंह वो बिरसा सिंह वो कमल सिंह पेसरान माधो सिंह	2006	2010	2005	1849/सड़क	–	–	–	–
4	102	1833	रैयती	दोन–एक	0.03	शादे सिंह पिता सिरदयाल सिंह, पैतु सिंह पिता बंधनु सिंह, बिहानु सिंह पिता भुखन सिंह, जतरू सिंह वो बिरसा सिंह वो कमल सिंह पेसरान माधो सिंह	1834	1832	1849	1832	–	–	–	–
5	103	2006	रैयती	दोन–एक	0.08	शादे सिंह पिता सिरदयाल सिंह, पैतु सिंह पिता बंधनु सिंह, बिहानु सिंह पिता भुखन सिंह, जतरू सिंह वो बिरसा सिंह वो कमल सिंह पेसरान माधो सिंह	1849	2008	2007	1849	–	–	–	–
6	10	1835	जीरात मालिक सिकमी	दोन–दो	0.02	बिरसा सिंह पिता सुकरू सिंह, मोदन सिंह वो गोवर्धन सिंह पेसरान करटु सिंह, राजकुमार सिंह पिता भेदी सिंह	1843	1849/सड़क	1849	1834	–	–	–	–
7	10	1843	जीरात मालिक सिकमी	दोन–दो	0.04	बिरसा सिंह पिता सुकरू सिंह, मोदन सिंह वो गोवर्धन सिंह पेसरान करटु सिंह, राजकुमार सिंह पिता भेदी सिंह	1844	1835	1849	1837	–	–	–	–
8	11	1852	गैरमजरूआ जीरात मालिक	परती कदीम	0.02	बिरसा सिंह पिता सुकरू सिंह, मोदन सिंह वो गोवर्धन सिंह पेसरान करटु सिंह, राजकुमार सिंह पिता भेदी सिंह	1851	1907	अंश	1849	–	–	–	–
9	39	1917	रैयती	दोन–एक	0.07	सुशील पिता मार्कल, प्रभुसहाय सुरिन पिता जुनाथन	1910	1904	1918	1849/सड़क	–	–	–	–
10	14	1851	जीरात मालिक	टांड़ तीन	0.09	एतवा सिंह पिता करन सिंह, सुरेन्द्र सिंह वो कृष्ण सिंह वो राम सिंह वो लक्ष्मण सिंह पेसरान जेंदु सिंह					–	–	–	–
11	25	2012	रैयती	टांड़–तीन	0.03	क्रिपिर भेंगरा वो सुनिल भेंगरा वो रोषन भेंगरा पेसरान निरतार मुण्डा	2011	2013	2015	1849/सड़क	–	–	–	–
12	13	2010	रैयती	टांड़–तीन	0.03	क्रिपिर भेंगरा वो सुनिल भेंगरा वो रोषन भेंगरा पेसरान निरतार मुण्डा	2008	2011	2012	1849	–	–	कच्चा मकान	–
13	121	1908	गैरमजरूआ खास	परती कदीम	0.04	गैरमजरूआ मालिक	1852	1909	1905	1849	–	–	–	–
14	121	1850	गैरमजरूआ खास	परती कदीम	0.03	गैरमजरूआ मालिक	कुलामारा सिमाना	1851	1853	1849	–	–	–	–
15	13	2011	रैयती	टांड तीन	0.03	तुरन मुण्डा	2010	2012	2014, 2015	1839	–	–	–	–
16	57	1788	रैयती	टांड़ तीन	0.02	लोहरा चीक	1789	1778	1849	1787, 1783	–	–	कच्चा मकान	–
17	11	1845	रैयती	परती कदीम	0.005	बिरसा सिंह पिता सुकरू सिंह, वगै0	1844	1846	नीज	सड़क	–	–	–	–
कुल					0.595									

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा –11 (1) उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा** के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समूचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टी करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4)के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा– 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से **साठ (60)** दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा** के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
सिमडेगा

PR 311338 (Simdega)23-24*D

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में 55 श्रद्धालु यज्ञ मंडप में साकल हवन करेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

कानपुर के ब्रह्मचारी समेत वाराणसी के 22 विद्वान पंडित संपन्न करेंगे हवन कार्यक्रम

22 नवंबर से महिला व पुरुष श्रद्धालु कर सकेंगे यज्ञशाला की परिक्रमा

मेदिनीनगर। बाईपास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी परिसर में 21 नवंबर से आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में 55 श्रद्धालु यज्ञ मंडप में साकल हवन करेंगे। यज्ञ मंडप में कूल 11 कुंडों का निर्माण कराया गया है। प्रत्येक कुंड के पास पांच-पांच श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। उक्त बातें श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम के यज्ञशाला प्रभारी कृष्णकांत चौबे ने कही। वे मंगलवार को यज्ञशाला परिसर में यज्ञ से संबंधित बातचीत कर रहे थे। कहा कि कुंड पर बैठने के इच्छुकब्रह्मचर्य पालन कर सकने वाले सात्विक प्रवृत्ति के व्यक्ति उनसे मिलें। यज्ञशाला में निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। बताया कि माताएं-बहनें श्रद्धालु 22 नवंबर से यज्ञशाला की परिक्रमा कर सकेंगे। कहा कि संत श्री गौरवानंद जी महाराज के सानिध्य में कानपुर के अद्वैत विज्ञान मठ दंडी आश्रम के कर्मकांड मर्मज्ञ ब्रह्मचारी उदितानंद जी महाराज यज्ञ संपन्न कराएंगे। उनके साथ वाराणसी के 22 विद्वान पंडित सहयोग के रूप में यज्ञ कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। मुख्य संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, कृष्णकांत चौबे, प्रवीण सिंह, नवीन तिवारी, आशीष भारद्वाज, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, रवि शर्मा, सुशील तिवारी, लल्लू पांडेय, संजय कुमार मिश्रा, विकाश दुबे, बृजेश शुक्ला, सचिव विशाल पांडेय, श्वेतांग गर्ग, शुभम दुबे, प्रदीप दुबे, संजय पांडेय, सौरभ दुबे, ज्ञानेश तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, चंदन तिवारी, अनिल दुबे, आर के चंदन, अविनाश शुक्ला, प्रवक्ता आशुतोष पांडेय (लक्की), महेंद्र सिंह, सतीश पांडेय, सोशल मीडिया प्रभारी रुपेश तिवारी, गोरख पाठक, बिट्टू दूबे, अजीत चौबे, दिलीप तिवारी, आनंद प्रकाश दुबे, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मीना गुप्ता, श्वेता तिवारी रानी शर्मा, संजू शुक्ला, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ की तैयारी कर रहे हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला ने दी।

भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण आज, उपस्थिति प्रार्थनीय

मेदिनीनगर। आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तथा झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर अंतर्गत स्टेशन रोड में अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम पूर्वाह्न 10 बजे होना निश्चित हुआ है। साथ ही अपराह्न 5 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, मेदिनीनगर में स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। माल्यार्पण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी स्थानीय पदाधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों को उपस्थित होकर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण का अनुरोध किया गया है।

रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। दीपावली पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले ने पुरस्कारों का वितरण किया। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी छात्र छात्राओं को कलम और उपहार प्रदान किया गया। मौके पर एस्ले ने पंडित नेहरु के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव रीना और संचालन प्राचार्य मोनिका एक्का ने किया। मौके पर शिक्षिका नूतन कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा रोमिता, फिलिसिया तिरकी, पूनम खेस, मिताली विश्वकर्मा, मनीष गुप्ता, संजय कुजूर, निधि कुमारी, अल्बीना एक्का, इबरार अंसारी, अफजल अंसारी, नवीन पांडेय, आफताब अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

मंत्री भोक्ता ने चेड़ी जतरा मेला का किया उदघाटन

मनातू (पलामू)। मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रंगेया पंचायत के ग्राम नावा चुनका में चेड़ी जतरा मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया। आपको बता दें कि नृत्य संगीत और प्रकृति के प्रति अगाध प्रेम की झारखंड संस्कृति की पहचान है। उक्त बातें मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कही। मंत्री ने कालीकरण मेन रोड से चेड़ी जतरा मेला तक रोड देने का आश्वासन दिया। जिससे विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे ऐतिहासिक मेला का निरंतरता बनी रहे। चेड़ी जतरा मेला मेला में पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता भी चेड़ी स्थान का आशीर्वाद लिया। जतरा मेला कार्यक्रम में मंत्री ने अपने हाथों से चेक एवं साइकिल, साड़ी, शर्ट पैंट और कौशल विकास में उत्रीण बच्चों एवं बच्चियों नियुक्ति पत्र सौंपा।

संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

विश्रामपुर (पलामू)। पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के विश्रामपुर व पाटन शाखा में पंडित जवाहरलाल नेहरु का जयंती बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर निदेशक एन के तिवारी ने पंडित नेहरु के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर प्राचार्य आर के सिंह, रिंकी कुमारी, निधि राय, आरती, लक्ष्मी, नीतू, मंजू शर्मा, दिव्या सिंह, विकाश सहित कई लोग मौजूद थे।

नगर संस्करण । पेज : 12 | 15.11.2023 बुधवार | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 123 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

जोहार
भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

राज्य स्थापना दिवस

जोहार : पुष्पवर्षा से पीएम का भव्य स्वागत

रोड शो के दौरान सड़कों पर गूंजता रहा मोदी... मोदी... का जयघोष

- कड़ी सुरक्षा में पीएम मोदी का काफिला राजभवन पहुंचा

खबर मन्त्र टोली

रांची। धरती आबा बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर नमन करने पीएम मोदी झारखंड की दो विसीय यात्रा पर मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ दे कर उनका स्वागत किया। रांची में पुष्पवर्षा और परंपरागत तरीकों से पीएम का जोरदार स्वागत किया गया। जगह-दगह महिलाएं आरती की थाल लिए पीएम के स्वागत में खड़ी थीं। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में उमंग था। एयरपोर्ट से पीएम मोदी का काफिला राजभवन पहुंचा। एयर पोर्ट से राजभवन तक सड़क की दोनों ओर खड़े लोगों का पीएम ने अभिवान स्वाकार किया।

मोदी के स्वागत में उमड़ी राजधानी रांची

एयरपोर्ट से निकले मोदी की एक झलक पाने के लिए रांची की जनता बेताब थी। एयरपोर्ट रोड, हिनू रोड, अरगोड़ा चौक, हरमू रोड, भाजपा ऑफिस, रातू रोड से लेकर वैसे जगहों पर पीएम का स्वागत में लोगों का हुजूम इमड़ पड़ा। गुलाबी सर्द के बीच दीपों से लिखित मोदी के नाम भी जगह-जगह पर चमकते-दमकते नजर आये। अरगोड़ा चौक पर लोगों ने टॉर्च जलाकर उनका स्वागत किया। कार से उतरकर उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। 15 नवंबर की सुबह पीएम रांची में भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क व संग्रहालय का दौरा करेंगे। इसके बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू (खूंटी) रवाना होंगे।

मोदी की झलक पाने को बेताब दिख रहे थे लोग

- खूंटी में पीवीटीजी मिशन और विकसित भारत संकल्प यात्रा आज करेंगे लॉन्च
- मंच पर बायीं ओर बैठेंगे हेमंत सोरेन, कड़िया मुंडा, बाबूलाल, नीलकंठ

बिरसा मुंडा की धरती पर 45 मिनट रहेंगे पीएम मोदी, देंगे कई सौगात

पीएम मोदी के खूंटी दौरे को यादगार बनाने को लेकर खूंटी को दुल्हन की तरह सजाया गया है। अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। खूंटी से 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती यानी 'जनजातीय गौरव दिवस' के मौके पर पीएम मोदी राज्य और राष्ट्र को कई योजनाओं की सौगात देंगे। समारोह में मंच पर पीएम की बायीं ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पद्मभूषण कड़िया मुंडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के बैठने की व्यवस्था है। वहीं दायीं ओर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा विधायक कोचे मुंडा और झामुमो विधायक विकास मुंडा बैठेंगे। हैलीपैड से कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पीएम मोदी का पारंपरिक तरीके से स्वागत होगा। पीएम के मंच पर आने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 11.34 बजे स्वागत भाषण देंगे। **(शेष पेज 11 पर)**

राज्य स्थापना दिवस आज, झारखंड सज-धज कर तैयार

नियुक्ति पत्र व कई योजनाओं की सौगत देंगे सीएम हेमंत

अधिकारियों संग समारोह स्थल का जायजा लेने पहुंचे सीएम हेमंत।

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर पूरा झारखंड सज-धज कर तैयार है। मुख्य कार्यक्रम राजधानी के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में अपराह्न दो बजे से शुरू होगा, जो करीब डेढ़ घंटे तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार के द्वारा स्थापना दिवस के मौके पर 1714.44 करोड़ रुपये की कुल 229 योजनाओं का उद्घाटन एवं 5328.30 करोड़ रुपये की कुल 677 योजनाओं का शिलान्यास होगा। राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण की उपस्थिति में आपकी योजनाएं, आपकी सरकार, आपके द्वार के तीसरे चरण का शुभारंभ होगा। नयी योजनाएं और पॉलिसी भी लांच होंगी। किशोरियों और युवाओं को सम्मान के साथ-साथ हुनरमंदों को आफर लेटर भी दिया जायेगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पुरस्कार की राशि दी जायेगी। कई योजनाओं का शिलान्यास होगा।

18 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर

राज्य स्थापना दिवस पर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए 5,55,652 किशोरियों को 261 करोड़ रुपये की सहायता राशि का वितरण किया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 70 खिलाड़ियों के बीच करीब 02 करोड़ पुरस्कार राशि बंटेगी। कार्यक्रम स्थल में श्रम विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेला में 18,034 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रीगण सौंपेंगे।

ये योजनाएं व पालिसी लांच होंगी : समारोह में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा लांच की जानेवाली योजनाओं और पॉलिसी में झारखंड स्टार्ट अप पॉलिसी 2023, झारखंड प्रमोशन पॉलिसी 2023, झारखंड निर्यात पॉलिसी 2023 और झारखंड आईटी, डाटा सेंटर तथा बीपीओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023 शामिल हैं। वहीं, अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना प्रमुख है।

सीएम ने लिया समारोह स्थल का जायजा

सीएम हेमंत सोरेन ने स्थापना दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों का मंगलवार को जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को कई निर्देश दिये। सीएम ने कहा कि समारोह में शामिल होने वाले लोगों और लाभुकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान सीएस सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, मनीष रंजन, अमिताभ कौशल, राजेश शर्मा, मनोज कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्शी और डीसी व एसएसपी समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	57,400 रु./10 ग्राम
चांदी	:	75,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

पहला सेमीफाइनल

आज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में अबतक अजेय रही टीम इंडिया पहले सेमीफाइनल में आज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले को लेकर भारतीय खिलाड़ी पूरे जोश में हैं। टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन रोमांचक रहा है। जहां भारतीय बल्लेबाजी उत्कृष्ट रही है, वहीं गेंदबाजों ने भी अपना काम बखूबी निभाया है। अपने ग्रुप-स्टेज के सभी नौ मैच जीतने वाली टीम इंडिया का लक्ष्य न्यूजीलैंड से 2019 में मिली हार का बदला लेना होगा। मेन इन ब्लू 1983 और 2011 में मिली पिछली जीत के बाद अपने संग्रह में इस साल तीसरी ट्रॉफी जोड़ने की स्थिति में मजबूती से खड़ी दिख रहे हैं।

खबर मन्त्र

रांची.बुधवार .15 नवंबर 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

उम्मीद शेष ...

आज झारखंड का स्थापना दिवस है। एक बड़ी राजनैतिक सफलता जिससे सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रुप से राज्य को फलने फूलने का अवसर प्रदान किया। राज्य एक युवा, कर्मठ और यशस्वी मुख्यमंत्री के जिम्मे है। इनके पास राजनीति की समृद्ध विरासत है और राजनीतिक स्थिरता भी। राज्य का चेहरा जब शांत, उदार और कर्तव्यनिष्ठ हो तो निश्चित तौर पर एक बड़ी उम्मीद बढ़ती है। राज्य धीरे-धीरे समृद्ध भी हो रहा है और प्रगति भी कर रहा है। लेकिन वर्तमान समय जिस प्रकार की मांग कर रहा है उस पर कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास अब एक परिपक्व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम है, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की बेहतरीन समझ साथ ही उनके पास कुछ कर गुजरने की अदम्य इच्छाशक्ति भी है। राज्य निमार्ण के दो दशक बाद अब राज्य के आधारभूत संरचना को तेजी से विकास हुआ है लेकिन समय की मांग है कि यह गति और तेज हो। राज्य के संसाधनों का उचित उपयोग के साथ राज्य के राजस्व में किसी प्रकार का लीकेज न हो यह आवश्यक है। आज का समय राज्यों के आत्मनिर्भर होने के लिये राज्य की अपनी आय और केन्द्र पर निर्भरता कम होना आवश्यक है। देश के विकसित राज्यों की बात करें तो वे लगातार अपने संसाधनों से आधारभूत संरचना का विकास कर रहें जिससे निवेश और रोजगार की बड़ी संभावना बन रही है। आज बिहार जैसे पिछड़ें राज्य का बजट दो लाख रुपये से अधिक हो गया है। निवेश के लिये पर्याप्त सक्रियता और कार्यपद्धति में विकास के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता शेष है जिसकी उम्मीद पूरी आबादी को आने वाले समय में है। राज्य का भविष्य कोयले के सहारे न चले हम ऊर्जा के श्रोत का विकास करें,शिक्षा और स्वास्थ्य के दिशा में तेज चलें।

ग्रामीण व्यापार

भारत को प्राचीन समय में सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है। इसके चलते ग्रामों में प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है इस कारण गरीबी की मात्रा भी शहरों की तुलना में ग्रामों में अधिक दिखाई देती है।

श्रेष्ठ योद्धा, गौरव हैं झारखंड के जनजातीय लड़ाका

खास बात

चुनौती बरकरार

सुधांशु कुमार

अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ हम आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर स्वागत करते हैं। भाजपा की केन्द्र सरकार के कैबिनेट ने दिनांक 10 नवंबर, 2021 ई. को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जन्म जयन्ती दिवस 15 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर ''राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस'' के रूप में संकल्प पारित करके अधिकृत रूप से मान्यता दे दी है। देश की आजादी के 70 सालों में जनजाति समाज को ऐसी गौरवमयी सौगात पहली बार मिली है और यह सौगात हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के द्वारा दी गयी है।

देश के इतिहासकारों का मानना है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को मिली सफलता के पीछे झारखंड के जनजातीय, पहाड़ी इलाकों में जनजातियों द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ लड़े गये युद्धों में मिली सफलता का अविस्मरणीय योगदान रहा है। झारखंड के वनप्रांत में निवास कर रहे हरेक जनजाति समुदायों यथा; मुण्डा, हो, कोल, उराँव (कुड़ुख़), संथाल, भूमिज, चेरो, खरवार, खड़िया आदि की सबसे बड़ी भूमिका रही है। ये जनजातियां अपने स्वतंत्र जीवन और स्वाभिमानी प्रवृति के कारण अपनी अस्मिता-जंगल, जल, जमीन के प्रति अगाध प्रेम और आस्था के साथ पूर्वजों की धरोहर अपनी परम्परा, धर्म-संस्कृति, संस्कार, सामाजिक रीति-रिवाज, रूढ़ी, प्रथा की रक्षा के लिए किसी से भी, किसी भी स्तर पर युद्ध लड़ने के लिए सदैव तत्पर रहा। चाहे वह षोषक जमींदार, साहूकार या शक्तिशाली ब्रिटिश हुकुमत ही क्यों न हो। जनजाति समाज ने वीरता पूर्वक युद्ध लड़ा और उसके वीर योद्धाओं, विरंगनाओं ने अपने प्राणों आहूति दे दी। झारखंड के जनजाति समुदायों द्वारा किए गए युद्धों की नामी दास्तानें इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। सन् 1764 ई में ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया की कम्पनी सेना के साथ हुए पलासी के युद्ध में कम्पनी सेना की जीत और सन् 1765 ई.में नवा मीर कासिम से बिहार, ंगाल, उड़ीसा की दीवानी (कर प्राप्ति का अधिकार) मिलने के वाद से लेकर अगले दो सौ सालों तक जनजातियों के साथ युद्ध लड़ते ही रहना पड़ा। जनजातियों ने ब्रितानियों को कभी चैन से नहीं रहने दिया और जनजातियों ने फिरंगियों की दासता कभी स्वीकार नहीं की।

छोटानागपुर-संथाल परगना, पलामू और कोल्हान अर्थात् वर्त्तमान झारखंड़ के जनजाति इलाकों में अनेक जनजाति वीर योद्धाओं ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लागातार युद्ध लड़ते हुए अपने प्राणों की बली दी उनमें से एक महज 25 वर्षीय एक युवा वीर योद्धा ने अपनी अदम्य ईच्छा शक्ति, साहस और चमात्कारिक नेतृत्व प्रतिभा की बदौलत झारखंड की इस पावन भूमि में अपने जनजाति समुदाय का नेतृत्व किया और अंग्रेजों के साथ युद्ध की दुनिया के समक्ष एक ऐसी मिसाल कायम की कि उसकी युद्ध दास्तान आज भी दुनिया को विस्मय कर देती है। उसने एक ऐसे क्रांति और युद्ध की शुरूआत की जिसे आज हम उलगुलान (क्रांति) के नाम से जानते हैं। उस योद्धा की वीर गाथा आज इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित है। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में उस सासे कम उम्र के वीर क्रांतिकारी योद्धा ने अपनी विलक्षण नेतृत्व क्षमता की बदौलत ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ जनजातियों का एक ऐसे अप्रतिम क्रांति और युद्ध का सूत्रपात किया जो अपने पूर्वजों की परम्परा, संस्कृति, सभ्यता, धर्म-संस्कार के साथ-साथ जमीन, जल, जंगल को अक्षुण्ण रखने और अपनी मातृभूमि-अबुआ दिशुम की सुरक्षा और संरक्षण के लिए था। इसलिए जनजाति समाज उन्हें भगवान का दर्जा देता है और पूरी दुनिया उसे भगवान बिरसा के रूप याद करती है। उनके अकल्पनीय बलिदान ने, न केवल जनजाति समाज को बल्कि पूरे देश को असीम गौरव और सम्मान का अनुभव कराया है। यही कारण है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने उनके जन्म दिवस- 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। यह देष के समस्त ज्ञात-अज्ञात जनजाति वीर योद्धाओं और शहीदों के प्रति भर असीम सम्मान नहीं है। बल्कि देश के समूचे जनजाति समाज के लिए गर्व के साथ स्वाभिमान और सम्मान की भी बात है। झारखंण्ड निवास करने वाले साढ़े तीन करोड़ झारखण्डियों और खास कर जनजाति समाज के लोगों के लिये तो सासे सुखद और गौरान्वित करने वाला क्षण है।

- शिवशंकर उरांव

अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लागातार युद्ध लड़ते हुए अपने प्राणों की बली दी उनमें से एक महज 25 वर्षीय एक युवा वीर योद्धा ने अपनी अदम्य ईच्छा शक्ति, साहस और चमात्कारिक नेतृत्व प्रतिभा की बदौलत झारखंड की इस पावन भूमि में अपने जनजाति समुदाय का नेतृत्व किया और अंग्रेजों के साथ युद्ध की दुनिया के समक्ष एक ऐसी मिसाल कायम की कि उसकी युद्ध दास्तान आज भी दुनिया को विस्मय कर देती है।

भगवान बिरसा मुन्डा का जन्म एक अत्यंत गरीब खेती किसानी करने वाले जनजाति परिवार में तिथि 15 नवंबर, दिन बृहस्पतिवार को सन् 1875 ई.में हुआ था। इसलिए उसका नाम बिरसा रखा गया था। उसकी माता का नाम कदमी मुण्डा और पिता का नाम सुगना मुण्डा था। वह कदमी एवं सुगना मुण्डा की चौथी संतान था। सुगना मुन्डा का खुंटकट्टी गांव उलिहातु था। लेकिन उसका परिवार जीवनयापन के लिए गांव कुटुम्बदा जाकर रहने लगा था, जहां बिरसा मुन्डा के बड़ें भाई कोमता और बड़ी बहन दसगीर का जन्म हुआ। उसके बाद यह परिवार ग्राम बम्बा चला गया, जहां बिरसा मुन्डा और बड़ी बहन चम्पा मुन्डा का जन्म हुआ था। बिरसा मुन्डा के जन्म के कुछ समय बाद सुगना मुन्डा को बम्बा को भी छोड़ना पड़ा और गांव चलकद जाकर रहना पड़ा जहां बिरसा मुन्डा का जन्म संस्कार पूरा किया गया था। बिरसा का अपनी बड़ी बहन चंपा खूब स्नेह और प्रेम था। सुगना मुन्डा की पत्नी कदमी मुन्डा अयुबहातू निवासी डीबर मुंडा उनका बचपन ननिहाल गांव अयुाहातु में बीता। उसकी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम सलमा में जयपाल नाग द्वारा चलाये जा रहे विद्यालय में हुई। बिरसा मुंडा को जयपाल नाग ने ही प्रारंभिक शिक्षा दी थी।

हम सभी जनजाति समाज के लोग अपने भगवान बिरसा मुन्डा, धरती आबा को ऐसा सम्मान प्रदान करने वाले हमारे देश के प्रिय पीएम मोदी जी के प्रति आभार अभिव्यक्त करें। इस खुशी के क्षण को गांव-गांव तक पहुंचाएं और आजादी के 75 वें साल में देश भर में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के साथ-साथ हम जनजाति समाज के लोग जनजाति गौरवोत्सव मनाएं।

(लेखक भाजपा एसटी मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष हैं।)

वर्ष 2000 में बड़े प्रदेश बिहार से अलग होकर बने झारखंड की आबादी 3.29 करोड़ (2011 की जनगणना) है, जो 33,000 गांवों में फैले लगभग 120,000 आवासों में रहते हैं। प्रदेश में लगभग 38 प्रतिशत लोग अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों के वंचित समुदायों के हैं। भारत का लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधन झारखंड में है और इसका 28 प्रतिशत वन क्षेत्र है। प्रदेश ने वर्ष 2000 से पिछले 20 वर्षों में 11 सरकारें/मुख्यमंत्री और तीन बार राष्ट्रपति शासन देखा है। प्रदेश में शिशु और पाँच साल से कम आयु की मृत्यु में पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरावट देखी गयी है। हालांकि, नवजात मृत्यु दर में गिरावट की दर आदिवासी समुदायों वाले जिलों में अधिक है। नवजात शिशुओं की देखभाल में जेंडर भेद दिखता है और विशेष नवजात देखभाल इकाइयों में लड़कों की तुलना में चुनिंदा लड़कियाँ ही भर्ती होती हैं। यद्यपि मातृ मृत्यु दर में गिरावट देखी गयी है, लेकिन यह अभी भी राष्ट्रीय औसत से अधिक है और पलामू और संथाल परगना क्षेत्रों में बहुत अधिक है।

झारखंड में लगभग हर दूसरा बच्चा नाटेपन का शिकार है (उम्र के अनुपात में कम लंबाई) से ग्रस्त है, और दस में से तीन बच्चे कमजोर होते हैं (लम्बाई के अनुपात में कम वजन)। संख्या के लिहाज से, प्रदेश में पाँच वर्ष से कम आयु के लगभग 20 लाख बच्चे विकास अवरुद्धता से ग्रस्त हैं, जो बिहार के बाद भारत में विकास अवरुद्धता का उच्चतम अनुपात है। कई दुर्गम क्षेत्र और प्रशिक्षित कार्यबल का आभावकार्यबल , विशेष रूप से विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता, प्रदेश के लिए एक बड़ी चुनौती है। राज्य में लगभग हर तीसरी महिला कुपोषित है, और प्रजनन योग्य आयु की हर दस में से लगभग सात महिलाएँ खून की कमी से ग्रस्त हैं। 6-59 माह की आयु के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे खून की कमी से पीड़ित हैं। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम)-एमआईएस के अनुसार प्रदेश व्यापी ग्रामीण स्वच्छता का कवरेज अब 100 प्रतिशत है।

श्रेष्ठ आचरण

विचार-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

चित्रकूट में भरत के आगमन पर लक्ष्मण क्रोध में थे। राम ने कहा उसमें युद्ध की कौन सी बात है? लक्ष्मण बोले भरत जी सेना सहित आ रहें हैं और उनका मन दूषित हो गया है। शायद सेना सहित इसलिये आ रहें हैं कि राम को जंगल में खत्म कर दूं ताकि चौदह वर्ष के वनबास के बाद ये पुनः न लौट सके। श्री राम ने लक्ष्मण को डांटा- तुम मेरे भरत को नहीं जानते हो। संसार में असंभव भी संभव हो जाए, कुछ भी हो जाए लेकिन भरत के अदंर कभी भी अहंकार और द्वेष की भावना नहीं घुस सकती। अयोध्या का राज तो बहुत छोटा हैअगर ब्रह्मा विष्णु और महेश तीनों भरत को मिल जाए फिर भी उन्हें राममद नहीं हो सकता है। मैं अपने भरत को इतना जानता हूं। उनको आने दीजिए।

जब भरत जी आए हैं तो राम के सम्मुख जैसे लाठी गिरायी जाती है वैसे दंड की तरह वे धरती पर गिर गये। हाथ जोड़कर खड़ें हो गये बोले प्रभु मैं अपराधी हूं। मेरे कारण ही सारा कांड हो गया। पिता की मृत्यु हो गयी। आपको जंगल आना पड़ा। सबका कारण मैं ही हूं। श्री राम ने कहा भरत जी आप निर्दोष हैं। जो कुछ होना था वह हुआ।

जब श्रीराम भरत से बात कर रहे थे तब लक्ष्मण की स्थिति देखने लायक थी। न वे आकर मिल ही पा रहे थे और न ही वे वहां से हट ही पा रहे थे। भरत मुनि के साथ वशिष्ठ मुनि भी थे और अनेक लोग थे। जंगल में रहने वाले वनवासी भी वहां थे।

(ब्रह्म विद्यायल सह आश्रम)

बार-बार बात होती है कि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता का निर्धारण हो। इसे लागू करना संभव भी है। पर हम ये न भूलें कि झारखण्ड के हर क्षेत्र में खातियानी रिकॉर्ड के साथ काफी हेरफेर हुआ है और कई जगहों से पन्ने भी गायब हैं।उनका क्या होगा जिनके नाम नहीं, गायब हो गए या कर दिए गए?

- महेश पोद्दार, सांसद

आपके ट्वीट

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गरीबों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की संजीवनी दे रही है। कोडरमा जिले में 17, हजारीबाग जिले में 42 और गिरिडीह जिले में 31 अस्पताल आयुष्मान भारत के तहत सूचीबद्ध हैं। **-अन्नपूर्णा देवी**

यह धरा सत्य से ही प्रतिष्ठित है।सत्याचरण की फलश्रुति स्वयं सत्य नारायण हैं ! वस्तुतःजीवन रूपी वृक्ष का मूल भी सत्याचरण और सदाचार ही है।आचरण जितना शुद्ध-परिष्कृत होगा सद्प्रवृत्तियां उतनी ही फलीभूत होंगी। **-स्वामी अवधेशानंद गिरी**

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयार हो युवा झारखंड

बाबूलाल मंराडी

झारखंड आज 23वर्ष का युवा प्रदेश हो गया। ऐसा युवा जिसमे असीम ताकत हो,असीम संभावनाएं हों,जिसे अकूत संपत्ति का खजाना मिला हो,जिसे प्रकृति ने अपने हाथों से सौंदर्य दिए हों। जी हां ऐसा ही झारखंड जहां के लोग बोलते हैं तो गीत बन जाता है,चलते हैं तो संगीत बन जाता है।

अमर शहीद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ,सिदो कान्हु,चांद भैरव,फूलो झानो,तिलका मांझी,नीलांबर पीतांबर, जतरा टाना भगत,बुधु भगत जैसे हुतात्माओं की प्रेरणा से ओत प्रोत यह धरती आज भी कोख में अमीरी और गोद में गरीबी की कहावत को चरितार्थ कर रही है।अलग झारखंड के पहले अर्थात 15नवंबर 2000के पूर्व झारखंड की जनता ने क्षेत्रीय विसमताओं का दंश झेला जिसके कारण अलग राज्य की मांग उठी थी लेकिन झारखंड बनने के बाद यदि 23वर्षों में भी झारखंड विकास के निर्धारित लक्ष्य को नहीं पा सका,गरीबी नही मिटी,आज भी लोग भोजन वस्त्र आवास के बिना जीने को मजबूर हैं तो शासक वर्ग के नीति और नीयत पर प्रश्न खड़ा करना राज्य की जनता का बुनियादी हक है। कहा जाता है कि जिस ओर जवानी जाती है उस और जमाना चलता है। इसलिए राज्य की युवा शक्ति जिसकी आबादी एक करोड़ के करीब होगी को राज्य की दशा और दिशा पर अवश्य सोचना चाहिए।

स्थापना दिवस

आज प्रदेश में वैसी युवा शक्ति है जिनका जन्म संयुक्त बिहार में हुआ है और वैसे युवा भी है जिनका जन्म झारखंड में हुआ। दोनो के पास अनुभव है।राजनीतिक ,सामाजिक सोच है। बेरोजगारी से लड़ने की संघर्ष शक्ति है,उन्हे पता है कि 23वर्षों में किसकी सरकार ने राज्य को विकास के पायदान पर ऊपर पहुंचाया और किसने अपने परिवार , पैसे केलिए काम किए।आज की दिन दलीय कमियों को गिनाने का नही है लेकिन एक बार मन में सही गंभीर समीक्षा करने की जरूरत है। चाहे अलग राज्य के गठन की बात हो या फिर सड़क,बिजली,स्वास्थ्य,शिक्षा,पानी सिंचाई ,कृषि क्षेत्र में राज्य को आगे बढ़ाया और किसने राज्य को जमीन लूट,खान खनिज की लूट,पत्थर,कोयले की लूट में झोंक दिया।जल ,जंगल,जमीन ,आदिवासी समाज के उत्थान,युवाओं के रोजगार पर जनता से वोट मांगना आसान होता है परंतु नीति और नीयत के अभाव में उसे जमीन पर उतारना बहुत कठिन होता है। 23वर्षों के युवा झारखंड का आधा समय इसी झूठ फरेब ने बर्बाद कर दिया। काम करने वाली सरकारें जिनकी नियत नीति दोनो साफ रही उनके खिलाफ झूठ का तूफान खड़ा किया गया।

लेकिन अब जिम्मेवार उम्र में झारखंड पहुंच गया।यह उम्र परिवार की जिम्मेवारी संभालने का उम्र है।और इस काल में हुई चूक या भटकाव जीवन को कष्टों में झोंकने जैसा है।आज का दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन है। भगवान बिरसा मुंडा जैसे महान विभूति को ईश्वर ने झारखंड की धरती पर जन्म दिया।श्रद्धेय अटल जी की सरकार ने जन भावनाओं के अनुरूप राज्य का गठन भी आज के दिन ही किया।और अब तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 15नवंबर को जनजाति गौरव दिवस घोषित कर न सिर्फ जनजाति समाज का सम्मान बढ़ाया बल्कि पूरे विश्व में झारखंड को नई पहचान दी,महिमा मंडित किया।

मैं समस्त झारखंड वासियों को ऐसे महान दिन पर नमन करते हुए शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही युवा शक्ति से राज्य को भ्रष्टाचार के दलदल से निकाल कर विकसित झारखंड बनाने केलिए संकल्पित होने का आह्वान करता हूं। (भाजपा अध्यक्ष झारखंड प्रांत)

झारखंड का आईटी हब बनने की दिशा में पिछड़ गया

सुधांशु कुमार

ईश्वर ने झारखंड को खूबसूरत बेशुमार नेमतों से नवाजा है। सौभाग्य से राज्य के सीएम हेमंत सोरेन युवा और ऊर्जावान है। परंतु झारखंढ में विथापन और पलायन एक बड़ी समस्या है। इस दिशा में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान समय में आईटी क्षेत्ररोजगार देने में सबसे अधिक सक्षम है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 5.19 प्रतिशत आईटीका योगदान है। देश में 46 लाख से अधिक लोग आईटी सेक्टर में कार्य करते हैं। भारत में वर्तमान समय में बंगलुरूविश्व में तेजी से बढ़ता सबसे बड़ा आईटी हब के रूप उभरा है। लंदन के अंतराष्ट्रीय व्यापर और निवेश एजेंसी डील रूम डॉट कॉम द्वारा जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। आर्थिक राजधानी मुम्बई आईटी हब के मामले में 6 स्थान पर है। बंगलुरू को आईटी हब बनाने के लिए 540 फीसदी निवेश बढ़ा है। 2020 में 1.3 अरब डॉलर से बढ़कर 7.2 अरबडॉलर का निवेश हुआ। 2016 से ही बंगलुरू लगातार आईटी के क्षेत्र में विकास कर रहा है। आज यह पूरे देश के लिए आइकॉन है। यहाँ लगभग 37 प्रतिशत युवाओं को आईटी के क्षेत्र में रोजगार मिला है। हैदराबाद भी आईटी हब है।

झारखंड, बिहार और उत्तरप्रदेश के बाद देश में सबसे अधिक युवा आबादी वाला तीसरा राज्य है। झारखंड में 25 वर्ष की युवाओं की जनसंख्या 46.9 प्रतिषत है। राज्य में बेरोजगार युवाओं की जनसंख्या साढ़े आठ लाख से अधिक है।बहुत सारे योग्य युवा दूसरे राज्य में जाकर नौकरी करते हैं। रोजगार के लिए राज्य से एक बड़ी आबादी पलायन करती है। यदि राज्य सरकारआईटी के क्षेत्र में ध्यान दे तो एक बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। एक आईटी कम्पनी स्थापित होती है तो उसमें 3 से 5 हजार लोगों रोजागर मिलते हैं। ऐसे में यदि झारखंड में देशी-विदेशी आईटी कम्पनियों की स्थापना कर दी जाये तो राज्य की एक बड़ी युवा आबादी को रोजगार मिल जायेगी। राज्य सरकार यदि ध्यान दे तो राज्य सेबेरोजगारी को दूर करने में आईटी क्षेत्र महत्वपूर्ण भूभिका अदा कर सकता है। राज्य के बहुत सारे ऐसे शहर हैं, जहाँआईटी कम्पनियों को स्थापित किया जा सकता है। राँची, दुमका, धनबाद, साहेबगंज, हजारीबाग, डालटेनगंज, चतराआदि शहरों का उपयोग आईटी के लिए सार्थक साबित हो सकता है। राज्य एक रिपोर्ट के अनुसार पहले स्थान पर है। यदि राज्य मेंआईटी कंपनियों की स्थापना होगी तो साइबर अपराध के मामलें भी कम होंगे। बहुत सारे साइबर अपराध में संलग्नयुवा आईटी से जुड़कर सही काम कर राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकते हैं। नौजवानों को आईटी की ट्रेनिंग देकर उनका उपयोग किया जा सकता है। इस क्षेत्र में विशेष डिग्री प्राप्त कर दूसरे राज्य एवं विदेश में कार्य कररहे युवाओं को यहाँ रोका जा सकता है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना करनी होगी। भारत मेंआईटी सेक्टर युवाओं को रोजगार देने में सबसे आगे है। अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण यह क्षेत्र तेजी सेऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। आईटी कंपनियों को स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है कयोंकि यहाँ जमीन अधिग्रहण एक बड़ी समस्या है। बड़ी कंपनियों को आमंत्रित करना ही होगा।

विशेष

कार्टून वर्ल्ड

लेटर टू एडिटर

विसंगतियों की शिक्षा

आर्थिक मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। शिक्षा नीति योजना के संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

-अनिल कौशिक, रांची

शासन की जवाबदेही

पुलिस और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

-सुखबीर, जमशेदपुर

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का हो जल्द भुगतान : शैलेश कुशवाहा

भुरकुंडा (रामगढ़)। चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2019 की राशि भुगतान को ले मंगलवार को रामगढ़ उपायुक्त को 599 किसानों की सूची सौंपा है। पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने बताया कि पतरातू प्रखंड अंतर्गत दर्जनों गांवों के सैकड़ो किसानो को प्रधानमंत्री फसल बीमा 2018 का पैसा मिल चुका है। जबकि कुछ किसानों के अकांउट में त्रुटि होने के कारण पैसा नहीं मिल सका है। उन किसानों का भुगतान के लिए पूर्व में किसानो की सूची पैक्स द्वारा जमा कर दी गई है। जिनका भुगतान शुरू होना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा 2019 का भुगतान होने में काफी विलंब हो रहा है जिससे किसान चिंतित हैं। चिकोर पैक्स अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने 2019 की राशि भुगतान को ले उपायुत रामगढ़ को 599 किसानों की सूची सौंपकर यथाशीघ्र भुगतान करने की मांग की है।

जल्द बनेगा मंदिर : संतोष यादव

भुरकुंडा (रामगढ़)। शास्त्री पार्क के समीप पानी टंकी कॉलोनी में मंगलवार को श्री द्वारिका धीश राधे-कृष्ण मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित लिलेश्वर पांडेय द्वारा भूमि पूजन, हवण आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह कृष्णभक्त संतोष यादव ने बताया की जल्द ही मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जायेगा। ताकि भगवान श्री कृष्ण व राधे मां की कृपा से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि का आगमन होता रहे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से मंदिर निर्माण कार्य में तन-मन-धन से सहयोग कर पूण्य का भागी बनने का आहवान किया। मौके पर अखिल भारतीय गौ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय, जुगल नायक, प्रेमनाथ साहु, मनोज सिंह, अशोक रजक, बिजेन्द्र पासवान, धनंजय कुमार सिंह, भगवान सिंह, मोहन यादव, कपिल पासवान, रवि, सोनी, कल्लू, सोनू सहित दर्जनों श्रद्धालु भक्तगण मौजूद थे।

मां काली की प्रतिमा का विसर्जन

रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बड़कीपोना में विराजमान मां काली की प्रतिमा का मंगलवार को छठ तालाब में विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष फिर से आने वादा लिया। जब माता के विदाई की बेला आई, तो मां से दूर होने का गम कमोबेश हर भक्तों के अश्रुपूरित आंखें स्पष्ट बता रही थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने काफी मायूसी के साथ माता को विदा किया। मौके पर संरक्षक रमेश कुमार दांगी, अध्यक्ष प्रदीप कुमार, सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष रामचंद्र देव, उप सचिव संतोष कुमार, उपकोषाध्यक्ष प्रेम कुमर सहित अमृतलाल मुंडा के अलावा बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

बरही में युवक का शव बरामद

बरही।रालो नदी के पास 30 वर्षीय युवक अजय भुइयां पिता स्व. छद्दू भुइयां का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है।घटना की जानकारी तत्काल बरही पुलिस को दी गयी। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना स्थल से मोटरसाइकिल भी बरामद हुआ है।

विश्व हिन्दू परिषद की बैठक संपन्न

रामगढ़। विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई । बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार एवं प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को पूरे देश भर में लाइव देखा जाएगा और हमारे संगठन के सभी कार्यकताओं को इस महापर्व के दिन अपने आस पास के क्षेत्रों में स्थित मंदिरों को सजाकर उसमे दीपक जलाए हुए स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ मिलकर विधिवत पूजा पाठ एवं आरती करते हुए टेलीविजन पर लाइव प्रसारण के माध्यम से देखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं की हमारे पूर्वजों के पांच सौ वर्ष की लड़ाई और बलिदान के बाद हमें हमारे अराध्य श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होते देखने का अवसर मिल रहा है । जिसे हम एक बड़ी दीपावली के रूप मे मनाएंगे।

ए ला एंग्लाइज विद्यालय में मना बाल दिवस

भुरकुंडा (रामगढ़) ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेडरी विद्यालय में मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मोत्सव बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर एवं विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि दी।

खदान में धंसी चाल , युवक की मौत

कुजू। तोपा खुली खदान में अवैध कोयला खनन के दौरान चाल धंसने से एक युवक की मौत के मामला प्रकाश में आया है। लेकिन मृतक के परिजन इस घटना से साफ इंकार कर रहे है। वहीं क्षेत्र में घटना की चर्चा सरेआम हो रही है। बताया जाता है कि रविवार की अहले सुबह ग्रामीण महिला-पुरुष अवैध रूप से कोयला खनन कर रहे थे। इसी दौरान खदान की चाल धंसने से मंगरदाहा के एक युवक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से बाहर निकाल कर आनन-फानन में उसका दाह संस्कार कर दिया गया।

एकलौते पुत्र को पिता ने दी मुखाग्नि

परिजनों का रो रो कर बुरा हाल, पूरे गांव में पसरा सन्नाटा

खबर मन्त्र संवाददाता

दारु। पिता के लिए उसके जीवन का सबसे दर्दनाक पल वह होता है जब वह अपने पुत्र को मुखाग्नि देता है। इस दुःखद घड़ी में दुखों का पहाड़ तब टूट पड़ता है जब घर का एकलौता चिराग बुझ जाता है,ऐसी ही एक दर्दनाक घटना दारू थाना क्षेत्र के कबिलासी पंचायत के तिउज निवासी राकेश कुमार सिंह के साथ घटी जब वह 16 वर्षीय पुत्र शियान कुमार सिंह को मुखाग्नि देते हुए दहाड़ पड़े कि बुझ गया मेरा चिराग, अब जिंदा रहने की कोई मतलब नही बचा। उनकी मनोदशा व व्यथा को देख हर किसी के आंखों से आंसू भर आया था। ज्ञात हो कि राकेश कुमार सिंह के एकलौता पुत्र 13 नवम्बर के दोपहर में टयूशन पढ़ने जा रहा था। उसी क्रम में एक

स्कार्पियो ने अपने चपेट में ले लिया था। इससे शयान कुमार की दर्दनाक मौत हो गई।

इस घटना से जहां पुरा परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है। लोगों ने इस शोक संतप्त परिवार के दुःख में साथ रहकर अपने अपने घरों में चूल्हा तक नही जलाया। मंगलवार को मृत बच्चे का दाह संस्कार त्यूज शमशान घाट में कर दिया गया।

स्कार्पियों में नरपिशाच आखिर कौन थे?

सूत्र बताते हैं कि स्कार्पियों में अपराधी प्रवृति के लोग सवार थे। विकृत मानसिकता से ग्रसित लोगों ने पहले तो राकेश को धक्का मारा और उसे घसीटते हुए कई मीटर तक ले गये। अगर वे ऐसा नहीं करते तो राकेश की जान बच सकती थी। उसका ईलाज कराया जा सकता था। चालक व उसमें सवार लोगों की मानसिकता ही नहीं थी कि राकेश की जान बच जाए। इतना ही नहीं कुछ मीटर घसीटने के बाद जब राकेश की बॉडी स्कार्पियों में फंस गयी तो गाड़ी रोक कर उसके बॉडी को बाहर निकाला गया और उसी के बॉडी के ऊपर से फिर से वाहन को चढाकर वे फरार हो गये। सफेद स्कार्पियों किसका और कहां का हैं ? उसमें सवार नरपिशाच आखिर थे कौन? उनके इस कृत्य के लिए दंड दिलाने की आवश्यकता है।

अयोग्य लाभुकों का नाम पेंशन से हटायें : उपायुक्त

गरीबों के बीच जल्द कंबल वितरित करें

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। जिला सामाजिक सुरक्षा शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक हुई। कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामाजिक सुरक्षा शाखा प्रभास दत्ता के द्वारा उपायुक्त को वर्तमान में संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं, सर्वजन पेंशन योजना आदि के तहत लाभुकों को दिए जा रहे हैं लाभ की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने नियमित रूप से लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने तथा बचे हुए लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य 15 दिनों के अंदर अभियान मोड में कार्य करते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आधार सीडिंग के दौरान अयोग्य पाए जाने वाले पेंशन

लाभुकों का नाम पेंशन सूची से हटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने त्वरित रूप से प्रखंडवार आधार व मोबाइल नंबर सीडिंग के बचे हुए लाभुकों की सूची संबंधित प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने एवं नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। आगामी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविरों के दौरान लोगों को पेंशन योजनाओं सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से उपायुक्त ने कार्यपालक दंडकारी सह प्रभारी सामाजिक सुरक्षा शाखा को शिविर के दौरान स्टॉल लगाते हुए लोगों को योजनाओं का लाभ देने, योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार सुनिश्चित करने एवं विभिन्न कार्य पूर्ण करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा शाखा को गरीब व अन्य जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों के वितरण को लेकर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कार्यपालिका दंडकारी सह प्रभारी सामाजिक सुरक्षा शाखा को राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।

अंबा प्रसाद ने नाइट शो का किया उद्घाटन

बड़कागांव। काली पूजा के अवसर पर मस्ती नाइट शो का विधायक अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन। कार्यक्रम में रात भर लोग झूमते रहे।इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामेश्वर राम एवं संचालन संजय सागर ने किया।कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। विधायक को उपाध्यक्ष चंदन गुरु द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित की गई। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं आदर्श मध्य विद्यालय के मंच से ही राजनीति शुरू की थी। काली मां की कृपा से विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे झारखंड निवासियों का मनोकामना पूरी हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष संजय कुमार रवि ,संरक्षक रघुनाथ राम, महेश राम, रामवृक्ष राम, उपाध्यक्ष संतोष राम,शंभू रविदास, चंदन गुरु, आकाश कुमार, सिकंदर राम,सुकेश कुमार, राजू राम, चेतलाल, पूर्व पसस राजीव रंजन,अजीत कुमार रवि,आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

टंडवा : सोहराई जतरा मेला में उमड़ी भीड़

टंडवा(चतरा)। प्रखंड क्षेत्र के बाली बानपुर में सोहराई जतरा मेला का आयोजन किया गया। जतरा का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव तथा बीस सूत्री सदस्य सरबजीत गंझू ने फीता काटकर किया । इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ, जिसमे कलाकारों एवं स्थानीय बच्चों ने नृत्य से समां बांध दिया।इस अवसर पर खोड़हा टीमो द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।वही जतरा में श्रृंगार, खिलौने एव परंपरिक मिठाईयां की दुकान लगी हुई थी। जहां हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई। कार्यक्रम में रामदेव गंझू,रतन गंझू,सचिव बलराम राम,कोषाध्यक्ष छोटू गंझू,उपाध्यक्ष विकास राम,उपसचिव सूरज गंझू, उपकोषाध्यक्ष प्रेम दास, संरक्षक संतोष गंझू,अनिल कुमार दास, संकर साव, देवेंद्र गंझू,सुरेश गंझू, राजेंद्र उरांव एव सदस्य जगदीश राम,अजय कुमार दास, तालकेश्वर उरांव का सराहनीय योगदान रहा।

विष्णुगढ़ में नेहरू जी का जन्मदिन मना

विष्णुगढ़। बाल दिवस पर वेणी प्रसाद उच्च विद्यालय में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू का जन्मदिवस मना। बच्चों के प्यारे पंडित नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप मनाया गया। बच्चों ने चाचा नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। चाचा नेहरू के द्वारा दी गई शिक्षा व देश के लिए दी गई सन्देश को याद किया गया। खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली, कबड्डी, कविता, चम्मच रेस, साईकिल रेस, चाकलेट रेस, चित्रकारी का प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रिया कुमारी,कशिश कुमारी, शिया कुमारी, सोनम, राम यादव, कृष्णा, दीपक ठाकुर इत्यादि कई विद्यार्थी शामिल हुए।

आइलेक्स पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता

बरही। पंचमाधव में संचालित आइलेक्स पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुआ। बच्चों की उम्र के अनुसार बच्चों को ग्रुप में विभाजित कर प्रतियोगिता के प्रथम दिन घुड़सवारी, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस, लेमन रेस का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में सभी बच्चे खेलों की स्पर्धा में भी भाग लेकर जमकर आनंद उठाया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों से चाचा नेहरू के आदर्शों पर चलने की अपील की।

रेन्बो स्कूल में मना बाल दिवस

बरही। रेन्बो स्कूल में बाल दिवस मनाया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर बच्चों के बीच केक काटा गया। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री थे। वह बच्चों से बेहद प्यार करते थे। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों के बीच टॉफी एवं बिस्किट का वितरण किया गया। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, स्वेता कुमारी, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी, खुशी कुमारी आदि उपस्थित रहें।

रामगढ़ चित्रगुप्त महापरिवार का गौरवपूर्ण रहा है इतिहास

रामगढ़। झारखंड के रामगढ़ जिला में चित्रगुप्त महापरिवार द्वारा चित्रगुप्त पूजा वर्षों पूर्व से की जाती रही है। 1956 में हजारीबाग जिला के रामगढ़ में चित्रांश समाज के कुछ लोगों ने चित्रगुप्त पूजा की शुरूआत गोला रोड स्थित स्व चौधरी कंचन प्रसाद के घर के समीप आम के पेड़ के नीचे की थी। जिसमें स्व चौधरी कंचन प्रसाद, स्व भुनेश्वर प्रसाद, स्व राधा कृष्ण प्रसाद, स्व सत्यदेव प्रधान, शिवकुमार प्रसाद, स्व श्रीकृष्ण सहाय, स्व बालेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव , स्व वंशीधर प्रसाद, स्व जयदेव वर्मा, लाला चतुर्भूज नारायण सहित अन्य लोग शामिल हुए थे। उस समय से विभिन्न स्थानों गोला रोड, सूरज हॉल, कैंटोनमेंट स्टाफ क्वॉटर, से होते हुए समाज की बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखकर एक सुंदर व भव्य मंदिर में अब प्रत्येक वर्ष चित्रगुप्त पूजा हो रही है। वर्तमान में 300 से अधिक परिवार चित्रगुप्त महापरिवार से जुडे.हुए हैं। महापरिवार की युवा पीढ़ी ने ऐसे आयोजनों में अहम योगदान देना आरंभ किया। जिनमें अरूण कुमार सिन्हा, स्व नागेंद्र प्रसाद श्रीवास्त्व, प्रो श्याम किशोर,स्व प्रो आर पी सिन्हा, जमुना प्रसाद, विनोद कुमार श्रीवास्तव, राजेश सहाय, शंकर सिन्हा, सुशील सिन्हा, रणंजय कुमार, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मोहन वर्मा, संजीव कुमार, डॉ के चंद्रा, मोहन प्रसाद, बासुदेव प्रसाद सिन्हा, रोहित वर्मा, आनंद कुमार सिन्हा, राजीव रंजन, आशुतोष कुमार सिन्हा, ललन प्रसाद आदि शामिल हैं।

चतरा में गुंजने लगे छठ के गीत

पंकज सिंह

चतरा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में महज कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। लोग दीपावली के बाद अब छठ की तैयारी में जुट गए है। इसे लेकर बाजारों की भी रौनक बढ़ गई है। विभिन्न इलाकों में सूप-दउरा जगह-जगह बिकने शुरू हो गए हैं। चौक-चौराहों पर छठ पूजा के गीत भी बज रहे हैं। छठ पूजन सामग्री खरीदने के लिए लोगों की भीड़ भी उमड़ने लगी है। कई लोग बढ़ी हुई कीमतों से बचने के लिए अभी से खरीदारी में जुट गए हैं। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भी इन सामग्रियों की दुकानें सज चुकी हैं। चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरूआत नहाय खाय के साथ 17 नवंबर से होगी। वहीं, खरना 18 नवंबर

को है। इस दिन दिनभर निर्जला उपवास के बाद संध्या के समय छठव्रती खीर-रोटी बनाकर पूजा के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगी। छठ पूजा के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य होता है। व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इस साल संध्या अर्घ्य 19 नवंबर को है। चौथे दिन यानी सप्तमी तिथि को व्रती उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करते हैं।

20 नवंबर को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

सिमरिया में ग्रामीणों ने की छठ घाट की सफाई

सिमरिया। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सबानो गांव में छठ घाट की साफ सफाई किया । छठ घाट जाने वाली सड़क को श्रमदान कर मरम्मत कर चलने लायक बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के माध्यम से छठ व्रतियों को घाट पर आने जाने में सुविधा होगी।जबकि घाट में पूजा अर्चना धूमधाम से किया जाएगा। मुखिया ने बताया कि सुबह से ही ग्रामीणों के साथ मिलकर छठ घाट और सड़क में लगी गंदगी को साफ सफाई कार्य किया गया। छठ घाटों को साफ सफाई कर स्वच्छ और सुंदर बनाया। वही पर्व को लेकर चारो ओर उत्साह उमंग है।

चतरा : जनता दरबार में डीसी ने सुनी समस्याएं

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के लाइन मोहल्ला कि रहने वाली एक दिव्यांग महिला ने उपायुक्त से मिल आवेदन के माध्यम से बताया कि मैं बहुत ही गरीब और दिव्यांग हूं। दिव्यांगता के कारण शरीर से लाचार हूं। मैं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु दो बार जिला मुख्यालय का चक्कर लगा चुकीं हूं। मेरा घर मिट्टी का है और बारिश के समय काफी समस्या होती है। मुझे आवास और पेयजल एवं शौचालय सरकारी प्रावधान के तहत दिला दिया जाय जिससे मैं सर का आभारी बनी रहूंगी।

एक नजर में

गायत्री महायज्ञ को ले निकली कलश यात्रा

बरकट्ठा। तुइयो में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 251 महिलाओं ने सिर पर पवित्र कलश उठाया। कलश यात्रा को विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से कलश देकर गायत्री मन्त्र के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर गांव का भ्रमण करते हुए उतरवाहिनी नदी जलाहिया पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पात्र में जल भरा गया। पुनः यज्ञ मंडप पहुंचकर कलश स्थापना किया गया। यज्ञ के प्रवचनकर्ता स्वामी नरेन्द्र विद्यार्थी, संगीतकर्ता नकुलदेव के द्वारा 14 से 16 नवंबर तक प्रवचन किया जाएगा। कलश यात्रा में 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, प्रमुख रेनू देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, मुखिया शंकर दास, कन्हाई प्रसाद, विनोद राम, विरेंद्र प्रसाद, शिवशंकर मोदी, त्यागी बाबा, हीरालाल प्रसाद, सुबोध कुमार पांडेय, यज्ञ समिति के अध्यक्ष सहोदरी देवी, उपाध्यक्ष उमा देवी समेत आदि धर्मप्रेमी शामिल थे।
14 हैज पी 2: कलश यात्रा में शामिल लोग।

छठ को लेकर बरहीडीह में बैठक संपन्न

बरही। सूर्य मंदिर परिसर बरहीडीह में नागेश्वर केसरी की अध्यक्षता में छठ को लेकर बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी छठ पर्व बरही के प्राचीन बरहीडीह नदी घाटी पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, मुखिया शमशेर आलम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, पंसस जीतू ठाकुर, राजकुमार केसरी, कैलाशपति सिंह, रमेश केसरी, राम लखन शर्मा, अशोक सिंह, विनय सिंह, संजय साहू, मूर्ति पंडित, जितेंद्र केसरी, मिंटू, मोहित, पिंटू ठाकुर, विनय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

निशि पांडेय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

बड़कागांव।भारतीय जनतंत्र मोर्चा महासचिव निशि पांडेय के द्वारा बड़कागाँव प्रखंड के ग्राम चंदौल, हरली एवं खराटी में हो रहे काली पूजा में शामिल होकर माथा टेक आशीर्वाद ली और फीता काटकर संस्कृति कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने मौजूद ग्राम वासियों को काली पूजा की ढेर सारी शुभकामनायें दी और अपने लिए प्यार माँगा की आपलोगों का प्यार इस प्रकार रहेगा तभी आपलोगों के लिए हक और अधिकार की लड़ाई मैं लड़ पाऊँगी। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी,असेश्वर राम,अवधेश सिंह,सुरेश चौधरी, प्रवीण कुमार,सुनील नायक,संजय मिर्धा,रोहित शर्मा,विकास पांडेय, पूर्वमुखिया महेंद्र महतो,सबूर महतो,संतोष राणा, ताजेश्वर महतो,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयाँ,दीपू नायक,रुदेश नायक,लालदेव साव,वासुदेव यादव,बीरबल प्रजापति,विजय साव,हरदयाल साव शहीत पूजा समिति के सदस्य व ग्रामीण शामिल थे।
14 हैज पी 7 : कार्यक्रम का उद्घाटन करती निशि पांडेय।

आदिवासी कुटुंब जतरा मेला का उद्घाटन

कटकमसांडी। डिबेल बांध शाहपुर में मंगलवार को कुटुम्ब जतरा मेले का उद्घाटन समाज सेवी प्रदीप प्रसाद एंव समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने किया। प्रदीप प्रसाद और हर्ष अजमेरा ने लोगों के साथ मांदर बजाया तथा आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना की एवं सांस्कृतिक गीतों पे नृत्य भी किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हम सब को अपनी सभ्यता संस्कृति को बचा कर रखना चाहिए। आदिवासी समाज प्रकृति पूजक समाज है। कार्यक्रम में के समाजसेवी हर्ष अजमेरा, मुखिया शम्भू यादव, पूर्व जीप सदस्य विजय सिंह भोक्ता, अध्यक्ष किशुन कुजुर, सचिव राजकुमार उरांव, कोषाध्यक्ष चेतन उरांव, पप्पू यादव ,चरका यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

झरपो शिशु विकास विद्यालय में मना बाल दिवस

टाटीझरिया । झरपो शिशु विकास विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया। विद्यालय के संस्थापक ज्योतिष पंडा,प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय शिक्षक ,शिक्षिकाएं एवं बच्चो ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। अमीषा कुमारी ,अर्चनाकुमारी आरुषि कुमारी,दुर्गा कुमारी ,सोनपरी ,अंकित राणा परी कुमारी , सिवानी कुमारी , ऊर्जा कुमारी अनामिका कुमारी ने कार्यक्रम में भाग लिया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुरेश मिश्रा ,प्रमोद पांडेय मुन्नी देवी आरती देवी,मनीषा कुमारी,मुस्कान कुमारी धर्मेंद्र पांडेय ,विकास पांडेय उपस्थित थे।

कटकमसांडी में गोवर्धन पूजा आयोजित

कटकमसांडी। मंगलवार को प्रखंड के ग्राम पंचायत बरगड्डा में गोवर्धन पूजा का आयोजन पूर्व मुखिया आरती देवी द्वारा किया किया गया। मौके पर बीडीओ वेदवंती कुमारी, समाजसेवी मुन्ना सिंह व बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव समेत क्षेत्र के यदुवंशी समाज के दर्जनों गणमान्य लोग पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। कार्यक्रम में आयोजनकर्ता चौधरी यादव, बीससूत्री उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, भाजपा कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद यादव, महामंत्री अरविंद कुमार यादव, हलधर यादव, दिनेश्वर यादव, कमलदेव यादव, रंजीत यादव, श्यामदेव यादव, प्रमोद यादव, टेकलाल यादव, दीपक यादव, राजू यादव, चमन यादव, नरसिंह प्रजापति मिथिलेश सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ो प्रबुद्धजन व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

बाल दिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में मंगलवार को बाल दिवस पर चाचा नेहरू याद किए गए। इस मौके पर सहायक प्राध्यापकों और प्रशिक्षुओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उनकी 134वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर बीएड सेमेस्टर-वन और टू के प्रशिक्षुओं के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। दोनों टीमों के बीच मैच ड्रॉ रहा। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विनोबाभावे विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो बीके झा ने कहा कि नेहरू जी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और स्वतंत्रता के पूर्व व पश्चात की भारतीय राजनीति में केन्द्रीय व्यक्तित्व थे। वे आधुनिक भारतीय राष्ट्र-राज्य एक सम्प्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, और लोकतांत्रिक गणतंत्र के वास्तुकार माने जाते हैं। मौके पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे।

पसई के ग्रामीणों ने डीसी को दिया आवेदन

कटकमदाग। ग्राम पसई के ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम आवेदन देकर पसई में सर्वे रास्ता अवरूद्ध कर रेलवे साइडिंग बानादाग के लिए पटरी बिछाने से पसई के ग्रामीणों एवं मवेशियों को रेलवे लाइन के आर-पार आने-जाने में हो रही असुविधा को लेकर चिंता जतायी है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों एवं मवेशियों के लिए प्री कास्ट अंडर पास पुल देकर सुरक्षीत रास्ता देने की कृपा की जाय जिससे जान-माल के नुकसान का डर ना रहे। ग्रामीणो ने आवेदन में लिखा है कि पूर्व में इस मुददे को लेकर रेलवे व उपायुक्त के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया था जिसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उपायुक्त इस मामले पर जल्द संज्ञान लें। आवेदन देने वालों में अनवर हुसैन, राजेश कुमार राणा, सुरेंद्र साव, बॉबी कुमार, रचित कुमार, अजय कुमार सहित कई लोग शामिल हैं।

150 जनजातियों के 2500 से अधिक लोगों का हुआ जुटान, संवाद आज से

संवाद का 10वां संस्करण 15 नवंबर को गोपाल मैदान में शुरू हो रहा

टाटा स्टील के एमडी एवं सीइओ टीवी नरेंद्रन और निदेशकगण भी रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा समर्थित जनजातीय संस्कृति पर सबसे बड़े पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक संवाद ने अपने दसवें संस्करण की घोषणा की है, जो 15 नवंबर से गोपाल मैदान में शुरू होगा। 351 नगाड़ों, ढोल और संगीत वाद्ययंत्रों की पारंपरिक धुन के साथ मनाया जाने वाला यह दिन झारखंड के प्रतिष्ठित आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती भी मनाता है। उक्त जानकारी टाटा स्टील फाउंडेशन के सीइओ सौरव राय ने संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर जीरेन टोपनो भी मौजूद थे। राय ने बताया कि संवाद 2023 की थीम है-मेरे साथ चलो-भारत की जनजातियों के बीच विचारों, व्यक्तियों और सामूहिकता की यात्रा को पहचानता है। यह थीम पिछले दशक में संवाद सम्मेलन में होने वाली बातचीत और संवादों से जुड़ा हुआ है, कि वे साझा ज्ञान, विचारों के आदान-प्रदान और आत्म-शिक्षा के साथ आने वाली चुनौतियों को हल करने के लिए कैसे तैयार हैं।

गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट : संताल परगना में विकास का प्रतीक

गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट अदाणी पावर लिमिटेड द्वारा स्थापित एक अत्याधुनिक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। 1600 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ, यह इस क्षेत्र के सबसे बड़े बिजली संयंत्रों में से एक है। संयंत्र उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है और कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करता है।

बुनियादी ढांचे का विकास:

अदाणी पावर प्लांट की स्थापना से इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। इसमें सड़कों, परिवहन नेटवर्क और बिजली पारेषण लाइनों का निर्माण शामिल है, जो न केवल बिजली संयंत्र के संचालन का समर्थन करते हैं बल्कि क्षेत्र में समग्र कनेक्टिविटी और पहुंच की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

आर्थिक प्रभाव:

अदाणी पावर प्लांट की स्थापना ने इस क्षेत्र में पर्याप्त निवेश आकर्षित किया है, जो संताल परगना के आर्थिक विकास में योगदान देता है। परियोजना ने स्थानीय व्यवसायों, ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए अवसर प्रदान किए हैं।

नौजवानों के लिए रोजगार का अवसर:

बिजली संयंत्र ने स्थानीय आबादी के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इससे बेरोजगारी की दर कम हुई है, आय के स्तर में वृद्धि हुई है, और कई परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

सामाजिक विकास के लिए कृत संकल्प शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार:

अदाणी पावर ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर केंद्रित कई कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन पहलों ने आसपास के समुदायों में शैक्षिक सुविधाओं, छात्रवृत्ति और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे में सुधार करने में योगदान दिया है।

कौशल विकास पर सर्वाधिक जोर:

बिजली संयंत्र ने स्थानीय युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख पहलों की सुविधा प्रदान की है। इसने समुदाय को एक स्थायी आजीविका के लिए आवश्यक कौशल के साथ सशक्त बनाया है।

न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव:

गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट अपने पर्यावरण पदचिह्न को कम करने के लिए उन्नत तकनीकों को शामिल करता है। संयंत्र आधुनिक प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली, धूल दमन तंत्र और कुशल जल प्रबंधन प्रथाओं जैसे उपायों को नियोजित करता है। यह पर्यावरणीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करता है, जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव कम होता है।

सामुदायिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता:

अदाणी पावर लिमिटेड सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। स्थानीय निवासियों के साथ नियमित बातचीत और समुदाय संचालित पहलों में शामिल होने से बिजली संयंत्र और स्थानीय आबादी के बीच सकारात्मक संबंध को बढ़ावा मिलता है।

संताल परगना क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख प्रतीक:

अदाणी पावर प्लांट संताल परगना क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख प्रतीक के रूप में उभरा है। इसकी स्थापना से क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर, बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण की पहल हुई है। पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक जुड़ाव के लिए बिजली संयंत्र की प्रतिबद्धता इस क्षेत्र पर इसके सकारात्मक प्रभाव को और बढ़ाती है।

adani Power

Growth with Goodness

/AdaniOnline | www.adani.com

डीसी व एसएसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं एसएसपी किशोर कौशल द्वारा शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, उप नगर आयुक्त जेएनएसी, जुस्को के प्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

19 नवंबर को सूर्यधाम में भक्ति की गंगा बहायेंगी निशा पांडेय और ममता राउत

जमशेदपुर। सूर्य मंदिर समिति द्वारा चार दिवसीय छठ महोत्सव की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से मंदिर समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित छठ महोत्सव प्रभारियों की बैठक में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत तमाम पदाधिकारी मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में छठ महोत्सव पर होने वाले सांस्कृतिक संध्या एवं छठ महोत्सव को धूमधाम एवं सुचारु रुप से संचालित करने का निर्णय लिया गया। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि छठ महोत्सव को लेकर सूर्य मंदिर समिति सभी पहलुओं पर व्यापक तैयारी कर ली है छठ पूजा में मंदिर परिसर के दोनों छठ घाटों की सुंदर साफ-सफाई, पूरे मंदिर परिसर की पुष्प सज्जा, मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन के लिए पूर्ण रुप से तैयार है। कार्यक्रम में लोकगायिका निशा पांडेय, सुर संग्राम की विजेता ममता राउत एवं स्थानीय कलाकार की प्रस्तुति 19 नवंबर संध्या 7 बजे से होगी। जिसके लिए आमंत्रण पत्र के माध्यम से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं, प्रभारी कमलेश सिंह ने छठ महोत्सव के तहत छठ पूजा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य मंदिर समिति की ओर से दिनांक 18 को सुबह 11 बजे से मन्दिर परिसर में 1100 जरूरतमंद व्रतधारियों को निःशुल्क पूजन सामग्री भेंट की जाएगी।

झारखंड स्थापना दिवस 2023 पर सभी को शुभकामनाएं।

डॉ. टी.एन. साहू, कुलपति
झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय

"आइए हम सभी इस विशेष अवसर पर अपने पूर्वजों की संस्कृति, गौरव, संघर्ष और जीत का जश्न मनाएं और अपने राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लें"

झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, राँची

JRGBank
झारखण्ड का अपना बैंक

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सभी झारखण्ड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं जोहार!

मदन मोहन बरियार
अध्यक्ष

आज ही अपने नजदीकी शाखा से संपर्क करें

एनटीपीसी NTPC

पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना

झारखण्ड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना, बड़कागांव, हजारीबाग

झारखंड स्थापना दिवस 2023

खबर मन्त्र परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

PATEL B.Ed. COLLEGE
Recognised by ERC-NCTE & Affiliated to Ranchi University, Ranchi
Vill.-Katamkuku, P.O.- Lodhma, P.S.- Karra, Distt.-Khunti-834004, Jharkhand
Contact No.: 0651-2253662, 9835088161
Web: www.patelbedcollege.com | Email : patelbedcollegelodhma@gmail.com

Course Offered : B.Ed

FACILITIES
- Well Equipped Labs
- Library
- Smart Class
- Scholarship
- Fee in Installment
- Bus Facility
- Online Classes
- Video Lectures and Preparation for CTET etc.

Sangeeta Kumari
Secretary

City Office : Behind Kumar Pharma, 2nd Floor, Main Road, Hinoo Chowk, Ranchi-834002

स्पीड न्यूज

जेएनडी का कैडर कन्वेंशन आज

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) 15 नवंबर 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कैडर कन्वेंशन कार्यक्रम आयोजित कर वीर बिरसा मुंडा जयंती पर उनको पुष्पांजलि देगी। वहीं झारखंड नवनिर्माण दल का स्थापना दिवस भी मनायेगी। साथ ही झारखंड राज्य की स्थापना दिवस पर पूर्वजों व शहीदों के सपनों का झारखंड नवनिर्माण के लिए आंदोलन को तेज करने की भी भावी रणनीति कन्वेंशन में बनायी जायेगी।

कांग्रेसियों ने मनायी नेहरू जयंती

घाघरा। प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे के आवासीय कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जयंती मनाया। इस क्रम में प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। श्री पांडे ने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके कार्य से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर अगस्टिन महेश कुजूर, कृष्ण लोहरा, दिलबहार अंसारी, कपिल उरांव, नितेश उरांव भी थे।

बाल दिवस पर बच्चों ने मनाया पिकनिक

भंडरा। संस्कार वर्ल्ड एकडेमी के छात्रों ने नंदिनी जलाशय में पिकनिक मनाया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मोहन टोपो ने बताया कि बाल दिवस पर छात्रों को उनके मनपसंद का खाना पिकनिक में खिलाया गया। बच्चों ने बाल दिवस पर पिकनिक मनाने की इच्छा जाहिर की थी। इसी को ध्यान में रख संस्कार वर्ल्ड एकेडमी के सभी छात्रों को पिकनिक मनाने हेतु नंदिनी जल से ले जाया गया था। पिकनिक में बच्चों ने खूब मस्ती की। बच्चे नंदनी जलाशय का दृश्य देख प्रकृति की मनोरम छटा का आनंद उठाया। मौके पर शिक्षक आशुतोष टोप्पो, नीरज पांडे, सुबोध राय, रजनी लकड़ा, सरोजिनी लकड़ा, कंचन उरांव व विद्यालय कर्मी साथ में थे।

राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में बंटेगी करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां: उपायुक्त

लोहरदगा। बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस (15 नवंबर) पर समाहरणालय के समीप स्थित मैदान में होनेवाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थल का उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने निरीक्षण किया। उपायुक्त ने स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल और मुख्य मंच निर्माण का अवलोकन किया। साथ ही विभाग के पदाधिकारियों अपने स्टॉल में विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार, स्टॉल की सजावट और आवेदन लेने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होंगे। मौके पर एसपी हारिस बिन जमां, डीडीसी जय ज्योति सामंता, अपर समाहर्ता सौरभ कुमार, एसडीओ अमित कुमार समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

तालाब से अज्ञात अधेड़ का शव मिला

चैनपुर। कुड़केल के बालाछापर स्थित एक तालाब से पुलिस ने मंगलवार की सुबह 9 बजे एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान नहीं हो पायी है। वहीं कई दिनों तक पानी में शव रहने के कारण शव से काफी दुर्गंध भी आ रही थी। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। मृतक व्यक्ति लाल रंग का शर्ट पहने हुए हैं। थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने लोगों से अपील की है कि शव की पहचान होने पर तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें।

झोलाछाप डॉक्टर ने ली गर्भवती की जान

सिसई। झोला छाप डॉक्टर के ईलाज से सिसई थाना क्षेत्र के बघनी निवासी गर्भवती नीलोफर प्रवीण (18) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार साबिर अंसारी कि पत्नी नीलोफर को सर्दी खांसी थी। साबिर उसे सिसई बाजार टांड़ के पास एक छोटे कमरे में क्लीनिक चला रहे बंगाली डॉक्टर के पास लाया था। उसने गलत इंजेक्शन लगा दिया। जिसके बाद 5 मिनट के अंदर ही नीलोफर को उल्टी होने लगी और उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों के क्लीनिक घेरने पर वह फरार हो गया। दोनों पक्षों ने सिसई थाना में लिखित आपसी सुलह कर प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी।

छठ को लेकर चैती दुर्गा पूजा समिति व्रतियों के बीच करेगा गेहूं का वितरण

गुमला। चैती दुर्गा पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक स्थानीय देवी मंडप परिसर में आहूत की गई। बैठक में छठ महापर्व पर छठ व्रतियों के बीच पूजन हेतु महाप्रसाद के लिए मुफ्त में गेहूं वितरण करने का निर्णय लिया गया। गेहूं वितरण 15 नवंबर को प्रात: 10 से अपराह्न 4 बजे तक चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्य करेंगे। चैती दुर्गा पूजा समिति गुमला तमाम छठ व्रत्तियों से आग्रह किया है कि समय पर देवी मंडप परिसर हाई स्कूल रोड गुमला में आकर गेहूं प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू साहू, शंभू नारायण चौरसिया, द्वारिका मिश्रा सुमन, प्रेम सागर जायसवाल, राजीव कुमार, सुदेश सौरभ, संजय कुमार, रामनिवास प्रसाद, रितेश कुमार, राजेश गुप्ता, निर्मल गोयल, किशोर फोगला, विजय सोनी, दामोदर कसेरा आदि उपस्थित थे।

पंडित नेहरु थे आधुनिक भारत के निर्माता : डॉ रामेश्वर उरांव

■ जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी ने पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय परिसदन भवन गुमला में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनायी गयी। मौके पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित थे। मौके पर मंत्री श्री उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि 14 नवंबर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस है।

उत्कृष्ट लेखक, इतिहासकार और आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव और प्रेम था। इसलिए उनकी जयंती को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। बच्चे नेहरू जी को प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू का सबसे महत्वपूर्ण कार्य भारतीय राजनीति और जनजीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना था।

नेहरू के व्यक्तित्व में व्यवहारिकता और आदर्शवादिता दोनों गुणों का समन्वय था। जो कि एक दुर्लभ गुण है। नेहरू के विचारों में पश्चिमी सभ्यता व आधुनिकता का समावेश था। स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र के समर्थक पंडित नेहरू संसद व कांग्रेस को साथ लेकर चलते रहे। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए संवैधानिक नियमों के अनुरूप दक्षतापूर्वक कार्य करने में उन्होंने कभी

जयंती पर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देते वित्त मंत्री व अन्य कांग्रेसी।

संकोच नहीं किया।

राष्ट्रवाद के प्रति उनकी मानसिकता संकीर्ण नहीं थी। वे राष्ट्रीयता के गुणों को भली-भांति समझते थे। इसीलिए उन्होंने देश को एक संतुलित, संयमशील एवं आदर्श राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि नेहरू जी का राजनीतिज्ञ के रूप में सबसे महत्वपूर्ण कार्य भारतीय राजनीतिक प्रणाली में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना और भारत में लोकतंत्र को खड़ा करना था। नेहरू संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांत और व्यवहार के प्रबल समर्थक थे। उनकी दृष्टि में राजनीतिक लोकतंत्र अपने आप में साध्य नहीं बल्कि वह भारत के लाखों करोड़ों लोगों के दुख-दर्द और गरीबी दूर करने का साधन मात्र था। उन्होंने लोकतंत्र के साथ स्वतंत्रता और समानता के अटूट संबंध को स्वीकार किया। उनका मानना था कि समानता के बगैर स्वतंत्रता और लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं है।

सन 1952 में पंडित नेहरू के नेतृत्व में देश के पहले आम चुनाव में स्वस्थ लोकतंत्र की जो नींव रखी गई थी वह आज तक जारी है। नेहरू के लिए लोकतंत्र का तात्पर्य एक ऐसा उत्तरदायित्वपूर्ण तथा जवाबदेह राजनीतिक प्रणाली थी। जिसमें विचार-विमर्श और प्रक्रिया के माध्यम से शासन हो। उनके जीवनीकार एस गोपाल के अनुसार, उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अत्यंत दृढ़ बौद्धिक तथा नैतिक प्रतिबद्धता थी।

नेहरू ने 1950 की अंतरिम संसद में तथा 1952 से 1964 के बीच पहली, दूसरी तथा तीसरी लोकसभा में सदन के नेता के रूप में व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्वस्थ परंपराओं और उदाहरणों की नींव रखी। मौके पर मानिकचंद साहू खालिद साह, फिरोज आलम, निशांत दुबे, कलम आलम, राजनिल तिग्गा, तरूण गोप, आशीष गोप, मुख्तार आलम, अरुण गुप्ता,संजय दुबे, रोहित उरॉव, सुनिल उरांव, जय सिंह और काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए शुभकामना सहित धन्यवाद।

डीसी-एसपी ने जाना राज्यपाल के आगमन की तैयारी का हाल

घाघरा प्रखंड के बदरी गांव में कार्तिक उरांव जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। प्रखंड के बदरी गांव में स्वर्गीय कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद समापन में झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के आगमन की तैयारी को लेकर मंगलवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी और एसपी हरविंदर सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

इस क्रम में डीसी और एसपी ने आयोजक समिति को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही मंच के लेकर कार्यक्रम की रूप रेखा

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डीसी व एसपी।

का जायजा लिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से संबंधित कई चीजों की जानकारी ली। वहीं पैदल घूमघूम कर पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। ताकि ट्रैफिक से संबंधित किसी भी तरह की परेशानी न हो। कार्यक्रम स्थल पर डी मार्क एरिया में सुरक्षा संबंधित कई निर्देश दिया।

साथ ही शौचालय, पेयजल संबंधित जानकारी भी लिया और बीडीओ दिनेश कुमार को मार्किंग करने का निर्देश डीसी ने दिया। आपातकालीन हैलीपेड स्थल का भी डीसी एसपी ने औचक निरीक्षण किया। वहीं

ये रहे मौजूद : मौके पर एससीओ राजीव नीरज, एसी सुधीर गुप्ता, अभियान पुलिस उपाधीक्षक मनीष कुमार, सार्जेंट अभिमन्यु यादव, थाना प्रभारी अमित चौधरी, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, भिखारी भगत, बिपिन बिहारी सिंह, तेम्बू उरांव, श्याम किशोर पाठक, आशीष सोनी, अमित ठाकुर, कृष्ना कुमार लोहरा, रवि पहान, विवेक सिंह, सहित कई लोग उपस्थित थे।

आयोजक समिति को बैरिकेटिंग साज साज्जा और मंच पर बैठने वाले अतिथियों की जानकारी भी ली। बदरी स्कूल व स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा स्थल का भी निरीक्षण किया।

जतरा हमारे पुरखों की धरोहर : सुखदेव भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

कुडू। प्रखंड के ग्राम कोलसिमरी में मंगलवार को सोहराय जतरा का भव्य आयोजन सोहराय जतरा सरना समिति के द्वारा किया गया। इस जतरा के मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत थे। सुखदेव भगत के कोलसिमरी गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत करते हुए जतरा स्थल तक ले जाया गया।

जतरा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि सोहराय जतरा का छोटानागपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है विशेष कर

कोलसिमरी के सोहराय जतरा में शामिल सुखदेव भगत व अन्य।

आदिवासी समाज में इसकी विशेष महत्व है। सोहराय पूर्व पर गाय, बैल पशु को हम लोग पूजते हैं इन्हें अपना परिवार का सदस्य मानते हैं। जतरा हमारे पुरखों का धरोहर है यह हमारी सांस्कृतिक पहचान है इसे हमें संजोग कर रखने की आवश्यकता है। जतरा का एक विशेष महत्व होता है क्योंकि इसमें सभी वर्गों का सहभागिता रहता है यह आपसी भाईचारेगी का संदेश देता है।

लागत मूल्य पर छठव्रतियों को मिलेगी सामग्री

गुमला। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा पर जिला मुख्यालय के मेन रोड स्थित केसरी भंडार में छठ पूजन सामग्री लागत मूल्य पर उपलब्ध है। प्रतिष्ठान के मालिक हरिओम लाल केशरी ने बताया कि शुद्धता की फुल गारंटी के साथ सभी पूजन सामग्री (गेहूं, नया अरवा चावल, नया गुड़, गोटा, सभी ब्रांडेड कंपनियों के घी, नारियल, सिंदूर, आरता, काजू, किसमिस सभी अन्य डॉयफ्रूट्स, मिट्टी के कोसी, दीया, ढक्कन, बांस के सुप-दौरा) उपलब्ध है। छठ पूजा हेतु 1100 रुपये या उससे अधिक की सामग्री लेने पर प्रतिष्ठान के द्वारा सभी व्रतियों को एक निश्चित उपहार भी दिया जायेगा।

ट्रिनिटी स्कूल में लायंस क्लब ने बांटी पाठ्य सामग्री

गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला बाल दिवस पर ट्रिनिटी स्कूल करमटोली रोड गुमला में 215 स्कूली बच्चों के बीच बिस्किट कॉफी पेंसिल बांटा। मौके पर क्लब के अध्यक्ष ला. शंकर लाल जाजोदिया ने बाल दिवस पर प्रकाश डाला। वहीं सचिव अशोक जायसवाल ने बच्चों से कहा कि पढ़ाई बहुत जरूरी है। सभी बच्चे ध्यान लगाकर पढ़ेंगे। आप देश के भविष्य हैं। पढ़ेंगे आप देश का विकास करेंगे। अपने घर का विकास करेंगे और समाज को विकसित बनाने में अपनी भूमिका निभायेंगे। मौके पर अध्यक्ष ला. शंकर लाल जाजोदिया, सचिव ला. अशोक जायसवाल, ला. योगेंद्र साहू, ला. राजलक्ष्मी आनंद, स्कूल के डायरेक्टर आनंद एक्का, प्रिंसिपल मिस जानेत लकड़ा, मिस सुषमा सरोज कुजूर, मिस मोनिका टोप्पो, मिस पूजा बाड़ा मिस्टर सनिज कुल्लू, मिस सुषमा लकड़ा, मिस निशा रानी कुजूर, मिस रानी लकड़ा, मिस मर्सी बाड़ा, मिस सुंगनती टोप्पो, मिस दीपिका लकड़ा आदि उपस्थित थे।

राष्ट्र निर्माण में पंडित नेहरू का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता : सुखैर भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जयंती समारोह सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। इसके पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हैं आज का यह दिन बाल दिवस के रूप

में भी मनाया जाता है पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को नहीं भुलाया जा सकता पंडित नेहरू शुरू से ही गांधी जी से प्रभावित रहे और 1912 में कांग्रेस से जुड़े नेहरू जी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे।

वित्त मंत्री पहुंचे डुमरी, कांग्रेसियों से बैठक कर क्षेत्र का जाना हाल चाल

खबर मन्त्र संवाददाता

डुमरी। खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव जशपुर से चुनाव प्रचार प्रसार के बाद लौटने के क्रम में मंगलवार को डुमरी पहुंचे। जहां नवाडीह चौक स्थित हुसैन पेट्रोल पंप के समीप कार्यकर्ताओ से मुलाकात की। मौके पर मंत्री श्री उरांव ने कहा कि दो दिनों से वे जशपुर इलाका में ग्रामीणों के साथ साथ घूम रहे थे। डुमरी हमारा पुराना क्षेत्र है।

जब मैं लोहरदगा पार्लियामेंट का चुनाव लड़ता था तो बराबर आता था तो कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीणों से बराबर मिलता था। आज बहुत दिन बाद आया

■ छतीसगढ़ चुनाव में कांग्रेस पार्टी अच्छी स्थिति में है : रामेश्वर उरांव

हूं कार्यकर्ता और ग्रामीणों से मुलाकात हो रही है। जहां तक चुनाव की बात है कांग्रेस पार्टी अच्छी स्थिति में है। देख रहा हूं पार्टी चुनाव में जाने के लिए पहले से तैयार है। संगठन के लोगों को, पदाधिकारियों को एक दूसरे से संवाद करने से हमेशा लगाव लगा रहता है। जिसका फायदा चुनाव में दिखता है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ उठायें लोग : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

भंडरा। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक की। बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से एक

महत्वपूर्ण योजना है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ अधिकारी दें। उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों से इस योजना के बारे में जागरूक करके लोगों को योजना का लाभ दिलायें।

भरनो में कार्तिक उरांव जतरा का हुआ आयोजन

भरनो। परसा के पारस डेम डीपा में कार्तिक जतरा का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, विशिष्ट अतिथि मुखिया बिनीता एक्का, कांग्रेस अध्यक्ष आशीषनाथ शाहदेव, मोख्तार आलम, ज्योति तिर्की, आजाद अंसारी शामिल हुए। जतरा में नागपुरी प्रोग्राम का आयोजन भी हुआ। इससे पूर्व गीताश्री उरांव एवं अन्य अतिथियों ने स्व कार्तिक उरांव की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

विद्यार्थी चाचा नेहरू के आदर्शों पर चलें : संजीव

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। पालकोट रोड स्थित संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मना। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य शंकर झा व विद्यालय के निदेशक संजय कुमार गुप्ता ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मौके पर विद्यालय में अनेक रंगारंग कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों ने स्टॉल

■ संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

लगाये थे। जिसमें खाने के लिए अनेक तरह के व्यंजन थे। इस कार्यक्रम के प्रति बच्चों में काफी उत्साह देखा गया तथा बच्चों ने स्लॉट में लगाये गये व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

लक्ष्मी पूजा पर हुआ जतरा सह नागपुरी कार्यक्रम

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अंतर्गत नव युवक संघ सीठीयो ने गौ लक्ष्मी पूजा पर जतरा सह नागपुरी कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य सह वर्तमान विहिप जिलाध्यक्ष रामलखन प्रसाद, विशिष्ट अतिथि बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा विधिवत फीता काटकर प्रारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात बीडीओ ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने से आपस में मेल मिलाप और सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने विधि व्यवस्था कायम रखने में ग्रामीणों से मिले सहयोग को लेकर आभार जताया।

छठ पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

शांतिपूर्वक छठ मनाने की अपील

फोटो कैप्शन2 बैठक की अध्यक्षता करते डीसी

फोटो3 बैठक में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक छठ महापर्व-2023 को लेकर जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बीते वर्ष में छठ पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनायी गई थी। देश के इस क्षेत्र का यह सबसे बड़ा पर्व है। महाभारत में भी छह पर्व का उल्लेख किया गया है। जिला के लगभग सभी छठ घाटों में छठ व्रती जुटते हैं। छठ घाटों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी छठ पूजा समितियां अपने-अपने स्वंयसेवक तैनात रखेंगे। किसी भी प्रकार की मदद के लिए तैयार रहेंगे। गहरे पानी में किसी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए अपने पास छठ पूजा समितियां लाइफ जैकेट रखें। टायर या चैन रखें ताकि किसी डूबने वाले तक मदद पहुंचायी जा सके। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन की ओर से पूरी मदद मिलेगी। छूठव्रतियों की सुविधाओं का ख्याल रखा जायेगा। नगर परिषद क्षेत्र में नगर परिषद प्रशासक और ग्रामीण क्षेत्र में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छठ घाटों में आवश्यक साफ-सफाई कराएंगे। गहरा पानी होने की स्थिति में किसी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए बैरिकेटिंग कराएंगे। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी व ड्रोन का इस्तेमाल किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि छठ घाट में सुरक्षा के इंतजाम कड़े होंगे। छठ पूजा समितियां आवश्यक दिशा-निर्दश व सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्था करेंगे। तैराकों की सूची छठ पूजा समिति, थाना व प्रखण्ड पदाधिकारी को अपने स्तर से भी उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें छठ घाटों में प्रतिनियुक्त किये जा सकें। इव टीचिंग का कोई मामला किसी भी थाना से नहीं आना चाहिए। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी,

23 नवंबर को होगी जनसमस्याओं को ले कांग्रेस किसान मोर्चा की जन यात्रा

■ जनयात्रा तैयारी को लेकर कई गांव का किया गया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ के द्वारा गुमला जिला मुख्यालय में आगामी 23 नवंबर को उरांव क्लब गुमला से लेकर उपायुक्त कार्यालय गुमला तक जन यात्रा निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ के संयोजक हंदू भगत ने इस संबंध में बताया कि जन यात्रा की तैयारी को लेकर विभिन्न गांव का भ्रमण किया गया है। सैकड़ो की संख्या में लोग जन यात्रा के कार्यक्रम में भागीदारी कर क्षेत्र की समस्या के निदान के लिए उपायुक्त से आग्रह

ग्रामीणों के साथ यात्री की तैयारी में जुटे कांग्रेस नेता।

करेंगे। श्री भगत ने बताया कि आजादी के 70 वर्षों के बाद भी डुमरडीह पंचायत के पड़की टोली और नवाडीह के बीच खटवा नदी में पुलिया और सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजन ग्रामीण एवं स्कूली छात्राओं को काफी कठिनाई होती है।

बरसात में यह इलाका टापू बन जाता है और जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी का संबंध विच्छेद हो जाता है।

हंदु ने बताया कि आदिवासी उच्च विद्यालय गढतोली स्कूल के चारदीवारी एवं अतिरिक्त भवन नहीं होने के कारण बच्चों को पठन-पाठन के कार्य में काफी परेशानी हो रही है। फोरी पंचायत में स्थित आदिवासी विकास उच्च विद्यालय फोरी के सर्वांगीण विकास के लिए भी जिला प्रशासन से आवश्यक पहल करने के लिए मांग करेंगे।

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

संजय महतो

प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

दीनबंधु स्वांसी

मीडिया प्रभारी सह प्रखंड उपाध्यक्ष, तमाड़ कांग्रेस

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

ललिन सिंह मुंडा

समाजसेवी सह पंचपरगना आदिवासी समाज, तमाड़

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

ब्रह्मानंद सिंह

मुखिया परासी पंचायत, प्रखंड तमाड़ सह मुखिया संघ अध्यक्ष

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

अनिता देवी

मुखिया पेड़ाईडीह पंचायत, प्रखंड तमाड़

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

रंभा देवी

मुखिया जारगो पंचायत, प्रखंड तमाड़, प्रतिनिधि रवि पातर

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

हरीशचंद्र मुंडा

मुखिया आमलेशा पंचायत, प्रखंड तमाड़

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

जिला खनन परिवार, गुमला।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर चैनपुर प्रखंडवासियों, झामुमो नेताओं कार्यकताओं समेत समस्त झारखंड वासियों को मंगलमय शुभकामनायें

कमरुद्दीन अंसारी

प्रखंड अध्यक्ष झारखण्ड मुक्ति मोर्चा चैनपुर पलामू।

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

राजकिशोर कुशवाहा

आजसू पार्टी, वरीय उपाध्यक्ष रांची

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

लक्ष्मण सिंह मुंडा

सांसद प्रतिनिधि, तमाड़

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

ऋषिकेश महतो

विधायक प्रतिनिधि तमाड़

झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई व शुभकामनाएं

जगदीश गुप्ता

आजसू तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष

जिला स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

प्रखंड कार्यालय परिवार, गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

मो. मीर मेराज

सामाजिक कार्यकर्ता, गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

हरीश कुमार

अंचलाधिकारी, सदर प्रखंड,गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

श्याम बिहारी यादव

सामाजिक कार्यकर्ता, गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

शिशिर कुमार सिंह

बीडीओ, चैनपुर

शोभा देवी

मुखिया, चैनपुर प्रखंड

मेरी लकड़ा

जिप सदस्य, चैनपुर, प्रखंड।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

शंकर राम

प्रखंड कृषि पदाधिकारी गुमला व अध्यक्ष जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

रेशमा प्रवीण

रोजगार सेवक, केपुर पंचायत, रायडीह प्रखंड

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

संयुक्ता देवी

उपाध्यक्ष जिला परिषद, गुमला।

जिला स्थापना दिवस की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

सुशील कांडीर

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ,गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

अनमोल कुमार गुप्ता

अध्यक्ष रोटरी क्लब, गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

संजीव कुमार गुप्ता

निदेशक आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, पालकोट रोड, गुमला।

जनजातीय गौरव दिवस सह जिला स्थापना दिवस और छठ पर्व की समस्त जिलावासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

सुदर्शन भगत

सांसद, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र, गुमला।

भोला चौधरी

सांसद प्रतिनिधि, गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

रोहित खंडेलवाल

मीडिया प्रभारी मारवाड़ी युवा मंच सह बजरंग दल, गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह छठ पर्व की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

शैल मिश्रा

वार्ड आयुक्त सह पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, गुमला।

जिला स्थापना दिवस सह बिरसा मुंडा जयंती की समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक

हेमंत कुमार

निदेशक, सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर, गुमला।

स्पीड न्यूज

केसीसी को लेकर डीडीसी ने की बैठक

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में के.सी.सी से संबंधित आवेदनों के निस्तारण को लेकर बैठक किया गया। बैठक में सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों से लंबित आवेदनों की जानकारी ली। जिसमें सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों से लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों में एक के.सी.सी काउंटर भी बनाये और प्राप्त आवेदनों की जांच करते हुए आवेदनों का निस्पादन करें। बैठक में मुख्य रूप से अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी व जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन के धक्के से महिला की मौत

बेरमो। बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बेदकारो पश्चिमी पंचायत बेदकारो बस डिपु के समीप एक महिला ने किसी दुकान से सुबह में रोड क्रॉस कर सामान लेने जा रही थी इसी क्रम में किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई और सभी ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया। ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। मौके पर पहुंचे बेरमो बीडीओ मधु कुमारी गांधीनगर थाना प्रभारी अनूप सिंह पश्चिमी पंचायत बेदकारो मुखिया पति संजय सिंह से मिली जानकारी के अनुसार मुखिया पति संजय सिंह ने कहा कि इसका नाम इंदु देवीए पति लक्ष्मण कोल है इंदु देवी मजदूरी का काम करती थी।

सेक्टर-4 मजदूर मैदान में हुई गंगा आरती

बोकारो। सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में फ्रेंड्स क्लब की ओर से आयोजित छहदिवसीय महाकाली पूजन उत्सव में वाराणसी से पधारे ब्राह्मणों द्वारा श्री गंगा आरती कार्यक्रम विशेष आक्रषण का केंद्र रहा। हर साल की भांति इस बार भी भव्य मेला भी लगाया गया है। श्रद्धालुओं को क्रमशः खिचड़ी खीर आदि का भोग वितरण लगातार किया जा रहा है। अगले दो दिनों तक सुप्रसिद्ध कलाकारों के साथ निशा उपाध्याय एवं बृजेश सिंह द्वारा माँ भगवती का जागरण आयोजित है। मान्यता है कि उक्त महाकाली पूजनोत्सव में माँ काली से सच्चे मन से मांगी गई हर समुचित सृजनात्मक मुराद अवश्य पूरी होती है। मौके पर श्रद्धालुओं के अतिरिक्त समिति के वरिष्ठ कृष्ण कुमार मुन्ना उपेन्द्र सिंह प्रेमनाथ पांडेय अरविंद राय सुशील कुमार प्रभात कुमार त्रिलोचन मिश्रा धन जी प्रकाश कुमार ब्रजेश चंदन चीकू सहित अन्य सभी की सक्रियता जारी है।

छठ तालाब की सफाई के लिए नागरिक समिति की बैठक

गोविंदपुर। गोविंदपुर में सरकारी स्तर पर किसी भी छठ तालाब की सफाई नहीं होती। इस कारण दीपावली के दूसरे दिन से ही छठ तालाबों की सफाई की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। मुख्य छठ तालाब की सफाई एवं साज सज्जा के लिए नागरिक समिति अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में तालाब की पूरी तरह सफाई, तोरण द्वार तथा लाइटिंग का निर्णय लिया गया। बैठक में बलराम प्रसाद साव, डॉ अभिजीत गुप्ता, ललित केजरीवाल, हरीश अग्रवाल, महावीर बजाज, राजा दास, अनुज पांडेय, बाबू भगत, अमित मित्तल मुकेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल बिल्लू, बजरंग अग्रवाल, प्रशांत दास मौजूद थे।

डीसी-एसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

बोकारो। आगामी छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक सहित अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास पुरुषोत्तम कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी चास के द्वारा गरगा छठ घाट कैम्प 2 स्थित तिरंगा पार्क छठ घाट टू टैंक गार्डन छठ घाट सेक्टर 9 स्थित कूलिंग पौंड सेक्टर 4 स्थित सूर्य सरोवर जगरनाथ मंदिर छठ घाट का निरीक्षण किया।

जेवर पट्टी के जनरल शृंगार स्टोर में लगी भीषण आग

केंदुआ : अगलगी में दम घुटने से एक बच्ची समेत तीन की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

केंदुआ। केंदुआडीह थाना क्षेत्र के केंदुआ अंदर बाजार जेवर पट्टी में बीती सोमवार की रात भीषण आग हादसा हुआ है। इस आग हादसे में दो महिला और एक बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि तीन झुलस गए हैं। तीनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इनमें एक डेढ़ महीने की बच्ची भी है। सभी एक ही परिवार के हैं। जेवर पट्टी में स्थित एसके जनरल शृंगार स्टोर में अचानक भीषण आग लग गई। यह स्टोर सुभाष गुप्ता की है। आग की लपटों को देख लोगों की अचानक नजर पड़ी। इसके बाद अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते हजारों की संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। शृंगार स्टोर के ठीक ऊपर मकान है। अगलगी के दौरान मकान में परिवार के छह सदस्य मौजूद थे। आग बुझाने के साथ ही लोग मकान में मौजूद परिवार के सदस्यों की जान बचाने की

जद्दोजहद में जुट गए। लोगों में हादसे की सूचना अग्नि शमन विभाग को दी। इसके बाद दमकल की दो बड़ी गाड़ियां और एक छोटी गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंच पाती तब तक स्थानीय लोग आग पर काबू पाने की जुगत में जुट गए। स्थानीय लोगों की पहल काफी सराहनीय रही। लोग अपने अपने घरों से बाल्टी, डेकची समेत अन्य संसाधनों से पानी लाने का काम करने लगे। कई लोग दुकान की शटर तोड़ने में जुटे थे। ताकि आग के ऊपर पानी डाला जा सके। लोगों ने शटर के ऊपर पानी डाला। दुकान की शटर को तोड़ा। लोग पानी डालते गए। दुकान के ऊपर की मकान में मौजूद परिवार के सदस्यों की स्थिति बिगड़ते जा रही थीं। लोगों ने सड़क से ऊपर बालकनी में बांस की सीढ़ी लगाई। नीचे से सीढ़ी पर चढ़कर बालकनी में बड़ी मुश्किल से दाखिल हुए। इस दौरान तीन को निकालने में लोग सफल रहे। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम दो बड़ी और एक छोटी वाहन लेकर पहुंची। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रेस्क्यू के दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन अन्य को निकालने में सफल रहे। लोगों द्वारा रेस्क्यू कर मकान से दुकानदार सुभाष की 30 वर्षीय बहन प्रियंका गुप्ता, भाई सुमित गुप्ता और डेढ़ साल के बेटे शिवान्स को बाहर निकाला। जिसमें सोमिया उर्फ मौली की मौत हो चुकी है। जबकि भाई सुमित गुप्ता और डेढ़ साल के बेटे शिवांश का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों खतरे से बाहर हैं। फायर ब्रिगेड के द्वारा एक महिला और मां-बेटी को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। दुकान के मालिक सुभाष गुप्ता की 65 वर्षीय मां उमा देवी उसकी पत्नी सुमन गुप्ता और चार साल की बेटी मौली को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। सुभाष की मां उमा देवी और चार साल की बेटी मौली ने दम तोड़ दिया है। जबकि पत्नी सुमन गुप्ता का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा हैं।पत्नी खतरे से बाहर है। शृंगार स्टोर से सटे एक इलेट्रानिक दुकान व ठाकुर बीड़ी दुकान में भी आग लगी है। दुकान में रखे समान जल गए है, लेकिन किसी जान का नुकसान नहीं हुआ है। हादसे के दौरान सुभाष गुप्ता और उसके पिता अशोक गुप्ता घर से बाहर थे। जिस कारण दोनो सकुशल है। भीषण आग हादसे में तीन जखमी हैं।

अंतिम यात्रा में शामिल हुए हजारों लोग

वही मंगलवार को दोपहर में मृतक तीनो का शव केंदुआ बाजार पंहुचते ही कोहराम मच गई। परिवार वाले के चीख पुकार से पूरा बाजार रो पड़ा। तीनो का शव यात्रा एक साथ निकला। जिसमे हजारों की संख्या में लोग अंतिम यात्रा ने शामिल हुए। तीनों का अंतिम संस्कार तेलमच्चो स्थित घाट पर किया गया।

बोकारो : जन संघर्ष मोर्चा ने किया सोलागीडीह तालाब का निरीक्षण

छठ महापर्व को लेकर तैयारी शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। जन संघर्ष मोर्चा एवं नागरिक चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रतिनिधिमंडल ने चास स्थित सोलागीडीह तालाब का निरीक्षण किया गया। छठ व्रत को लेकर चास नगर निगम द्वारा किए जा रहे तैयारियों के मद्देनजर भ्रमण के दौरान तालाब की दयनीय स्थिति पर रोष जताते हुए स्थानीय लोगों के विरोध प्रकट करने पर तत्काल नगर निगम के पदाधिकारी उस स्थान पर पहुंचे जहां समिति सदस्यों ने उन्हें दिखाया कि तालाब में स्थानीय लोगों के घर का कचरा एवं मल मूत्र विसर्जित जल सीधा नाली बनाकर तालाब में प्रवाहित किया जा रहा है। सड़क किनारे बने निगम की नालियां अनुपयोगी है और पूरी तरह जाम व बंद है। साथ ही तालाब का जल बदबूदार व गंदा हो चुका हैं। इस स्थिति में छठ व्रतियों को छठ के लिए वहां सुरक्षित त्योहार मनाने की व्यवस्था की जाए। तालाब का जल स्वस्थ किया जाए अन्यथा तालाब में छठ मनाने पर प्रतिबंध घोषित किया जाय। इस निरीक्षण के क्रम में जन संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार महतो डीके त्रिवेदी मंजू देवी गोपाल शाह नीरज कुमार प्रदीप सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बेरमो : संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव बरामद

बेरमो। बोकारो जिला के दुग्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरूंबा पंचायत के गोठटांड़ डीवीए स्कूल के पीछे चंद्रपुरा धनबाद रेलवे लाइन के बीच एक युवक का संदेहास्पद स्थिति में शव पड़ा हुआ मिला। जिसकी सूचना मिलते ही दुग्दा थाना प्रभारी अंकित पांडेए बोकारो झरिया ओपी थाना प्रभारी रंजीत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां देखा कि शव के माथेए कंधेए चेहरेए एवं छाती के साथ.साथ गुप्तांग पर भी गहरे चोट के निशान थे। युवक बगल गांव कमार्टांड़ पंचायत गोठटांड़ के स्वर्गीय फूलचंद रवानी का लगभग 43 वर्षीय पुत्र जम्बू रवानी है।

धनबाद में डायबिटीज रन एंड हेल्दी फूड का आयोजन

विश्व मधुमेह दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। विश्व मधुमेह दिवस पर 14 नवंबर को रिसर्च सोसायटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज एवं जिले के कई स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा डायबिटीज रन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिटी सेंटर से लेकर रणधीर वर्मा चौक मॉर्निंग वॉक के महत्व को प्रदर्शित करते हुए रन का आयोजन हुआ जिसमें जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक, रोटरी क्लब, लायंस क्लब के पदाधिकारी, अभय सुंदरी के बच्चों ने भाग लिया। इसका समापन गांधी सेवा

सदन में हेल्दी ब्रेकफास्ट के साथ हुआ। मौके पर डायबिटीज के अध्ययन के लिए अनुसंधान सोसायटी के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य डॉ एन के सिंह ने बताया कि यह रन ईट लेस वॉक मोर के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए हुआ। आज मॉर्निंग वॉक में जिले के 20 से 30% लोग ही भाग लेते हैं डायबिटीज के रोकथाम के लिए लिए रेगुलर वॉक की जरूरत है। सुबह या शाम अगर समय मिले तो दोपहर में भी वॉक करके अपने को फिट रखा जा सकता है।

लायंस क्लब कतरास ने लगाया शिविर

कतरास। मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत वन जिला वन एक्टिविटी के दौरान आज वर्ल्ड डायबिटीज डे लायंस क्लब ऑफ कतरास के द्वारा मनाया गया। वर्ल्ड डायबिटीज डे के अवसर पर यह कार्यक्रम निचितपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के प्रांगण में मुफ्त ब्लड शुगर जांच एवं दवा वितरण का कैंप लगाया गया । जिसमें कुल 73 मरीजों का जांच किया गया और डायबिटीज के प्रति जागरूक रहने के लिए संबंधित मरीजों तथा आम जनता को भी जागरूक किया गया।

एक नजर में

श्यामा माई मंदिर में महाकाली पूजा संपन्न

बोकारो। बोकारो में मैथिलों के समागम स्थल व शहर की अनुपम धार्मिक धरोहर सेक्टर 2डी मिथिला चौक स्थित श्यामा माई मंदिर में दो दिवसीय महाकाली पूजनोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। आकर्षक साज सज्जा और गीत संगीत के रमणीक वातावरण के बीच मां काली की भक्ति भाव से पूजा की गई। मैथिली कला मंच कालीपूजा ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस महानुष्ठान में जहां मां काली की पूजा से श्रद्धा व भक्ति का माहौल बना रहा वहीं रंगारंग प्रस्तुतियों की भी धूम मची रही। शहर के सुविख्यात कलाकारों की ओर से प्रस्तुत भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत संगीत की सुर सरिता बही। पूरे पूजनोत्सव के दौरान मिथिला के प्रसिद्ध शहनाई वादक बिलट राम की रसन चौकी भी खूब जमी। मुख्य मंदिर की फूलों से अतुलनीय सजावट और भीतर श्यामा काली की भव्य प्रतिमा अलौकिक छटा बिखेर रही थी। मां अपने भक्तों पर आशीष लुटाती रही और दूर.दूर से आये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उल्लेखनीय है कि श्यामा माई मंदिर में वर्ष 1984 से वैदिक रीति व तंत्रोक्त पद्धति से मां काली पूजनोत्सव होता आ रहा है।

द आई स्कूल में कई कार्यक्रम

कोडरमा। सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल में मंगलवार को बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंग भरो प्रतियोगिता और ओपन डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर विद्यालय की निदेशक मधु कुमारी ने सबका ध्यान चाचा नेहरू जी की विशेष बातों पर दिलाया और बच्चों को अच्छे नागरिक बनने को प्रेरित किया। इस दौरान केक काटा गया और बच्चों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं सभी बच्चों को पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी गयी। स्कूल की एडमिन श्रुति राय ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल टीचर सपना, स्वाति के अलावा विकास और असगर की भूमिका रही।

धनबाद जिला फोटोग्राफर एसो. का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसिएशन की पहली सामूहिक बैठक बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार मे रखा गया। बैठक में उपस्थित अतिथि ओमप्रकाश अग्रवाल, बापी घोषाल, सुरेश भाई ,भारत चावड़ा,अनिल गुप्ता , अनिल जायसवाल का स्वागत संस्था के सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। बैठक में धनबाद सहित,बरवाअड्डा,तोपचाची, राजगंज, टुंडी, बलियापुर ,गोविंदपुर, निरसा , सिंदरी , झरिया

बैंकमोड़ ,पुटकी, केंदुआ, कतरास, बैंक मोड़ , भूली ,बस स्टेंड, सरायढेला, हीरापुर एवं विभिन्न क्षेत्र के लगभग 150 फोटोग्राफरस शामिल हुए जिन्होंने बारी-बारी से अपना परिचय सबके सामने रखा एवं संगठन को मजबूत करने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम के दौरान धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसिएशन का लोगो का विमोचन किया गया। बाद में सर्वसम्मति से बुला चंद्र को संस्था के अध्यक्ष राम कुमार सिंह को सचिव एवं विश्वास कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सतर्कता कार्यशाला का आयोजन

धनबाद। मंगलवार को धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सतर्कता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद पाठक, पूर्व प्रोफेसर, आईआईटी (आईएसएम), धनबाद की उपस्थिति में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जीवन में नैतिकता और शासन के महत्व के बारे में बताया गया और नैतिकता को हमारे दैनिक जीवन में शामिल करने को कहा गया।

जवाहर लाल नेहरू की मनी जयंती

चिरकुंडा। तालडांगा हाउसिंग कालोनी स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश चंद्र झा के आवासीय कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिन मनाया गया। लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर डॉ अमिरूल्लाह, शशि भूषण नाथ तिवारी,गैरुल हसन,हरदेव मंडल, निशिकांत मिश्रा, मंतोष यादव, सहदेव यादव, जितेन्द्र मिश्रा, अशोक शर्मा आदि मौजूद थे।

दुर्ग-पटना और कोयम्बटूर बरौनी के बीच चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। छठ पूजा के दौरान ट्रेनों में होने वाले भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने दुर्ग से पटना और पोदनुरध्कोयम्बटूर से बरौनी रेलवे स्टेशन के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन 08201ध्08202 ;दुर्ग.पटना.दुर्ग छठ पूजा स्पेशलद्ध ट्रेन दिनांक 16 नवम्बर को दुर्ग से पटना और 17 नवम्बर को पटना से दुर्ग के लिए राउरकेला.रांची.बोकारो.गया के रास्ते पटना तक चलेगी। आद्रा मंडल के बोकारो रेलवे स्टेशन पर दिनांक 16 नवम्बर को ट्रेन 08201 का आगमनध्प्रस्थान 03रू15ध03रू20 तथा दिनांक 17 नवम्बर को ट्रेन 08202 का आगमनध्प्रस्थान 17रू00ध17रू05 रहेगा। जबकि पोदनुरध्कोयम्बटूर और बरौनी रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन 06059ध06060 ;दुर्ग.पटना.दुर्ग छठ पूजा अनारक्षित स्पेशलद्ध ट्रेन दिनांक 14 नवम्बर को कोयम्बटूर से बरौनी और 16 नवम्बर को बरौनी से कोयम्बटूर के बीच चलेगी।

बाल मजूदरी देश के लिए अभिशाप : प्रमोद

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झुमरी तिलैया चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में बाल दिवस एवं बाल मजदूरी पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थीयों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित निदेशक डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि बाल मजूदरी हमारे देश के लिए एक अभिशाप है, जिसपर अभी तक पूरी तरह से रोक नहीं लग सका

है, जो हमारे गरीब बच्चों के लिए मजबूरी बन चुका है। इसे समाप्त करने के लिए हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। वहीं कुलसचिव डॉ अजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन के माध्यम से बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। उपकुलसचिव डॉ तेज नारायण ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रो अजय कुमार बर्णवाल ने वक्तव्य दिये।

आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू जी की भूमिका महत्वपूर्ण

सिंदरी में कांग्रेसियों ने मनाई नेहरू जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की 134 वीं जयंती सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा इंटक कार्यालय में धूमधाम से मंगलवार को संपन्न हुआ। शिक्षक विश्वनाथ प्रसाद सिंह व नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि चाचा नेहरू का व्यक्तिगत जीवन बेहद गरिमा पूर्ण था। उनका स्कूली शिक्षा हैरो से हुआ जबकि कॉलेज की शिक्षा ट्रीनिटि कॉलेज, कैंब्रिज लंदन से पूरी हुई। सिंदरी नगर

अध्यक्ष अजय कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा की धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को संविधान में शामिल करने तथा प्रधानमंत्री के रूप में उसको विकसित करने में नेहरू का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला कार्यकारिणी सदस्य विदेशी सिंह, सियाकांत दुबे, सोमनाथ दुबे, जिला महामंत्री अजय सिंह, प्रदेश सचिव पूर्णेन्दु सिंह, सत्येंद्र सिंह, रघुनाथ सिंह, गोपाल तिवारी, सरदार जोगेंद्र सिंह, मदन प्रसाद, शैलेश कुमार, सत्यदेव सिंह, मुजफ्फर हुसैन राही, आनंद कुमार, ललन ठाकुर, गौतम मोदी, अजीत कुमार मंडल, अश्वनी कुमार मंडल, शैलेश कुमार पंडित, मो हकीम, मो शमसुद्दीन, गोपाल तिवारी, नवीन कुमार गुप्ता, मंजूर अहमद, भरत शर्मा, अरविंद कुमार, एस ठाकुर, विजय कुमार साहू, सुरेश प्रसाद सिंह, श्याम किशोर सिंह, चंद्र विजय सिंह, प्रशांत पांडे सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कोडरमा : कांग्रेस कार्यालय में मनी नेहरू जयंती

कोडरमा। आधुनिक भारत के निमार्ता देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 134वीं जयंती कोडरमा जिला कांग्रेस कार्यालय ओम नमः शिवाय कंपलेक्स महाराणा प्रताप चैक द्वितीय मंजिल में जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में मनाई गयी। इस मौके पर सर्वप्रथम कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू सामाजिक बदलाव के प्रति बेहद सजग थे। संविधान में पहले ही अनुच्छेद 17 के अंतर्गत अस्पृश्यता उन्मूलन का प्रावधान शामिल कर लिया था। सरकार ने इसमें और वृद्धि करते हुए 1955 में अछूत विरोधी कानून पास कर दिया था, जिससे छुआ-छूत का रिवाज दंडनीय और संज्ञेय अपराध बना दिया गया। वहीं प्रदेश कांग्रेस सचिव नारायण बर्णवाल ने कहा कि नेहरू यह मानते थे कि भारत की समस्याओं का समाधान के लिए विज्ञान और तकनीकी का विकास अति महत्वपूर्ण है। वहीं कांग्रेस नेता सईद नसीम ने कहा कि पंडित नेहरू शुरू से ही गांधी जी से प्रभावित रहे। वे कुल 9 बार जेल यात्राएं की। कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि वरिय जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, जिला प्रवक्ता संजय शर्मा, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह आदि मौजूद थे।

पेज 5 का शेष

बिरसा मुंडा की धरती...

इसके बाद 11.39 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्पीच होगा। कार्यक्रम के समापन से पहले पीएम मोदी दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। उनका संबोधन करीब 45 मिनट का होगा। **पीएम देंगे राष्ट्र को सौगात :** अपने संबोधन के बाद पीएम पीवीटीजी मिशन लांच करेंगे। इस मिशन पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस मिशन के जरिये उनतक तमाम बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं पहुंचायी जायेंगी। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि के 15वें किस्त के तहत 18 हजार करोड़ रुपये जारी करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद वहीं से पीएम आईआईएम, रांची के परमानेंट कैंपस, आईआईटी, आईएसएम धनबाद के एक्वामेरिन स्टूडेंट हॉस्टल, हटिया-पकड़ा सेक्सन रेल लाइन के दोहरीकरण, जारंगडीह-पतरातू रेल लाइन के दोहरीकरण, तालगोरिया-बोकारो रेल लाइन के दोहरीकरण योजना का उद्घाटन करेंगे। राज्य में इलेक्ट्रिफिकेशन इस प्लान को भी पीएम राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी भी दिखायेंगे। इसका मकसद होगा सरकार की प्रमुख योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना। इसके लिए आइडी वैन को हरी झंडी दिखायेंगे, जो 25 जनवरी तक देश के सभी जिलों को कवर करेगी। शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम के बाद 11.54 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एक वीडियो मैसेज दिखाया जायेगा। **धरती आबा के परिजनों से मिलेंगे :** बिरसा मुंडा की प्रतिमा का रंग-रोगन का कार्य पूरा हो चुका है। परिसर के अंदर कॉटेज का निर्माण किया गया है। यहीं पीएम मोदी बिरसा मुंडा के परिजनों से मिलेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। परिसर को फूलों से सजाने के लिए बंगाल से कारीगर पहुंच चुके हैं। **रांची में तीन रात गुजारनेवाले देश के पहले पीएम मोदी :** झारखंड में यह तीसरा मौका है जब पीएम मोदी रांची के राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। आज तक देश के किसी भी पीएम ने अपने कार्यकाल में इतनी बार किसी अन्य राजभवन में रात्रि विश्राम नहीं किया है। लोकसभा चुनाव के वक्त 23 अप्रैल 2019 को रांची आये थे। उस दिन उन्होंने हीनू से बिरसा चौक तक रोड शो किया था। तब वह पहली बार राजभवन में रात्रि विश्राम के लिए रुके थे। दूसरी बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर 21 जून 2019 को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे। इसके लिए वह एक दिन पहले ही रांची पहुंचे थे। यह दूसरा मौका था जब उन्होंने राजभवन में रात्रि विश्राम किया था। तीसरा रात्रि विश्राम बिरसा मुंडा के जन्म दिन 14 जनवरी 2023 को किया।

जय झारखंड जय भारत

धरती आबा बिरसा मुंडा की
धरती पर पीएम नमो का
हार्दिक स्वागत एवं जोहार

निवेदक

भाजपा, अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश, रांची

श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

श्री बाबूलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा

श्री अमित शाह
गृह मंत्री

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की
जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस
के शुभ अवसर पर सभी झारखण्डवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं जोहार !

प्रदीप वर्मा
प्रदेश महामंत्री
झारखण्ड प्रदेश, भाजपा

हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री

झा॰ मु॰ मो॰

शिबु सोरेन
राज्यसभा सांसद

झारखंड राज्य स्थापना दिवस, *धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर* समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आईये
हम सभी मिलकर हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करें।



वैद्यनाथ राम
झामुमो विधायक लातेहार

झारखंड के पर्यावरण पर गंभीर विमर्श हो

मनोज शर्मा

झारखंड राज्य का आज स्थापना दिवस है। खनिज संपदा के लिये हमारा राज्य चर्चा में रहता है लेकिन इन खनिज संपदा के दोहन के क्रम में लाखों वृक्ष कटते हैं, पर्यावरण का सत्यानाश होता है इससे होने वाले नुकसान की कभी चर्चा नहीं होती है।

धनबाद सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार हो गया है। कोयला खदानों के उत्खनन के बाद की स्थिति क्या है? उन क्षेत्रों के ग्रामीणों की स्थिति खराब है। वे जल संकट से लेकर भीषण सांस की बीमारी और कठिनाई के बीच जीने को विवश है। जब बात होती भी है तो सिर्फ रॉयल्टी कोलेकर। सिडनी जैसे विकसित शहर में नल खुले रखने पर जुर्माना की बात करना एक और खतरनाक संकेत दे रहा है। अमेरिका के 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2017 में 12 लाख लोग मारे गए। वर्तमान में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण दक्षिण एशिया में बच्चों की औसत जीवन प्रत्याशा में ढाई साल की कमी आएगी, जबकि नियंतग्र जीवन प्रत्याशा में 20 महीने की कमी आएगी। ये सारी बातें एक बार फिर इसलिए चर्चा के केंद्रबिदु में हैं क्योंकि हाल ही में विविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के विविद्यालयों में अनिवार्य रूप से पर्यावरण विषय को पढाने को कहा है।यूजीसी का यह फैसला स्वागतयोग्य है, मगर अभी भी यह निर्णय कई बिदुओं पर अधूरा है। प्रदूषण की मार का नियंतग्र तौर पर हर आम और खास किस तरह सामना कर रहे हैं, यह सबके सामने है। सो सिर्फ रूटीन पढाई करके आप पर्यावरण को बेहतर नहीं बना सकते हैं। इसके लिए पढाई के तौर-तरीकों को बदलना होगा। उसके आयामों को 360 डिग्री बदलने की जरूरत है। इसके लिए सालों पुराने

पाठ्यक्रम को नये कलेवर में लाना होगा। हमारे देश में यह कमी है कि हम अपने कोर्स में जल्दी-जल्दी बदलाव नहीं करते हैं, जबकि हमारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और प्रशासकीय समस्याएं गतिशील हैं। हमें इस जड़ता को खत्म करना होगा। विदेशों में सालों-साल तक चलने वाले कोर्स का कोई अस्तित्व ही नहीं है। वहां तो हर साल विषयों के कोर्स में बदलाव किए जाते हैं। वहां सेशन शुरू होने के पहले ही संक्षेप में बता दिया जाता है कि इस साल क्या-क्या पढाया जाएगा? इसके उलट हमारे यहां 15 साल 20 साल पुराने कोर्स अभी भी पढाए जाते हैं। कई कोर्स तो इतने पुराने हो गएहैं कि अब उनकी वर्तमान समय में कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। इसे समझने की आवश्यकता है। आशय यह है कि गैर महत्त्वपूर्ण पाठय़क्रम को खत्म करना होगा। कुल मिलाकर नये पाठ्यक्रम के लिए लचीला रुख अपनाना होगा। यह कहा जा सकता है कि प्रकृति की सुरक्षा के लिएयुवा और छात्रों की भागीदारी अत्यंत आवशय्क है। नई पीढी को बोरियत से बाहर निकालना समय की मांग है। अगर इसमें व्यापक तौर पर तब्दीली नहीं लाई गई तो पठन-पाठन के जरिये बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगी।पिछले कई साल से यूजीसी विविद्यालयों-शिक्षण संस्थानों-कॉलेजों को पत्र लिखकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने हुए अंडर ग्रेजुएट स्तर पर पर्यावरण विज्ञान विषय को अनिवार्य रूप से पढाने के आदेश दिए गए, लेकिन बताया जाता है कि देशभर के कुल 706 विविद्यालयों में से 306 विविद्यालयों ने इस विषय को अभी तक शुरू नहीं किया है। शैक्षणिक स्तर पर यह लापरवाही चिंता के साथ-साथ निराशा का माहौल भी पैदा करती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसा भी देखा गया है कि कई विविद्यालयों-संस्थानों ने पर्यावरण विज्ञान विषय शुरू तो किया है, मगर वह मनमाने तरीके से इस विषय को पढ़ा रहे हैं। जबकि यूजीसी ने कहा है कि पर्यावरण अध्ययन पर मॉड्यूल को पढ़ाने का काम उन शिक्षकों को सौंपने की जरूरत है, जो यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हैं। पर्यावरण विज्ञान विषय को पढ़ाने के लिए उसी विषय में उच्च उपाधि प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति करना अपेक्षित है, लेकिन यह विषय दूसरे विषयों के स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षकों से पढ़वाया जा रहा है, जिसके चलते पर्यावरण विज्ञान के उच्च उपाधि प्राप्त उम्मीदवार बेरोजगारी होकर भटक रहे हैं। कहने का तात्पर्य है कि शिक्षा से जुड़े नीतिकार और विशेषज्ञों को यह दायित्व समझना होगा और जिम्मेदारी के साथ देश की बेहतरी के लिए भविष्य के बेहतरीन छात्र तैयार करने होंगे। इसको हमारी दिन-प्रतिदिन की जो समस्या है, उससे जोड़ना होगा, कनेक्टिविटी बढ़ानी होगी।

एक और अहम सुझाव यह है कि पर्यावरण या प्रदूषण की समस्या को हमें स्वास्य से जोड़ना होगा। जब तक प्रदूषण के दुष्परिणामों की जानकारी जनता को नहीं होगी, तब तक उसमें बेहतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर होगी। हम अक्सर देखते हैं कि किडनी/लीवर आदि गंभीर बीमारियां प्रदूषण और खराब पानी और खानपान की वजह से होती हैं। अगर प्रदूषण के बारे में लोग जागरूक होंगे तो तस्वीर निश्चित तौर पर बदल सकती है। पराली जलाने, जंगलों की अंधाधुंध कटाई के दुष्परिणामों को जनता को बताने की जरूरत है।

झारखंड के विकास के लिये शिक्षा के प्रसार पर अधिक से अधिक जोर हो

अनुष्का चौधरी

झारखंड का निमार्ण देश के विकास और राज्य के विकसित होने के उदेश्य से किया गया। राज्य के संसाधनों पर बिहार का अधिकार था और झारखंड क्षेत्र इस कारण उपेक्षा का शिकार था। आज आवश्यकता राज्य में अधिक से अधिक मेडिकल, इंजीनियरिंग प्रबंधन और माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर बेहतरीन स्कूलों की स्थापना की जाए। आईआईएम की स्थापना भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा भारत के योजना आयोग की सिफारिश के आधार पर शुरू की गई थी। भारत में कुल 20 आईआईएम हैं , जो की देश के हर कोने में स्थित है। आईआईएम अहमदाबाद, बेंगलुरु , कलकत्ता सबसे पुराने है ।

15 दिसंबर, 2009 में रांची , झारखंड में भी आईआईएम की स्थापना हुई। आईआईएम रांची उन छह नए आईआईएम में से एक है जिन्हें 27 अगस्त 2009 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई थी। एम.जे. जेवियर संस्थान के संस्थापक निदेशक थे। आज लगभग 14 साल बाद , आईआईएम रांची ने दुनिया भर में अपनी पहचान छोड़ी है। और ऐसी ही पहचान छोड़ी है रांची की बेटी ने । डीएवी गांधीनगर से बारहवीं उत्तीर्ण की और अब आईआईएम कोझिकोड में दाखिला हुआ।

भारतीय प्रबंधन संस्थान कोझिकोड केरल के कालीकट (कोझिकोड) में स्थित एक स्वायत्त सार्वजनिक बिजनेस स्कूल है। भारत सरकार द्वारा केरल राज्य सरकार के सहयोग से 1996 में स्थापित यह संस्थान 20 भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) में से एक है। यह स्थापित होने वाला पांचवां ककट था। सभी आईआईएम प्रबंधन में दो साल का पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) प्रदान करते हैं, जो मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री के बराबर है। इस कार्यक्रम को आईआईएम का प्रमुख कार्यक्रम माना जाता है, और सफल उम्मीदवारों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) का पुरस्कार दिया जाता है।आईआईएम भारत के सबसे मुश्किल परीक्षाओं में से एक है और यहां पढ़ना कई छात्रों का सपना है। तो आइए बात करते हैं कि यहां प्रवेश लेने के लिए क्या प्रक्रिया है -1)) पहला चरण आईआईएम द्वारा आयोजित कॉमन एप्टीट्यूड टेस्ट या कैट परीक्षा के लिए उपस्थित होना है2) आवश्यक कट-ऑफ और समग्र स्कोर को पार करने के बाद, उम्मीदवार को लिखित परीक्षा/समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) के लिए बुलाया जाता है।

3) प्रत्येक श्रेणी में उम्मीदवारों के लिए प्रवेश की अंतिम पेशकश अंतिम समग्र स्कोर के आधार पर की जाएगी, जिसमें कार्य अनुभव, लिंग, स्कूल बोर्ड आदि जैसे विभिन्न भारों को ध्यान में रखा जाएगा।देश में आशा की एक किरण सामने आती है क्योंकि शिक्षा ही वो रास्ता है जिससे गरीबी और बेरोजगारी दूर हो सकती है। शिक्षा का स्तर जितना अधिक होगा, विकास की संभावना उतनी ही बेहतर होगी। शिक्षा केवल गरीबी मिटाने में नहीं , आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मददगार है ।

आज भारत देश विकासशील देश माना जाता है और यह हुआ है केवल शिक्षा से ।देश भर में नई नई तकनीकियां आ गई है जिसकी शायद हमने सालों पहले कल्पना भी नहीं की होंगी - एटीएम, मेट्रो , ऑनलाइन पेमेंट के ऐप जैसे जीपे , पेटीएम आदि। प्रौद्योगिकी स्कूलों में अधिक प्रचलित हो रही है और एक अद्यतन शैक्षिक प्रणाली का मार्ग प्रशस्त कर रही है। प्रौद्योगिकी ने हमारे सीखने, संचार करने और सूचना संसाधित करने के तरीके को बदल दिया है। इसने सीखने को अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बना दिया है, और सहयोग और ज्ञान साझा करने की नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन संसाधनों और उपकरणों तक पहुंच प्रदान करने से लेकर छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार और सहयोग को सुविधाजनक बनाने तक, शिक्षण और सीखने में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है।

इसका उपयोग आकर्षक और इंटरैक्टिव शिक्षण अनुभव बनाने के लिए भी किया जा सकता है।ये सब संभव हुआ है शिक्षा के माध्यम से। शिक्षा किसी भी देश के प्रगति के लिए बहुत जरूरी है। शिक्षा बेहतर रोजगार के अवसरों की प्रवृत्ति बढ़ाती है।

सभी समझें और जाने श्री चित्रगुप्त भगवान को

डॉ.प्रणव कुमार बब्बू,

(अधिवक्ता, भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एबीकेएम हैं।)

बहुत बड़ी गलतफहमी है कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज केवल कायस्थों के आराध्य हैं, जो भी सनातन धर्म और इसके मर्म को समझता है। वह अच्छी तरह से जानता है कि व्यावहारिकता की मजबूत जमीन पर श्री चित्रगुप्त जी महाराज सभी के भगवान हैं। वे किसी से कोई भेदभाव नहीं करते इसलिये लोग चाहे किसी भी जाति, समाज या समुदाय से सम्बन्ध रखते हों पर सभी की यह जिम्मेदारी है कि वह जाति के बंधन को तोड़कर इस बात को समझे और माने भी कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी हर काल के प्रेरणा पुंज थे, हैं और रहेंगे। श्री धर्मराजस्य चित्रगुप्तः शुभंकरः

पायान्मां सर्वपापेभ्यः शरणागत वत्सलः।।

एक बार युधिष्ठिरजी, भीष्मजी से बोले कि हे पितामह! आपकी कृपा से मैंने धर्मशास्त्र सुना परंतु यम द्वितीया का क्या पुण्य है? क्या फल है? यह मैं सुनना चाहता हूं। अतः आप कृपा करके मुझे विस्तारपूर्वक कहिये। तब भीष्मजी बोले कि तूने सर्वश्रेष्ठ बात पूछी। मैं उसी उत्तम व्रत को विस्तारपूर्वक बताता हूं। कार्तिक मास के उजले और चैत्र के अंधेरे की पक्ष जो द्वितीया होती है वह यम द्वितीया कहलाती है। तब, युधिष्ठिर जी बोले कि उस कार्तिक के उजले पक्ष की द्वितीया में किसका पूजन करना चाहिए और चैत्र महीने में यह व्रत कैसे हो? इसमें किसका पूजन करें?

श्री ब्रम्हा जी ने मुख से ब्राहम्णों को, बाहुओं से क्षत्रियों को, जंघाओं से वैश्यों को और पैरों से शूद्रों को उत्पन्न किया। उनके पीछे देव, गंधर्व, दानव, राक्षस, सर्प, नाग, जल के जीव, स्थल के जीव, नदी, पर्वत और वृक्ष आदि को पैदा कर मनुजी को पैदा किया। इसके बाद दक्ष प्रजापतिजी को पैदा किया और तब उनसे आगे और सृष्टि उत्पन्न करने को कहा। दक्ष प्रजापतिजी से साठ कन्यायें उत्पन्न हुईं जिनमें से दस धर्मराज को, तेरह कश्यप को और सताईस चन्द्रमा को दी। कश्यपजी से देव, दानव, राक्षस इनके सिवाय और भी गंधर्व, पिशाच, गो और पक्षियों की जातियां पैदा हुईं।

ब्रम्हा जी की आज्ञा सुनने के पात्रता बुद्धिमान धर्मराज ने हाथ जोड़कर सबके परम-पूज्य ब्रम्हा जीको कहा कि हे प्रभु! मैं आपका सेवक निवेदन करता हूं कि इस सारे जगत के कर्मों का विभागपूर्वक फल देने की जो आपने मुझे आज्ञा दी है, वह एक महान कर्म है। आपकी आज्ञा शिरोधार्य कर मैं यह काम करूंगा जिससे कि कताओं को फल मिलेगा परंतु पूरी सृष्टि में जीव और उनके देह भी अनंत हैं। देशकाल ज्ञात-अज्ञात आदि भेदों से कर्म भी अनंत हैं। उनमें कर्ता ने कितने किये, कितने भोगे और कितने शेष हैं और कैसा उनका भोग है तथा इन कर्मों के भी मुख्य व गौण भेद से अनेक हो जाते हैं तो उसे कर्ता ने कैसे किया? स्वयं किया या दूसरे की प्रेरणा से किया आदि कर्म चक्र बहुत ही विस्तृत हैं। अतः मैं अकेला किस प्रकार इस भार को उठा सकूंगा? इसलिये मुझे कोई ऐसा सहायक प्रदान दीजिये, जो धार्मिक, न्यायी, बुद्धिमान, शीघ्र कर्मकारी, लेख कर्म में विशेषज्ञ, चमत्कारी, तपस्वी, ब्रम्हानिष्ठ और वेद शास्त्र का ज्ञाता हो। धर्मराज के इस प्रकार प्रार्थनापूर्वक किए हुए कथन को विधाता सत्य जान मन में प्रसन्न हुए और यमराज का मनोरथ पूर्ण करने की चिंता करने लगे कि उक्त सब गुणों वाला ज्ञानी लेखक पुरुष अवश्य होना चाहिये। उसके बिना धर्मराज का मनोरथ पूर्ण न होगा। तब ब्रम्हा जी ने कहा कि हे धर्मराज! तुम्हारे अधिकार में मैं सहायता करूंगा। उसी अवस्था में उन्होंने ग्यारह सौ वर्ष तक तपस्या की। जब समाधि खुली तब अपने सामने श्याम रंग, कमल नयन, शंख जैसी गर्दन, गूढ़ सिर, चन्द्रमा के समान मुख वाले, कलम-दवात और पानी हाथ में लिए हुए, महाबुद्धि, देवताओं का मान बढ़ानेवाले, धर्माधर्म के विचार में महाप्रवीण लेखक, कर्म में महाचतुर पुरुष को देख उससे पूछा कि तू कौन है? तब उस युवक ने कहा कि हे प्रभु! मैं माता-पिता को तो नहीं जानता किंतु आपके शरीर से प्रकट हुआ हूं इसलिए मेरा नामकरण कीजिए और कहिये कि मैं क्या करूं? तब श्री ब्रा-जी ने कहा- तू मेरी काया से प्रकट हुआ है इससे मेरी काया में तुम्हारी स्थिति है। इसलिये तुम्हारा नाम कायस्थ है।

महिलाओं की उचित भागादारी के लिये सजग रहें: शिल्पी नेहा तिर्की

उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की ने छात्राओं को संबोधित मांडर की विधायक किया। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश में 35 लाख लड़कियां स्नातक की परीक्षा पास कररही है जो लड़को से अधिक है लेकिन विधायिका, न्याय पालिका और ब्यूरोक्रेट के बीच उनकी संख्या न्यूनतम है जो चिंता का विषय है। श्री मती तिर्की ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है।

इस अवसर पर विशष्ठ अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा आज के छात्रों को अपने माता-पिता की बात माननी चाहिए और अपने कठिनाइयों से अवश्य लड़ना चाहिए। बैंक के अधिकारी की नौकरी छाड़ने और राजनीति में आने और शिक्षा मंत्री के पद पाने तक की अपनी संघर्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने छात्राओं से अपील की कि कड़ी मेहनत से कभी भी भागना नहीं च ाहिए।

कार्यक्रम के उदेश्य पर बोलते हुए उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कहा कि स्कूल की छात्राओं ने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है और इस प्रदर्शन के लिये वे शिक्षकों सहित पूरे उर्सूलाइन परिवार की आभारी है। उन्होंने बताया कि राजा उलातू उर्सुलाइन इंटर कॉलेज में भी छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हमारे उस शाखा के छात्रों में भी आत्मविश्वास बढ़ा है। स्कूल के प्रांगण में सभागार में छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिये नियमित कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

इस अवसर पर उर्सूलाइन राजा उलातू इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सात पूर्वी राज्यों का नृत्य प्रस्तुत किया जो उपस्थित जन समूह द्धारा सराहा गया।

कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के पहले दिन इसरो के वैज्ञानिकों की सफलता पर भी एक भावपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही योग के महत्व को दर्शाते हुए भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों और अभिभावकों की महत्वकांक्षा से उपजी समस्या को उल्लेखित करते हुए एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया गया जिसमें अभिभावक ने खेल प्रिये अपने बेटे को जबरन आइआइटी में पास करने का दबाव बनाया और उसने दबाव न सहने की स्थिति के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठा लिये।

छात्रों और शिक्षकाओं ने भी कई लघु हास्य नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। झारखंड का अपना महत्व है और झारखंड की आदिवासियों की जीवन शैली और सहजता से संबंधित नृत्य नाटिका का आकर्षक प्रस्तुति भी पेश की गयी।

इस अवसर मोटिवेटर दीपक किंडो ने भी छात्राओं को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कागज की नोट और सादे कागज का महत्व समझों। उन्होंने कहा कि कागज की नोट चाहे जिस स्थिति में रहे उसमें कोई अंतर नहीं पड़ता है।

कार्यक्रम में मोटिवेटर काउंसलर एनके मुरलीधर ने कहा कि छात्र जीवन ही मर्यादा और अनुसाशन का जीवन है जिसकी आदत बेहतर स्कूल उर्सुलाइन इंटर कॉलेज में लग जाती है। यह आदत पूरे जिंदगी आपको काम करने में मदद करती है। अपने शिक्षकों का सम्मान और आप ऐसा बनें कि आपको देखकर लगे कि आप उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की छात्रा है। यहां तक की आपक परिजनों की आदतों में सुधार हो जाए। संजय सर द्धारा निर्देशित नाटक की चर्चा करते हुए श्री मुरलीधर ने किया उर्सूलाइन के राम, सीता और हुनमान को हम मर्यादा मानकर प्रणाम करते हैं। जीवन में मर्यादा का महत्व है।

दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन का अंत राष्ट्रगान से किया गया।

स्पीड न्यूज

एसडीपीओ व नगर थाना प्रभारी मुस्तैद रहे

गोड्डा। आज मंगलवार को हाट का दिन और उसपर दीपावली और छठ पर्व को लेकर खरीददारी को लेकर ग्रामीण और शहरी खरीददारों ने इतनी भीड़ लगाई की कारगिल चौक से लेकर रौतारा चौक तक सड़क जाम ही जाम थी । पुलिस प्रशासन की ओर से हर तरफ पुलिस बल के जवानों को ट्रैफिक पुलिस को जगह जगह लगा कर जाम को कम करने का प्रयास किया गया ।

बच्चों के बीच पठन सामग्री व मिठाई का वितरण

गोडडा। नगर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने मंगलवार को बाल दिवस के अवसर पर कालीपीठ स्थित विवेकानन्द आश्रम पहुँचकर बच्चों के बीच कॉपी, कलम, पेन्सिल, इरेजर, कटर जैसे पठन सामिग्री एवं नास्ता बांटकर बच्चों के साथ बाल दिवस मनाकर मानवता की अनोखी मिशाल पेश किया। थाना प्रभारी मोदक ने आश्रम संचालक से विस्तार से आश्रम के बारे में चर्चा की तथा संचालक वन्दना दुबे को अच्छी सोच के साथ समाज के लिए कार्य करने पर बधाई दी और उन्हें पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने आश्रम में रहने वाले बच्चों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जिसका कोई नही उनका भगवान होता है और जहां भगवान नही आ पाते वहाँ बंदना जी जैसे लोगो को भेजते है।

बीआर एलेवेन ने 76 रनों से बनारणाचा की टीम हराया

मसलिया। मां राजेश्वरी क्रिकेट क्लब सापचाला की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन मंगलवार को फाइनल मैच के साथ हो गया। इसका सुभारम्भ बारह नवंबर को किया गया था। टूनार्मेंट में कुल सोलह टीमों ने हिस्सा लिया। जिसका फाइनल मुकाबला बीआर एलेवेन व बनारनाचा टीम के बीच हुआ। बीआर एलेवेन ने टास जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया । बनारनचा की टीम ने 12 ओवर में 10 विकेट खोकर 76 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। टीम से रूपेश ने सर्वाधिक 42 रन जोड़े वहीं सुखेन ने 3 ओवर में 32 रन देकर 5 विकेट लिया। जबाबी टीम बीआर एलेवेन ने लक्ष्य को 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 76 रनों लक्ष्य हासिल कर विजेता रहा। मैच में अंपायर की भूमिका के ओम प्रकाश यादव व अमित यादव, स्कोरिंग विवेक यादव, लाइव स्कोर सुमन व कमेंट्री सौरभ यादव ने किया।

दारोगा हत्याकांड पर बिहार में सियासी उबाल

पटना। जमुई जिले में बालू माफिया द्वारा ट्रैक्टर चढ़ाकर दारोगा की हत्या करने के मामले पर बिहार में सियासत गर्मा गई है। हालांकि, इस मुद्दे पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने चौंकाने वाला बयान दिया है। इस हत्याकांड के सुर्खियों में आने के घंटों बाद जब उनसे इस मामले पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। दूसरी ओर, बीजेपी समेत अन्य विपक्षी दल नीतीश सरकार को इस मुद्दे पर जमकर घेरने में लगे हैं। जमुई जिले के गढ़ी थाना इलाके में मंगलवार को बालू तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने चेकिंग की। इस दौरान बालू माफिया ने ट्रैक्टर से दारोगा प्रभात रंजन और सिपाही को कुचल दिया। इस हमले में दारोगा की मौत हो गई। बालू माफिया के हौसले बुलंद होने पर कानून व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़े होने लगे हैं।

गोवर्धन पूजा पर नित्यानंद राय का ऐलान

बीजेपी की सरकार बनी तो गोहत्या पर लगेगा बैन

एजेंसी

पटना। बीजेपी ने बिहार में लोकसभा चुनाव के साथ ही 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव की भी बिसात बिछाना शुरू कर दी है। पार्टी राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ने का पहले ही ऐलान कर चुकी है। नीतीश कुमार की जेडीयू और लालू यादव की आरजेडी को टक्कर देने के लिए बीजेपी कई तरह के पैतरें अपना रही है। अब केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने ऐलान किया है कि अगर राज्य में पार्टी की सरकार बनी तो गोहत्या पर बैन लगाया जाएगा। गोवर्धन पूजा के मौके पर आयोजित यादवों के मिलन समारोह में यह घोषणा की गई। बीजेपी ने पटना में मंगलवार को गोवर्धन पूजा के मौके पर यदुवंशी मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें गोवर्धन पूजा के साथ ही राज्य भर से करीब 21 हजार यादव समाज के लोगों को बीजेपी की सदस्यता दिलाई गई। लालू प्रसाद यादव की आरजेडी के खिलाफ बीजेपी के इस बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि लालू यादव सिर्फ अपने परिवार की चिंता करते हैं जबकि भाजपा सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखती है। बिहार में बीजेपी की सरकार बनी तो गो हत्या पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाएगा। इस समारोह में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में अगर बीजेपी की सरकार बनी तो अपराधी या तो नेपाल भाग जाएंगे या फिर उनका गया में पिंडदान होगा। बिहार में राम और कृष्ण के वंशज मिलकर बीजेपी की सरकार बनाएंगे। रावण और कंस रूपी सरकार का खात्मा हो जाएगा। उन्होंने नीतीश और लालू की जोड़ी को रावण और कंस की संज्ञा दी।

नित्यानंद राय पर बरसे लालू प्रसाद यादव, कहा

गाय-भैंस कटवाने का करते थे कारोबार

एजेंसी

पटना। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय जमकर हमला बोला है। लालू ने कहा कि नित्यानंद राय पहले बस स्टैंड की ठेकेदारी करते थे। वे राजद में शामिल होने के लिए पहले मेरे पास आए थे। मेरे मना करने के बाद वे उधर (भाजपा) गए। हाजीपुर पशु मेला से गाय-बैल लेजाकर दूसरे स्थानों पर ले जाकर कटवाता हैं। गाय भैंस को कटवाना ही उनका कारोबार है। लालू ने चुनौती देते हुए कहा कि अपने बड़े बेटे और वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव को अगर नित्यानंद राय के खिलाफ चुनाव लड़वा दें, तो उनकी जमानत जब्त हो जाए। लालू यादव मंगलवार को इस्कॉन मंदिर के सभागार में श्रीकृष्णा चेतना समिति की तरफ से आयोजित गोवर्द्धन पूजा समारोह को संबोधित कर रहे थे। वहीं, बीजेपी सांसद रामकृपाल यादव के बारे में लालू ने कहा कि सब जानते हैं कि वे पहले क्या करते थे। बस स्टैंड में टेम्पो चलवाता था, होटल कब्जा करके रहता था। जब उसकी करतूतों के बारे में जानकारी हुई, तो उसे अलग किया। ये दोनों मिलकर यादवों की शक्ति के खंडित कर रहे हैं। इसे एकजुट होकर बचाए रखना है। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए लालू ने नारा दिया कि कंस मार विध्वंस करो, गोकुल-मथुरा राज करो। इससे पहले लालू ने कहा है कि देश की सियासत में धर्म का दुरुपयोग हो रहा है। इन दिनों धर्म के नाम पर अधर्म किया जा रहा है। आज देश के हालात किसी के छिपे हुए नहीं है। श्रीकृष्ण के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसे चलने नहीं देंगे। लालू ने अपने चिर-परिचित देसज अंदाज में भाजपा और इसके नेताओं पर जमकर कटाक्ष किया। भाजपा के यदुवंशी सम्मेलन पर कहा कि उसमें कंस का जुटान हुआ है। यदुवंशियों को खंडित किया जा रहा है। जिस तरह से श्रीकृष्ण ने कमजोर तबके की रक्षा की, उसी तरह बिहार सरकार ने 75 फीसदी आरक्षण लाकर कमजोर वर्ग का उत्थान किया है। इतना आरक्षण देने के बारे में किसी ने सोचा तक नहीं था। आरक्षण के अलावा लाखों को शिक्षक बनाया। आरजेडी सुप्रीमो ने कहा कि कृष्ण के बताए रास्ते पर चलते हुए देशभर के लोगों को आज जो बातें सता रही हैं, उसका नाश करेंगे।

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर पहले दिन कोषाध्यक्ष समेत विभिन्न पांच पदों के लिए उम्मीदवारों ने किया नामांकन

दुमका। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर नामांकन के पहले दिन विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों ने मंगलवार को अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। पहले दिन कोषाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता बिमलेन्दु कुमार ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।संयुक्त सचिव(पुस्तकालय) पद के लिए रामफल लायक ने नामांकन किया। कार्यकारणी सदस्य के लिए अधिवक्ता चंद्रभूषण गुप्ता, परबीर कुमार दुबे एवं मिताली चटर्जी ने नामांकन पर्चा दाखिला किया। गौरतलब हो कि झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद ने जिला अधिवक्ता संघ के 2023-2025 सत्र के कार्यसमिति का चुनाव सम्पन्न कराने के लिए चुनाव समिति के पदाधिकारियों को मनोनीत की है। राज्य विधिक परिषद के सदस्य अधिवक्ता बालेश्वर प्रसाद सिंह और धर्मेंद्र नारायण पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त किए गए हैं। राज्य विधिज्ञ परिषद द्वारा प्रतिनियुक्त दोनों पर्यवेक्षक की देखरेख में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न होना है। अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न कराने के लिए राज्य विधिक परिषद द्वारा दुमका के अधिवक्ता अमर जीवन निवार्ची पदाधिकारी एवं मो. राजा और शिव शंकर चौधरी को सहायक निवार्ची पदाधिकारी मनोनीत किया हैं। चुनाव समिति ने जिला अधिवक्ता संघ के नये कार्यसमिति के पदाधिकारियों का चुनाव करने के लिए 9 दिसम्बर को मतदान और 10 दिसम्बर को मतगणना की तिथि निर्धारित की है।

7 साल की बच्ची से गैंगरेप के बाद हत्या

एजेंसी

खगड़िया । एक ओर देशभर में आज भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य बाल दिवस मनाया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर बिहार से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। खगड़िया जिले में सात साल की मासूम बच्ची के साथ कथित तौर पर गैंगरेप के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार सुबह पसराहा थाना क्षेत्र के नवटोलिया गांव में की है। गांव में भारी तनाव है और ग्रामीण दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की हैं। एक दिन पहले भी बेगूसराय जिले में आठ साल की छात्रा की रेप के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस के मुताबिक लड़की अपने घर के पास खेत में थी तभी दो लोग उसे जबरन उठा ले गए और कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार के बाद गोली मारकर उसकी हत्या कर दी(मंगलवार सुबह खेत में नग्न अवस्था में मासूम बच्ची की लाश मिली। बच्ची की हत्या की खबर गांव में फैलते ही तनाव फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दी। वारदात की जानकारी मिलते ही भारी फोर्स के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे ग्रामीणों को किसी तरह समझा बुझा कर शांत कराया। फिर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में एसएचओ ने कहा कि परिवार के सदस्यों ने अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उन्होंने परिजनों के हवाले से कहा कि वे शव के अंतिम संस्कार के बाद प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद पुलिस जांच शुरू करेगी, जिसके बाद दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कुल्हाड़ी से वार कर भाई की हत्या, पिता की भी हत्या के आरोप में काट चुका है सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र के बिछियापहाड़ी पंचायत अंतर्गत आमतला गांव में सोमवार रात को कलियुगी भाई ओमप्रकाश सिंह ने अपने छोटे भाई राजन सिंह (25) की हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया, जबकि आरोपी को हिरासत में लेकर मंगलवार को जेल भेज दिया । जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को ओमप्रकाश सिंह और राजन सिंह के बीच झगडा चल रहा था, झगड़े के दौरान ओमप्रकाश ने छोटे भाई 25 वर्षीय राजन सिंह के सिर के पीछे कुल्हाड़ी से घातक वार किया। जिससे मौके पर ही राजन की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटु मुर्म को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर रखा और पुलिस के हवाले किया। थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को जेल भेजा दिया गया। इससे पहले 2019 में आरोपी ने अपने पिता की कुदाल से मारकर हत्या करने के आरोप में ओमप्रकाश जेल में रहा था। अब ओमप्रकाश भाई की हत्या के आरोप में फिर जेल भेजा गया।

कार्तिक मास को दामोदर मास के रूप में वैष्णव संप्रदाय के लोग ने किया पूजा-अर्चना

मसलिया। मसलिया प्रखंड क्षेत्र में इनदिनों कार्तिक मास को दामोदर मास के रूप में वैष्णव संप्रदाय के लोग मना रहे हैं। कार्तिक मास के शुरूवात से अंत तक चलने वाला यह व्रत पूरे एक महीने का मनाया जा रहा है। जिसमें श्रीधाम वृंदावन से लाये बांके बिहारी के अष्ट धातु से निर्मित मूरत का प्रातः तीन बजे जागरण कर सेवा में लग जाते हैं। बसकीडीह पंचायत की मोहलीडीह गांव के सेवाव्रती सविता कुम्भकार व उद्धव दास पंडित ने बताया कि प्रातः जागरण से लेकर सयन तक भगवान के सेवा में लगे रहते हैं। कहा कि तीन बजे नहा धोकर शुद्ध वस्त्र धारण कर भगवान को जगाया जाता है इसके लिए बांग्ला में उठो उठो गोरांचांद, राय जागो राय जागो पद गाकर जागरण कराया जाता है। यह काम सात गांवों में टहल देकर रामनंदन पंडित व उनके पुत्र सपन कुमार पंडित प्रति दिन नो किलोमीटर की दूरी तय कर करते हैं। शाम को भगवान की आरती तुलसी परिक्रमा जयदेव पद गाकर भगवान का भोग लगाकर सयन कराया जाता है। इसमें जेरूवा,मोहलीडीह,खेड़बोना व रंगामटिया चार पाड़ा के महिला पुरुषों का जुटान होता है। श्रद्धालु अशोक मंडल ने बताया कि इसी महीने में भगवान ने दाम बंधन लीला किये थे वहीं वृंदावन की गोपियां भगवान को पति के रूप प्राप्ति के लिए कात्यायनी व्रत की थी भगवान ने रास भी इसी महीने किया था। मां यशोदा ने बाल्य काल के भगवान कृष्ण को माखन चुराने के कारण उनके पेट में रस्सी से ओखल में बांध दिया था।

खबर एक नजर में

पति ने प्रेमी के साथ मंदिर में करायी पत्नी की शादी

बेगूसराय (हि.स.)। प्यार में ना जाति, ना धर्म, ना ही खुबसूरती और ना ही सात जन्मों का बंधन देखा जाता है। कुछ ऐसी ही अजब प्रेम की गजब कहानी मंगलवार को भगवानपुर में देखने को मिला। जहां एक विवाहित महिला ने अपने दो बच्चों सहित पति को छोड़ कर प्रेमी संग शादी रचा ली। जानकारी के अनुसार प्रेमी अपने विवाहिता प्रेमिका से मिलने के लिए बीती रात उसके ससुराल दहिया गांव आया था। प्रेमिका से रात के अंधेरे में मिलने के दौरान प्रेमी के घर वालों ने देख लिया एवं उसी समय पकड़ कर पूछताछ भी किया गया। पूछताछ में उसने अपना घर मंसूरचक थाना क्षेत्र के तेमुहां गांव बताया। इसके बाद उसके परिजनों को भी बुलाया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसके बाद प्रेमिका के पति ने प्रेमी के स्वजनों, ग्रामीणों, स्थानीय सरपंच राम सागर सहनी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रवीण शेखर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव और पार्वती के समक्ष दोनों का विवाह करवा दिया। प्रेमी ने बताया कि उक्त विवाहिता से शादी से पूर्व से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस शादी को देखने के लिए मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रेम प्रसंग के नशे में उक्त विवाहित महिला ने पुत्र मोह भी त्याग दिया। उसने अपने दो छोटे पुत्र को पति के पास छोड़ कर प्रेमी के साथ खुशी-खुशी नई शादी रचाकर विदा हो गई।

ब्राउन शुगर और नशीली दवाओं के साथ नाबालिग सहित नेपाली नागरिक गिरफ्तार

अररिया (हि.स.)। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में ड्रग्स माफिया नाबालिग बच्चों का इस्तेमाल अपने कारोबार में करने लगे हैं।इतना ही नहीं कारोबार में अबोध नाबालिग बच्चे नशे के आगोश में भी जा रहे हैं।इसका खुलासा मंगलवार को तब हुआ जब भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के जोगबनी टिकुलिया के नेपाल भाग दरहरिया मे मंगलवार को जोगबनी के एक 12 वर्षीय नवयुवक व एक नेपाली नागरिक की गिरफ्तारी ब्राउन शुगर और नशीली दवाओं के साथ की गई। नेपाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार जोगबनी के टिकुलिया से पैदल नेपाल प्रवेश कर रहे विराटनगर महानगरपालिका वार्ड संख्या 4 के 28 वर्षीय आशीष कुमार भगत और जोगबनी के 12 वर्षीय बालक को 4.60ग्राम ब्राउन सुगर,नशीली दवाई के खेप तथा 12 हजार रुपए नगद के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार दोनों को इलाका पुलिस कार्यालय रानी के सुपुर्द कर आगे का अनुसंधान किया जा रहा है।

लापरवाह पिकअप ने पुलिस गश्ती गाड़ी में मारी ठोकर,तीन सिपाही जख्मी

पूर्वी चंपारण। जिले के चकिया थाना क्षेत्र के केसरिया रोड के शीतलपुर मेला चौक के पास लापरवाह पिकअप चालक ने पुलिस के गश्ती गाड़ी में पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे गाड़ी में सवार दो महिला और एक पुरुष सिपाही समेत तीन घायल हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 की टीम घायल पुलिसकर्मियो को अस्पताल पहुंचाया,वही पिकअप और उसके चालक को पकड़ कर थाने ले गई।जिससे पूछताछ की जा रही है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चकिया थाना की गश्ती गाड़ी पीएसआई असलम अंसारी के साथ तीन सिपाही सुमन कुमारी,किरण कुमारी और गृहरक्षक बिहारी राय को लेकर गश्ती पर निकला था।इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही सब्जी लदे एक पिकअप ने गाड़ी में पीछे से ठोकर मार दिया।जिससे गश्ती गाड़ी में पीछे बैठे होम गार्ड बिहारी राय, सिपाही सुमन कुमारी और किरण कुमारी जख्मी हो गए। जबकि पुलिस की गश्ती गाड़ी का पीछे का शीशा टूट गया।घायल सिपाहियो को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहा उपचार के बाद उन्हे घर भेज दिया गया। इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गश्ती की गाड़ी को पिकअप ने ठोकर मार दिया। जिसने तीन सिपाही घायल हो गए सभी को चकिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज कराया गया। वही पिकअप को जप्त कर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

छठ घाटों का सांसद ने किया निरीक्षण, व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का दिया निर्देश

पूर्णिया। सांसद संतोष कुशवाहा ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और छठ के मद्देनजर चल रही प्रशासनिक तैयारी का जायजा लिया।उन्होंने जिला प्रशासन और नगर निगम के कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। सांसद ने मौके पर कहा कि आस्था के महापर्व पर व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई नही हो इसके लिए हरसंभव प्रयास जारी है।स्थानीय प्रशासन और नगर निगम की तैयारी बेहतर चल रही है और जो कमियां है उसे ससमय पूरा करने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया है। सांसद सबसे पहले पक्की तालाब पहुंचे जहां उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से तालाब की गहराई के अनुसार बेरेकेटिंग कराने का निर्देश दिया।साथ ही साफ -सफाई और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा।उन्हें बताया गया कि यहां पार्किंग सुविधा रहेगी और ड्राप गेट भी बनाया जा रहा है।इसके अलावा एसडीआरएफ की टीम भी घाट पर तैनात रहेगी।सांसद ने बलधिमा घाट चूनापुर का निरीक्षण किया।पूजा कमिटी के अध्यक्ष बिनोद यादव आग्रह पर उन्होंने विद्युत अधीक्षण अभियंता को वहां बिजली खंभा लगवाने को कहा और इस घाट का भविष्य में पक्कीकरण कराने का भी आश्वासन दिया। पूर्णिया सिटी काली मंदिर घाट के निरीक्षण के दौरान सांसद ने पाया कि दोनों हाई मास्ट लाइट बन्द पड़ा है। उन्होंने नगर निगम से उसे दुरुस्त कराने को कहा।इसके अलावा उन्होंने यहां पार्किंग की मुकम्मल व्यवस्था करने को कहा।सांसद ने छठ पोखर ततमा टोली,बेलौरी घाट ,दमका चौक घाट आदि का भी निरीक्षण किया। दमका चौक घाट में पानी कम रहने से माननीय सांसद ने कार्यपालक अभियंता सिंचाई विभाग नहर प्रमंडल बथनाहा अररिया से दूरभाष पर वार्ता कर पानी देने को कहा।

पश्चिम चंपारण में आतंकी फंडिंग का कनेक्शन मिला, जांच मे जुटी पुलिस

एजेंसी

बेतिया। बिहार के पश्चिम चंपारण मे आतंकी घटनाओ को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से हो रही फंडिंग का मास्टर माइंड का कनेक्शन बिहार राज्य स्थित पश्चिम चंपारण ज़िला के नरकटियागंज एक गांव भेड़िहरवा से जुड़ा हुआ है। जिला स्थित शिकारपुर थाना के भेड़िहरवा निवासी इजहारूल पर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान से लगातार हो रही फंडिंग मामले में उत्तर प्रदेश एटीएस को पुख्ता सबूत मिले हैं। इस बड़े नेटवर्क का खुलासा हाल ही में गिरफ्तार हुए संदिग्ध आतंकियों से पूछताछ के दौरान हुआ है। इसी इनपुट के आधार पर देश के उत्तर प्रदेश एटीएस गाजियाबाद के फरीदनगर पहुंची और केनरा बैंक की एक शाखा में चल रहे संदिग्ध खाते को खंगाला है, जिसमे आतंकी फंडिंग को लेकर तमाम सबूत मिले हैं। बताया जाता है कि गाजियाबाद के फरीदनगर की केनरा बैंक ब्रांच में एक बैंक अकाउंट खोला गया है। इसमें एक महीने में 70 लाख रुपये की विदेशी फंडिंग की गई है।मार्च 2022 से अप्रैल 2022 के बीच 70 लाख रुपए की विदेशी फंडिंग की गई है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश एटीएस सक्रिय है। अकाउंट किसी रियाजुद्दीन के नाम से खुला मिला था, जो गाजियाबाद का रहने वाला है। इसी के साथ एटीएस को यह भी जानकारी मिली है कि रियाजुद्दीन के खाते से बिहार में स्थित पश्चमी चंपारण के इजहारुल हुसैन का मोबाइल नम्बर लिंक है और दोनों ही किसी बड़े हमले की प्लानिंग कर रहे थे। दोनों पाकिस्तान में बैठे हैंडलर के टच में थे और हैंडलर ही इन लोगों को फंडिंग कर रहा था। सुरक्षा संस्थानों के साथ-साथ प्रतिष्ठानों और भारतीय सेना की जासूसी के नेटवर्क में फंडिंग की जा रही थी। एटीएस को यह भी जानकारी मिली है कि बिहार का रहने वाला इजहारुल हुसैन कॉलिंग एप के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर से सीधे जुड़ा हुआ था औ? खाते में आई रकम को कई अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था।यह इनपुट मिलने के बाद यूपी एटीएस दोनों नामजद आतंकियों को तेजी से तलाश रही है। इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश एटीएस ने खाता धारक रियाजुद्दीन और बिहार के रहने वाले इजहारुल हुसैन समेत अज्ञात पाकिस्तानी एजेंट के खिलाफ लखनऊ में एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में उत्तर प्रदेश एटीएस ने लखनऊ आलमबाग भमौला में रहने वाले अब्दुल्ला अर्सलान और मंजूरगढ़ी में रहने वाले माज बिन तारीक को गिरफ्तार किया था। दोनों के तार अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से जुड़े मिले हैं। इस मामले में भी एटीएस आगे की छानबीन कर रही है और दोनों से पूछताछ जारी है। बिहार के पश्चिम चंपारण के बेतिया पुलिस ने बीते 8 नवंबर को गोखुला स्टेशन से रूपवलिया गांव निवासी इजहारूल हुसैन को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि उसका कनेक्शन आतंकियों से जुड़ा है कि नही ,इसकी पुष्टि नही हो पाई है। थानाध्यक्ष रामश्रय यादव ने बताया कि रूपवलिया गांव निवासी इजहारूल हुसैन को गिरफ्तार किया गया है और उसे जेल भी भेजा गया है। उसके। विरुद्ध शिकारपुर थाने में उत्पाद अधीनियम के तहत मामला दर्ज है। आतंकी कनेक्शन के सवाल पर पुलिस ने कुछ भी बताने से इंकार किया है और की बात बता रहे है।

सास की हत्या के मामले में दामाद समेत तीन ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

आधार कार्ड में नाम में अंतर होने पर आरोपी महिला को पुलिस ने लिया हिरासत में

दुमका। दूसरी शादी करने के बाद दामाद को ससुराल समझाने गई 55 साल की मोमिन बीबी की दामाद और सौतन के घरवालों ने पिटाई करने के बाद गला दबाकर हत्या करने के आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। आरोपियों ने पुलिस के बढ़ते दबाव की वजह से मंगलवार की दोपहर हत्या में शामिल नईम अंसारी,उसके चचिया ससुर करामत मियां व दूसरी पत्नी चुनकी खातून ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने दोनों अभियुक्त को जेल भेज दिया। आधार कार्ड और प्राथमिकी में नाम में अंतर होने की वजह से महिला को पुलिस के सौंप दिया। बीते मंगलवार को जिले के शिकारीपाड़ा के शिवतल्ला गांव में पिछले मंगलवार को घटी। पुलिस ने हत्याकांड में दामाद नईम अंसारी,करामत मियां, जियाउल अंसारी, चुनकी खातून, सोनाभन बीबी,पुसिया अंसारी व रिजाउल अंसारी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई थी। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। दरअसल दोपहर एक बजे के करीब नईम अंसारी, उसकी पत्नी चुनकी खातून व चचिया ससुर करामत मियां अदालत में आत्मसमर्पण करने के लिए अदालत पहुंचे। तीनों अदालत में पेश भी हुए। अदालत ने जब नाम का सत्यापन किया तो दो आरोपी का नाम सही निकला, लेकिन चुनकी का नाम दर्ज प्राथमिकी और आधार कार्ड में अंतर था। आत्मसमर्पण की खबर मिलने के बाद शिकारीपाड़ा के इंस्पेक्टर वकार हुसैन कोर्ट पहुंचे और महिला को हिरासत में लिया।

क्या है पूरा मामला

मृतका के बेटे नौशाद ने बताया कि उसकी बहन की शादी शिवतल्ला गांव के नईम अंसारी के साथ हुई थी। चार बच्चे होने के बाद भी जीजा ने गांव की एक दूसरी महिला चुनकी से निकाह कर लिया। निकाह करने के बाद बहन को अनाज के लिए तरसाने लगा। सात नवंबर को बहन ने मां को फोन कर बताया कि घर में अनाज नहीं है। बच्चे भूखे हैं। पति भी अनाज नहीं देता है। यह बात सुनने के बाद वह मां के साथ जीजा को समझाने के लिए गया। समझाने के क्रम में उसकी जीजा से धक्का मुक्की हो गई। इसके बाद जीजा ने फोन कर दूसरी पत्नी के घरवालों को बुला लिया। उन लोगों ने घर आते ही उसकी और मां की जमकर पिटाई की। नईम ने उसकी मां का गला दबा दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। गांव वालों की मदद से मां को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के क्रम में मां की मौत हो गई।

स्पीड न्यूज

सोंस जमुनियाखांड़ में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

चंदवा। थाना क्षेत्र के सासंग पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम सोंस जमुनीयाखांड में घरेलू कलह से अजीज होकर 20 वर्षीय सत्येंद्र सिंह युवक नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के सम्बंध में ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि विजय सिंह का पुत्र सत्येंद्र सिंह का कुछ दिनों पूर्व से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसको लेकर परिवारिक कलह से वह परेशान था। मंगलवार की अहले सुबह परिजनो ने उसका शव घर में ही फांसी के फंदे पर झूलता देखा, आनन-फानन में परिजनों ने सत्येंद्र सिंह फंदे से उतारा लेकर तब तक काफी देर हो चुकी थी। मामले को लेकर परिजनों ने चंदवा थाना में लिखित सूचना दी है।

बाइक और टेंपो की हुई टक्कर में तीन घायल

बालूमाथ। एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालूभांग ग्राम में मंगलवार को बाइक और टेम्पो में आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिससे बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कमलदत उराँव 32वर्ष पिता जयराम उराँव, जलान उराँव 50वर्ष पिता स्व. वृद्धा उराँव, चरका गंझु 55 वर्ष पिता भक्तु गंझु सभी ग्राम डुमरा बारियातु निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त तीनों घायल बाइक से डुमरा ग्राम से फुलसु जा रहे थे। इस दौरान बालूभांग ग्राम के पास तीखे मोड़ में टेम्पू से आमने -सामने टक्कर हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

बैठक करते लोग।

भवनाथपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मलेरिया, टीबी, आरबीएसके, कुपोषण इत्यादि पर चर्चा किया गया। इस दौरान 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया। 15 नवंबर से 21 नवंबर तक नवजात शिशु सप्ताह कार्यक्रम चलेगा। जिसमें सहिया के द्वारा नियमित गृह भ्रमण करके नवजात बच्चों का फॉलोअप किया जाएगा, जो बीमार बच्चे होंगे उन्हें एसएनसीयू या एनबीएसयू में भेजा जाएगा। बैठक में डॉ अभिषेक विश्वास, प्रदीप कुमार पाठक,अनूप कुमार, अरुण लकड़ा, मनोज पाठक, धर्मजीत राम, वायलेट इक्का, गुप्तेश्वर प्रसाद, डब्लूएचओ मॉनिटर मंगल मिश्रा सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

नव पदस्थापित एसडीओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण

निरीक्षण करते एसडीओ।

रंका। अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत लोहवा पुल के समीप छठ घाट में पिछले 10 वर्षों से लगातार छठ पूजा मनाया जाता रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप ने छठ घाट के विधि व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने छठ पूजा स्थल का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थापक कमेटी के सदस्यों से मुलाकात कर कार्यक्रम के बारे में जानकारी हासिल किया। उन्होंने व्यवस्थापक कमेटी सूर्योदय सेवा संस्थान के लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ देवानंद राम, सीओ शिवपूजन तिवारी, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, सूर्योदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिल राम, मुकेश मिश्रा, मृत्युंजय सिंह, गजाधर सिंह, शुभम मिश्रा, शंकर कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

चमातू ऑर्केस्ट्रा देखने जा रहे दो युवक मोटरसाइकल से गिरकर हुए घायल

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के चमातू ग्राम में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर होने वाले रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बरियातू थानां के चेटूवाग ग्राम निवासी विकास गंझू 35 वर्ष पिता अमृत गंझु, सुनील गंझू 20 वर्ष पिता चारकु गंझू घायल हो गया। आस-पास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा विकास गंझु की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि एक मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर चेतुवाग से चमातू जा रहा था इसी बीच अमरवाड़ी ग्राम के समीप तेज रफ्तार होने के कारण असंतुलित होकर गिर गया।

वंशावली के लिए पूर्व से जो नियम है उसी के तहत किया जाए काम, अलग से ना करें नियम लागू : सुरेंद्र पासवान

अंचलाधिकारी से मुलाकात कर भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति ने समस्याओं से कराया अवगत

- भूमि संबंधित कार्यों के लिए कर्मचारियों के द्वारा अवैध वसूली पर करें शिकायत निश्चित रूप से होगी कार्रवाईः सीओ

सीओ से मुलाकात करते समिति के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। प्रखंड मुख्यालय में फोर लाइन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित किए जा रहे भूमि के मुआवजे से संबंधित कार्यों में हो रहे समस्याओं को लेकर दिन मंगलवार को भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति मनिका के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों ने अंचल कार्यालय मनिका पहुंचकर अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला से मुलाकात किया और मुआवजे से संबंधित भूमि के कागजातों में हो रही समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। वहीं समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि अधिग्रहित किए जा रहे भूमि का सरल सुविधा के साथ रैयतों का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र बनाया जाए एवं वंशावली के लिए पूर्व से जो नियम लागू है उसी के तहत वर्तमान में भी रैयतों का अंचल कार्यालय से वंशावली सत्यापित की जाए। उन्होंने कहा की वंशावली बनवाने के लिए ग्राम प्रधान से सत्यापन करवाया जाता है फिर इसमें खतियान का जरूरत नहीं होना चाहिए फोर लाइन निर्माण हेतु एनएच 39 द्वारा अधिग्रहण किए जा रहे भूमि के दस्तावेजों का निपटारा करना अति आवश्यक है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण संबंधित कार्यों के लिए अंचल कार्यालय के कर्मचारियों के द्वारा रैयतों से अवैध पैसा की वसूली से भी अंचलाधिकारी को अवगत करवाया। वहीं उक्त मामले को जानने के बाद अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि भूमि संबंधित किसी भी प्रकार के कार्यों के लिए अगर कर्मचारियों के द्वारा पैसा लिया जा रहा है तो हमें शिकायत करें निश्चित रूप से वैसे कर्मचारियों के ऊपर कारवाई की जाएगी। उन्होंने रैयतों के दस्तावेजों में हो रही समस्याओं का जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, मीडिया प्रभारी मिथिलेश पासवान, विकास कुमार, अमरदीप पासवान, केश्वर पासवान, संजय पासवान, रामचंद्र पासवान, बालदेव पासवान, अनिल कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड मामले में परिजनों से मिले मंत्री सत्यानंद भोक्ता

परिजनों से मुलाकात करते मंत्री सत्यानंद भोक्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। सूबे के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर चंदवा पहुंचे, जहां उन्होंने राजद नेताओं व कार्यकताओं के साथ बहुचर्चित चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड मामले को लेकर परिजनों में मुलाकात की व शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान मंत्री श्री भोक्ता के परिजनों को आर्थिक मदद की साथ हीं हत्याकांड में संलिप्त दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने का भी भरोसा दिया। परिजनों को भरोसा देते हुए कहा कि घटना में संलिप्त किसी भी अपराधी को बक्सा नही जाएगा, पुलिस काफी तीव्र गति से काम कर रही है। बता दें कि चंदवा थाना के चौकीदार सादिक अंसारी की बीते 7 नवम्बर के दिन अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुलाकात के दौरान मंत्री सत्यानन्द भोक्ता के साथ राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, सूरज यादव, अजित श्रीवास्तव, बबलू गिरी, नरेश यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

सड़क जाम होने से लगभग 1 घंटे तक यातायात बाधित,सीओ व थाना प्रभारी के समझाने के बाद हटाया गया सड़क जाम

मनिका पुलिस की कार्यशैली के विरोध में विभिन्न दलों ने निकाला एक दिवसीय प्रतिवाद मार्च, किया सड़क जाम

प्रतिवाद मार्च में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका थाना क्षेत्र में अखिल भारतीय किसान महासभा, भाकपा माले समेत विभिन्न दलों के द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार घट रही आपराधिक घटनाओं के खिलाफ एवं मनिका पुलिस के कार्यशैली के विरोध में, भाकपा माले प्रखंड सचिव मुनेश्वर सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रतिवाद मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रतिवाद मार्च की शुरूआत हाई स्कूल से किया गया और एनएच 39 होते हुए पचफेड़ी चौक पहुंचा जहां पर विभिन्न दलों के लोगों ने एनएच 39 को जाम कर दिया। वहीं विभिन्न दलों के लोगों ने कहा कि अभी लगभग 15 दिन पूर्व में भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड मैनेजर के द्वारा एक नाबालिक आदिवासी लड़के के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया था हम लोगों ने थाना में 7 नवंबर को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई थी लेकिन आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद भी पुलिस ने उसे एक सप्ताह के बाद जेल भेजा है। आखिर इतनी बड़ी घटना के बाद कार्रवाई में लेट क्यों हुआ दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय के द्वारा फांसी की सजा मिलनी चाहिए। लोगों ने कहा कि अभी के समय में क्षेत्र में अपराधी बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं उनको पुलिस का कोई डर नहीं है जिसके कारण यहां के लोग अपराधियों से डर-डर के जीने को विवश है। वहीं सड़क जाम होने की वजह से लगभग 1 घंटे तक यातायात बाधित रही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिसके बाद अंचलाधिकारी मनिका संतोष कुमार शुक्ला एवं थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि अगर किसी भी प्रकार का शिकायत है तो आप लोग बता सकते हैं उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी लेकिन बिना किसी वजह के सड़क जाम करना कानूनी अपराध है वहीं थाना प्रभारी के काफी समझाने बुझाने के बाद जाम को हटाया गया।

कैलान पंचायत में बड़े पैमाने पर हो रहा है अवैध पत्थरों का उत्खनन

अवैध पत्थर।

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखंड के कैलान पंचायत में इन दिनों विकास एवं विनाश कार्य दोनों साथ साथ चल रही है। यहां सुरक्षित वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध पत्थरो का उत्खनन किया जा रहा है। जिस कारण एक ओर जहां हरे भरे जंगल नष्ट हो रहे है, वही दुसरी तरफ सरकार को लाखो रुपए के राजस्व का चुना लग रहा है। जंगलो से अवैध तरीके से हो रहे पत्थरो के उत्खनन में स्थानीय वन विभाग की मिली भगत से इनकार नही किया जा सकता है। कैलान के सुरक्षित वन प्रक्षेत्र से पत्थर माफिया पत्थरो का उत्खनन कर जंगल में तथा एलएनटी कम्पनी द्वारा निमार्णाधीन पानी टंकी के समीप मुख्य मार्ग के किनारे बड़े पैमाने पर डंप किया गया है। इस कार्य में संलिप्त लोगो द्वारा अवैध ढंग से तोड़े गए इन पत्थरों को क्षेत्र में हो रहे विभिन्न योजनाओं जैसे सड़क व गार्डवाल के संवेदकों के हाथो उंची कीमतों पर बेचा जा रहा है। पत्थर माफियाओं द्वारा अवैध पत्थरों के उत्खनन के चक्कर मे पहाड़ व जंगल का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। माफियाओं ने जंगलो से पत्थर निकालने के क्रम में कई पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया है। जबकि सुरक्षित वन क्षेत्र के इन पहाड़ तथा जंगलो से पत्थर माफियाओं द्वारा अवैध ढंग से पत्थरो का उत्खनन किये जाने की जानकारी वन विभाग को होने और देखने के बाद भी स्थानीय वन विभाग के कर्मी आंख बंद किये हुए है, जिससे इनकी संलिप्तता उजागर हो रही है।

इस संबंध में पूछने पर कैलान के वनरक्षी दयाशंकर सिंह ने कहा कि जंगलो से अवैध ढंग से पत्थर तोड़े जाने की जानकारी मिली है। मामले की जांचपरांत इस अवैध कार्य में लिप्त दोषियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

सोशल वर्कर संस्था ने किया सप्ताहिक भंडारा का आयोजन

वितरण करते संस्था के सदस्य।

गढ़वा। सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को साप्ताहिक भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें 200 लोगों के बीच प्रसाद स्वरूप पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के सक्रिय सदस्य वेद प्रकाश ने कहा कि भंडारा सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को चलता रहेगा। मौके पर अशोक केशरी, प्रवीण जायसवाल, उमेश कश्यप, संस्था के संचालक आकाश केशरी, सक्रिय सदस्य शुभम केशरी, हर्ष सीटू, उत्तम कश्यप, शुभम केशरी, रीतांशु गुप्ता अक्षय गुप्ता, रोबिन कश्यप, बिकु राजदेव, शोभित, बलवत सोनी, आर्यमान केशरी, उमंग सोनी, लक्की, अंकित गुप्ता, अनमोल जायसवाल, मीडिया प्रभारी अंशु कांस्यकर आदि लोग उपस्थित थे।

कोमल बने कुम्हार समन्वय समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष

स्वागत करते लोग।

गढवा। झारखण्ड कुम्हार समन्वय समिति के तत्वावधान में जिले के मेराल प्रखंड क्षेत्र के गोंदा गांव में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल लोगों ने समाज के उत्थान पर विचार व्यक्त किया। इस दौरान प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। मौके पर कुम्हार संघ के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रजापति ने कहा कि हम सभी लोगों को संगठित होकर रहने की जरूरत है। राजनीति एक सर्वोच्च शक्ति है। जिससे कुम्हार समाज काफी दूर है। इसमें समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। अनूप प्रजापति ने कहा कि निराकार को आकार देने का नाम कुम्हार हैं। जब तक हमलोग शिक्षित नहीं होंगे, तब तक समाज का उत्थान नहीं होगा। कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से मेराल प्रखंड का कोमल प्रजापति को अध्यक्ष, लक्ष्मी प्रजापति को सचिव, बृजेश्वर एवं दिनेश प्रजापति को उपाध्यक्ष, संजय प्रजापति को कोषाध्यक्ष, कृष्णदेव प्रजापति को संरक्षक, मुकेश प्रजापति को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर और पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। मौके पर विष्णु देव प्रजापति, रविशंकर प्रजापति, शंभू प्रजापति, देवकी दीवाना, चंदन प्रजापति, सुदामा प्रजापति, रामप्रवेश प्रजापति सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

सीओ व बीडीओ ने लिया देवनद छठ घाट का जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। लोक आस्था के महापर्व के दौरान छठ घाटों पर विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर मंगलवार की दोपहर बाद अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक व बीडीओ विजय कुमार ने छठ पूजा की तैयारी के जायजा को लेकर देवनद घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान हिंडाल्को की पहल पर घाट का मरम्मत कार्य भी जारी था। अधिकारी द्वारा देवनद के दोनों घाट का निरीक्षण किया गया। उपस्थित युवा भारत के कार्यकताओं व समिति के लोगों से सुरक्षा संबंधी मानकों की जानकारी प्राप्त की। अंचलाधिकारी श्री पाठक ने घाट में पानी की गहराई, घाट परिसर में विद्युत प्रवाहित नंगे तार समेत अन्य सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। युवा भारत के आदर्श रवि राज ने मेन रोड समेत शाखा पथों में कई स्थानों पर सड़क पर रखे गृह निर्माण सामग्री को हटवाने को लेकर अधिकारियों से पहल की मांग की। समिति के संजीव आजाद व चंद्रभूषण केसरी समेत अन्य लोगों ने छठ पूजा के दिन ट्रैफिक व्यवस्था पर संजीदगी से कार्य करने की मांग अधिकारियों से की ताकि वृत्तियों व श्रद्धालुओं को पैदल चलने में परेशानी ना हो।

जैव विविधता प्रबंधन समिति का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रशिक्षण में शामिल लोग।

बारियातू। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों के जैव विविधता प्रबंधन समिति सदस्यों की एक दिवसीय प्रशिक्षण टोटी व बारियातू पंचायत भवन परिसर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण टोटी पंचायत भवन में सिबला, गोनिया, अमरवाडीह व टोटी पंचायत के सभी सात सदसीय टीमो को जैव विविधता के सम्बन्ध में प्रशिक्षक अनूप तिवारी ने प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय वनपाल एंव कमिटी के अध्यक्ष के साथ जीरो बैलेंस में संयुक्त बैंक खाता खोलवाने, अपने-अपने पंचायत के सम्बंधित मुखिया से मिलकर पंचायत भवन में जैव विविधता कार्यालय का आवंटन करवाने, किसी भी पंचायत के कमिटी की मृत्यु हो गई हो या काम करने में असमर्थता जताने पर नियम संगत कमिटी का पुर्नगठन सहित जैव विविधता के सम्बन्ध में कई अहम जानकारी दिया। इधर बारियातू पंचायत सचिवालय में बालूभाँग, फूलसु, डाढा, साल्वे व बारियातू पंचायत सदस्यों को बीएमसी को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षक प्रेमतोष पाण्डेय ने कार्य कैसे करना है मौखिक व वीडियो दिखाकर जानकारी दिया। मौके पर केदार गंझु, तिलक मांझी, बैजू लोहरा, राजन यादव, संदीप कुमार, प्रकाश यादव, पारो देवी, सुभाष प्रजापति, रामप्रीत लोहरा सहित अन्य अध्यक्ष सचिव व सदस्य उपस्थित थे।

सड़क पर उड़ रही धूल से राहगीर परेशान, धूल फांकने को विवश

- संवेदक से सड़कों पर नहीं पटाया जा रहा है पानी

उड़ता धूलकण।

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। पानी टंकी से पाण्डेयपुरा होते हुए पतरातू जाने वाली मुख्य मार्ग में आवागमण करना अब आसान काम नहीं है। सड़क पर उड़ रही धूल से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। लोग पहले जर्जर सड़क और गड्ढे से परेशान थे। लेकिन अब उड़ती धूल का भी सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों पानीटंकी से पाण्डेयपुरा होते हुए पतरातू मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा था। लेकिन सड़क में मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। बता दे की सड़क का निर्माण कार्य स्वास्तिक एंटरप्राइजेज गढ़वा के द्वारा लोगों की सुविधा के लिए किया जा रहा है। लेकिन संवेदक की लापरवाही से गाड़ी चलते ही धूल का घना गुबार उड़ता हैं, जो राहगीरों के लिए जी का जंजाल बन गया है। क्षेत्र में दिनभर धूल और मिट्टी से स्कूल आने जाने वाले बच्चे, कर्मचारी, आम जनता, सड़क किनारे स्थित दुकान व घर के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण लोग खांसी, दमा के मरीज बन गए हैं। लेकिन स्वास्तिक इंटरप्राइजेज के संवेदक को कोई परवाह नहीं है उन्हें तो सिर्फ पैसे का बचत करना है। मार्ग पर धूल उड़ने से राहगीर परेशान हैं। लोगों की यात्रा में धूल बाधक बन रही है। उड़ती धूल राहगीर की आंखों में पड़ जा रही है। धूल के कारण लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। इतना सब देखकर भी संवेदक आंखें बंद कर सोए हुए हैं।

सड़क मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का चल रहा है कार्य

बता दे की सड़क मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा था। चौड़ीकरण कार्य में मिट्टी डालकर उसे जेसीबी मसीन से अच्छी तरह से प्लेन नहीं करने के कारण एवं पानी न डाले जाने से धूल उड़ रही है, लेकिन 15 दिन पूर्व ही संवेदक कार्य छोड़कर छुट्टी मनाने चले गए हैं। जिससे यात्रियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। राहगीरों को सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब बड़े वाहन गुजरते हैं। बड़े वाहनों के पीछे चल रहे लोगों को धूल से कुछ दिखाई नहीं देता है। इससे सामने से आने वाले लोग भी स्पष्ट नहीं दिखाई पड़ते। धूल के चलते लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया, साइकिल व पैदल चल रहे लोगों के लिए हो रही है परेशानी। इन लोगों की आंखों में धूल के कण चले जा रहे हैं, जिससे दिखाई देने में समस्या हो रही है। कुछ लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है। इसी रास्ते से स्कूली बच्चे भी आते जाते हैं।

महापर्व छठ पूजा को लेकर विभिन्न छठ घाटों पर चला सफाई अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

धुरकी। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर सगमा प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर धुरकी पुलिस तथा ग्रामीणों ने सफाई अभियान चलाया। मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन आपके साथ सदैव मौजूद रहेगी। महापर्व को शांति व्यवस्था कायम कर मनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि बीरबल सूर्य मंदिर के पास छठ घाट पर छठ व्रत धारी को किसी प्रकार दिक्कत ना हो इसके लिए बीरबल छठ घाट सहित प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर पुलिस बल की गस्ती रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि छठ व्रत धारी के लिए थाना परिसर में उनके लिए प्रसाद वितरण भी किया जाएगा, क्योंकि यह पर्व दान पुण्य तथा भिक्षा मांग कर मनाने की परंपरा है। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साह, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।